# CERAMIC ACADEMY

*Shaping the future...*

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## E-Book



According to
New Syllabus of
**RPSC 2026**

- Included Previous Year Question
- Latest & Updated Content

By **VIKAS GUPTA SIR**


CERAMIC ACADEMY
Opposite Health Point Hospital,
80 Feet Road, Mahesh Nagar,
Jaipur - 302019

+91 97005 - 77774
+91 97005 - 77778

CERAMIC ACADEMY
*Shaping the future....*

# RAS RESULT 2024




**#TRANSPARENT RESULT**

Dedication + Guidance + Smart Strategy = Success

## ★ OUR TOP RANKERS – OUR PROUD MOMENT ★

| Rank | Name | Course |
|---|---|---|
| 1 | DINESH BISHNOI | RAS MAINS COMBO COURSE |
| 2 | VIRENDRA CHARAN | RAS MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 8 | SHALLU | RAS MAINS COURSE (HINDI+ENGLISH) |
| 15 | ABHAY SINGH | RAS MAINS PUB.AD. & ETHICS |
| 22 | VIRENDRA GADHWAL | RAS MAINS COMBO COURSE |
| 23 | SAHDEV BIDADA | RAS MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 26 | AANCHAL NAGPAL | RAS PRE COMBO, MAINS ONLINE TEST SERIES |
| 32 | DIVYARAJ SINGH | RAS MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 41 | PRASHASTI SINGH | RAS MAINS ECONOMY |
| 44 | AMIT PARIHAR | RAS MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 49 | RAMAVATAR MUNDEL | LIBRARY PROGRAM MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 56 | ANJALI JOSHI | LIBRARY PROGRAM MAINS COMBO COURSE, MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 60 | RAJA RAM TETARWAL | RAS FOUNDATION BATCH |
| 65 | ARIMARDAN SINGH | RAS MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 73 | JAYESH | CURRENT AFFAIRS COURSE |
| 74 | MAHENDRA DAN | LIBRARY PROGRAM MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 76 | SIDDHARTH DHAKAD | RAS MAINS COMBO COURSE, RAS PRE COMBO BATCH, RAS MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 79 | NITESH GUPTA | LIBRARY PROGRAM MAINS OFFLINE TEST SERIES |
| 84 | SHYAM SUNDER MEENA | RAS MAINS COMBO COURSE, RAS MAINS ONLINE TEST SERIES, RAS PRE COMBO |
| 92 | RIYA SHARMA | RAS MAINS COMBO COURSE |

## OUR COURSES

- RAS FOUNDATION BATCH
- RAS MAINS COMBO COURSE
- RAS MAINS OFFLINE TEST SERIES
- RAS MAINS ECONOMY
- CURRENT AFFAIRS COURSE
- RAS PRE COMBO BATCH, MAINS ONLINE TEST SERIES
- LIBRARY PROGRAM MAINS OFFLINE TEST SERIES
- RAS MAINS COURSE (HINDI + ENGLISH)
- RAS MAINS PUB. AD. & ETHICS

RIGHT GUIDANCE
RIGHT STRATEGY
RIGHT RESULTS

EXPERT FACULTY | PROVEN STRATEGY | PERSONALIZED MENTORSHIP | REGULAR TEST SERIES | SMART STUDY MATERIAL


**CERAMIC ACADEMY**
Opposite Health Point Hospital,
80 Feet Road, Mahesh Nagar,
Jaipur - 302019

+91 97005 - 77774
+91 97005 - 77778
www.ceramicacademy.in


**ADMISSIONS OPEN**

*Prepare Smart, Achieve Success!*

# INDEX


1. नैनो प्रौद्योगिकी ....................................................1-8
2. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी....................................................9-41
3. रक्षा प्रौद्योगिकी ....................................................42-77
4. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) ....................................................78-96
5. जैव-प्रौद्योगिकी ....................................................97-113
6. राजस्थान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विकास ....................................................114-121
7. PIB Update ....................................................122-140
8. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में भारतीयों का योगदान ....................................................141-145


CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

**Scan QR Code**

**For New Updates in Science & Tech**

**Drive के साथ-साथ, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अपडेट App के फ्री PDF सेक्शन में मिलेंगे।**

# Syllabus

## RAS 2026

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- कम्प्यूटर्स; सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी।
- रक्षा एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी भारत के विशेष संदर्भ में।
- अनुवांशिक-अभियांत्रिकी; जैव प्रौद्योगिकी एवं नैनो-प्रौद्योगिकी।
- राजस्थान के विशेष संदर्भ में कृषि विज्ञान, उद्यान-विज्ञान, वानिकी एवं पशुपालन।
- राजस्थान तथा भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रमुख सरकारी कार्यक्रम एवं नीतियां।
- अभिनव वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी प्रगति; विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में भारतीयों का योगदान; विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का स्वदेशीकरण।

## PSI

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- कंप्यूटर, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी।
- उपग्रहों सहित अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी।
- रक्षा प्रौद्योगिकी।
- नैनोटेक्नोलॉजी।
- जैव-प्रौद्योगिकी और आनुवंशिक अभियांत्रिकी।
- कृषि, बागवानी, वानिकी और पशुपालन, विशेष रूप से राजस्थान के संदर्भ में।
- राजस्थान में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विकास।

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...

# 1 नैनो प्रौद्योगिकी

नैनो प्रौद्योगिकी विज्ञान की वह शाखा है जो पदार्थ के परमाणु या आणविक स्तर पर अध्ययन और उसके नियंत्रण/परिवर्तन से संबंधित है। "नैनो" शब्द ग्रीक भाषा के शब्द से लिया है जिसका अर्थ "बौना" होता है।

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

**1 — 1959**
- रिचर्ड फाइनमैन
- **शोध-पत्र :** "देयर इज़ प्लेंटी ऑफ़ रूम एट द बॉटम"

**2 — 1974**
- नोरियो तानिगुची ने "नैनो प्रौद्योगिकी" शब्द दिया (जापानी भाषा में)

**3 — 1985**
- फुलरीन की संरचना की खोज सर हेराल्ड, रिचर्ड ई स्मेली और रोबर्ट एफ कर्ल द्वारा की गयी। इन्हें इस खोज के लिए वर्ष 1996 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया

**4 — 1986**
- एरिक ड्रेक्सलर
- पुस्तक : "इंजिन्स ऑफ़ क्रिएशन"

**5 — 1981**
- स्कैनिंग टनलिंग माइक्रोस्कोप (STM) का आविष्कार गर्ड बिनिंग और हेनरिक रोहरर द्वारा किया गया।
- यह अविष्कार वैज्ञानिकों को परमाणु स्तर (~0.1 नैनोमीटर) पर वस्तुओं की त्रिआयामी छवियों को देखने में सक्षम बनता है।

**6 — 1986**
- भौतिकी का नोबेल पुरस्कार बिनिंग और रोहरर को STM के खोज हेतु प्रदान किया गया।

**7 — 1986**
- एटॉमिक फोर्स माइक्रोस्कोप (AFM) का विकास गर्ड बिनिंग, कैल्विन क्वेट और क्रिस्टोफ़ गर्बर द्वारा किया गया।

**8 — 1991**
- सुमियो इजीमा ने कार्बन नैनोट्यूब्स (CNT) की खोज की।

**नोट :- नैनो-प्रौद्योगिकी के जनक — रिचर्ड फाइनमैन**

भारतीय नैनो-प्रौद्योगिकी के जनक — सी. एन. आर. राव

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

## नैनो पैमाना :-

- **1 से 100 नैनोमीटर (1 nm – 100 nm) आकार के कण** *(अर्थात् $10^{-9}$ मीटर से $10^{-7}$ मीटर तक)*
- **आधुनिक वैज्ञानिक प्रयोग में 'नैनो' = $10^{-9}$ मीटर होता है।** *(RAS 2018)*

## नैनो कण :-

नैनो कण पर्यावरण में प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं।

**उदाहरण के लिए —**

• कीट और छिपकलियाँ अपने पैरों पर उपस्थित नैनो-संरचनाओं के कारण दीवारों से चिपक जाती हैं।

• तितलियों के पंख नैनो स्तर की सतही संरचनाओं के कारण चमकीले रंग दिखाते हैं।



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

◈ **नैनो कणों की विशेषताएँ :-**

**नैनो कणों के विशिष्ट गुण**

**घर्षण में कमी**
नैनो कण स्नेहकों (लुब्रिकेंट्स) और लेप (coating) में घर्षण तथा घिसाव को कम करते हैं।

**परिवर्तित चालकता**
नैनो स्तर पर पदार्थों के वैद्युतीय गुण बदल जाते हैं, जिससे चालकता में सुधार होता है।



**रंग में परिवर्तन**
क्वांटम प्रभावों के कारण नैनो कण विभिन्न रंग प्रदर्शित करते हैं।

**निम्न गलनांक**
नैनो कणों का गलनांक सामान्यतः कम होता है।

**अधिक अभिक्रियाशीलता**
उच्च पृष्ठीय क्षेत्रफल के कारण नैनो कण उत्प्रेरकों (कैटलिस्ट) में अत्यधिक अभिक्रियाशील होते हैं।

◈ **नैनो पदार्थ (Nanomaterials)**

✦ नैनो पदार्थ वे पदार्थ होते हैं जो नैनो कणों से बने होते हैं।
✦ सामान्यतः नैनो पदार्थ का कम से कम एक आयाम (लम्बाई, चौड़ाई या ऊँचाई)1 से 100 नैनोमीटर के बीच होता है।
✦ **नैनोमैटेरियल्स के दो प्रकार होते हैं:**

❍ **जैवअपघटनीय नैनोमैटेरियल्स (Biodegradable Nanomaterials):**
(i) **सिंथेटिक पॉलिमर (Synthetic Polymers):** PLA (पॉलीलैक्टिक एसिड), PLGA (पॉलीलैक्टिक-ग्लाइकोलिक एसिड), PCL (पॉलीकैप्रोलैक्टोन)
(ii) **प्राकृतिक पॉलिमर (Natural Polymers):** काइटोसान, एल्जिनेट और जिलेटिन
(iii) **लिपिड आधारित (Lipid Based):** लिपोसोम्स, ठोस लिपिड नैनोकण (Solid Lipid Nanoparticles)

❍ **अजैवअपघटनीय नैनोमैटेरियल्स (Non-Biodegradable Nanomaterials):**
(i) **धातु / धातु ऑक्साइड (Metal / Metal Oxide):** सोना, चाँदी, टाइटेनियम, जिंक, आयरन ऑक्साइड (चुंबकीय) नैनोकण
(ii) **कार्बन आधारित (Carbon-Based):** कार्बन नैनोट्यूब्स (CNTs)
(iii) **अकार्बनिक (Inorganic):** सिलिका नैनोकण

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

**नैनो पदार्थों के प्रकार**

**कोई नैनो आयाम नहीं (शून्य आयामी)** ⇓ | **1 नैनो आयाम (1 D)** ⇓ | **2 नैनो आयाम (2 D)** ⇓ | **3 नैनो आयाम (3 D)** ⇓




**रासायनिक पदार्थ** | क्वांटम वेल | क्वांटम वायर | **क्वांटम डॉट (अर्धचालक)**


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

| क्वांटम संरचना | आयाम | नैनो स्तर पर सीमांकन | आवेश वाहकों का मुक्त संचलन | उदाहरण |
|---|---|---|---|---|
| **क्वांटम वेल** | 2D | एक दिशा में सीमित | दो दिशाओं में संचलन | पतली अर्धचालक परतें |
| **क्वांटम वायर** | 1D | दो दिशाओं में सीमित | एक दिशा में संचलन | नैनोवायर, कार्बन नैनोट्यूब |
| **क्वांटम डॉट** | 0D | तीनों दिशाओं में सीमित | किसी भी दिशा में स्वतंत्र संचलन नहीं | अर्धचालक नैनो कण |

❖ **नैनो प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण:**

| टॉप–डाउन दृष्टिकोण | बॉटम–अप दृष्टिकोण |
|---|---|
| ✦ इसे भौतिक विधि (Physical Method) भी कहा जाता है।<br>✦ इसमें बड़े (बल्क) पदार्थों को तोड़कर नैनो स्तर तक लाया जाता है।<br>✦ सरल और लागू करने में आसान।<br>✦ परमाणु स्तर पर सीमित नियंत्रण प्रदान करता है।<br>✦ तुलनात्मक रूप से कम प्रभावी और कम सटीक होती है।<br>✦ इसका संबंध नोरियो तानिगुची से माना जाता है।<br>✦ **उदाहरण :** लिथोग्राफी, मैकेनिकल मिलिंग। | ✦ इसे आणविक विनिर्माण (Molecular Manufacturing) भी कहा जाता है।<br>✦ इसमें परमाणुओं या अणुओं को जोड़कर नैनो संरचनाएँ बनाई जाती हैं।<br>✦ तकनीकी रूप से जटिल प्रक्रिया।<br>✦ आकार और संरचना पर बेहतर नियंत्रण प्रदान करती है।<br>✦ टॉप–डाउन दृष्टिकोण की तुलना में अधिक प्रभावी एवं दक्ष होती है।<br>✦ इसका संबंध एरिक ड्रेक्सलर से माना जाता है।<br>✦ **उदाहरण:** रासायनिक संश्लेषण (Chemical Synthesis), स्व-संयोजन (Self-assembly)। |

## नैनो प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग एवं प्रमुख उत्पाद

◈ **नैनो यूरिया**
- ✦ **विकास :** इफ्को (IFFCO) द्वारा – (विश्व का पहला नैनो यूरिया।)
- ✦ **समझौता ज्ञापन (MoU) हस्ताक्षरित :** एनएफएल (नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड) एवं आरसीएफ (राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड) द्वारा इफ्को के साथ।
- ✦ **मुख्य विशेषताएँ:**
  - ❍ उच्च दक्षता वाला उर्वरक।
  - ❍ पौधों द्वारा पोषक तत्वों का बेहतर अवशोषण।
  - ❍ पारंपरिक यूरिया की तुलना में कम मात्रा की आवश्यकता।
  - ❍ पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव।
  - ❍ पारंपरिक यूरिया की तुलना में 50% सस्ता।

◈ **नैनो फ़िल्टर**
- ✦ **विकास :** आईआईटी मद्रास एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (BHU)।
- ✦ **उपयोग:** जल शोधन।
  - ❍ नैनो स्तर पर प्रदूषकों / अशुद्धियों का निष्कर्षण।

◈ **नैनो डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (DAP)**
- ✦ **विकासकर्ता :** इंडियन फार्मर्स फ़र्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO)।
- ✦ **निर्माण विधि:** तरल नैनो उर्वरक।
- ✦ पोषक तत्वों के अवशोषण एवं उपयोग दक्षता में वृद्धि करता है।
- ✦ 500 मि.ली. नैनो-DAP ≈ 50 किग्रा पारंपरिक DAP के।

◈ **ग्रेफीन**
- ✦ **प्रकार:** द्वि-आयामी (2D) नैनो पदार्थ।
- ✦ **संरचना:** षट्कोणीय जालक (Hexagonal Lattice)।
  - ❍ कार्बन का क्रिस्टलीय अपररूप।
  - ❍ इसे 'चमत्कारी पदार्थ (Miracle Material)' भी कहा जाता है।
- ✦ **मुख्य विशेषताएँ**
  - ❍ अत्यंत मजबूत: स्टील से लगभग 200 गुना अधिक मजबूत।
  - ❍ उत्कृष्ट विद्युत एवं ऊष्मीय चालकता।
  - ❍ हल्का, लचीला एवं पारदर्शी

◈ **ग्रेफाइट**
- ✦ **प्रकार:** त्रि-आयामी (3D) पदार्थ।
- ✦ **संरचना:** ग्रेफीन की परतों के क्रमबद्ध जमाव से निर्मित।

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

- ✦ **उपयोग:**
  - ❍ सोलर सेल (Solar cells) में
  - ❍ उच्च गति एवं उच्च क्षमता वाली बैटरियों में
  - ❍ लचीले एवं मोड़ने योग्य इलेक्ट्रॉनिक्स (Foldable Smartphone)
  - ❍ सेंसर एवं माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स

**नोट :-** इंडियन फार्मर्स फ़र्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO) को नैनो जिंक एवं नैनो कॉपर तरल उर्वरकों के लिए उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 (FCO) के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुई है।

◈ **कार्बन नैनोट्यूब्स (CNT) एवं बोरॉन नाइट्राइड नैनोट्यूब्स (BNNT) के बीच तुलना**

| पहलू | कार्बन नैनोट्यूब्स (CNT) | बोरॉन नाइट्राइड नैनोट्यूब्स (BNNT) |
|---|---|---|
| **मूल संघटन** | कार्बन | बोरॉन + नाइट्रोजन |
| **संरचना** | रोल्ड (rolled) ग्रेफीन शीट्स (लम्बाई व व्यास का अनुपात – 13.2 Cr.: 1) | BN षट्कोणीय जालक |
| **वैद्युतीय गुण** | चालक / अर्धचालक | विद्युत कुचालक |
| **ऊष्मीय चालकता** | अत्यंत उच्च | उच्च |
| **ऊष्मीय स्थिरता** | लगभग 400°C तक | लगभग 500°C तक |
| **यांत्रिक सामर्थ्य** | स्टील से लगभग 100 गुना अधिक मजबूत | अत्यंत उच्च |
| **भार** | बहुत हल्का (स्टील से ≈6 गुना हल्का) | हल्का |
| **जैव-संगतता (Bio - Compatibility)** | जैव-संगत नहीं | जैव-संगत |
| **जैव-चिकित्सीय उपयोग** | औषधि वितरण (Drug Delivery), जैव-रासायनिक सेंसर | जैव-चिकित्सीय प्रत्यारोपण, थर्मल प्रबंधन प्रणालियाँ (TMS) |

**(UPSC -2020)**

◈ **कार्बन क्वांटम डॉट्स (CQDs)–**

- ✦ **परिभाषा: कार्बन आधारित शून्य-आयामी (0D) नैनो पदार्थ, जिनका आकार सामान्यत: 10 नैनोमीटर से कम होता है।**
- ✦ **खोज : वर्ष 1993 में MIT के वैज्ञानिकों द्वारा खोजा गया प्रथम कृत्रिम सिंथेसिस।**
- ✦ **मुख्य गुण:**
  - ❍ उच्च रासायनिक स्थिरता।
  - ❍ प्रबल फ्लोरेसेंस (प्रदीप्ति)।
  - ❍ हैवी मेटल क्वांटम डॉट्स की तुलना में कम विषाक्तता।
- ✦ **उपयोग / अनुप्रयोग:**
  - ❍ सोलर सेल में (प्रकाश अवशोषण में वृद्धि हेतु)।
  - ❍ औषधि वितरण प्रणालियाँ में।
  - ❍ कैंसर उपचार (जैव-इमेजिंग एवं थेराप्युटिक वितरण)।
  - ❍ जलीय प्रदूषकों की पहचान।

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

◈ **बकमिन्स्टर फुलरीन ($C_{60}$)**




- ✦ **प्रकृति: कार्बन का क्रिस्टलीय अपररूप।**
  - ❍ फुलरीन परिवार से संबंधित (सामान्यत: $C_{60-70}$)
- ✦ **खोज: वर्ष 1985 में RICE विश्वविद्यालय (USA) में की गई।**
  - ❍ इस खोज के लिए 1996 में रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया
- ✦ **संरचना: गोलाकार, पिंजरे जैसी संरचना।**
  - ❍ **पंचकोणीय एवं षट्कोणीय वलयों से निर्मित।**
  - ❍ इसे 'बकीबॉल' (Buckyball) भी कहा जाता है।
- **मुख्य गुण: अत्यंत निम्न ताप पर अतिचालक (Superconducting) व्यवहार प्रदर्शित करता है। (डोप किए जाने पर)**
  - उच्च सममिति (Symmetry) एवं स्थिरता।
- **उपयोग / अनुप्रयोग:**
  - प्राकृतिक गैसों के शोधन में।
  - ❍ हल्की बैटरियों में।
  - आधुनिक उन्नत पदार्थ एवं नैनोप्रौद्योगिकी अनुसंधान में।



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]

GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## नैनो प्रौद्योगिकी की पीढ़ियाँ

| पीढ़ी | वर्ष | प्रकार | मुख्य विशेषताएँ | दृष्टिकोण | उदाहरण |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम पीढ़ी (Ist Gen) | 2000 | निष्क्रिय नैनो संरचनाएँ | निश्चित गुण: सतही विशेषताओं में सुधार करना। | मुख्यतः टॉप-डाउन | जल-विकर्षण कपड़े (लोटस इफ़ेक्ट), एन्टी -स्क्रैच कोटिंग |
| द्वितीय पीढ़ी (IInd Gen) | 2005 | सक्रिय नैनो संरचनाएँ | बाह्य उद्दीपनों (pH, ताप, प्रकाश) के प्रति प्रतिक्रिया देना। | टॉप-डाउन +बॉटम-अप | लक्षित औषधि वितरण, नैनो सेंसर |
| तृतीय पीढ़ी (IIIrd Gen) | 2010 | एकीकृत नैनो प्रणालियाँ | अनेक नैनो घटकों का एक प्रणाली में एकीकरण। | मुख्यतः बॉटम-अप | लैब-ऑन-ए-चिप, नैनोइलेक्ट्रॉनिक सर्किट |
| चतुर्थ पीढ़ी (IVth Gen) | 2015 से लगातार | आणविक नैनो प्रणालियाँ | आणविक स्तर पर स्व-संयोजन; जैव-प्रेरित प्रणालियाँ | शुद्ध बॉटम-अप | आणविक मशीनें, कृत्रिम कोशिकाएँ, नैनोरोबोट (उभरती हुई तकनीकें) |

## भारत में नैनो प्रौद्योगिकी का विकास

- **नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पहल (NSTI)**
  - **प्रारंभ वर्ष:** 2001
  - **नोडल मंत्रालय:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
  - **नोडल विभाग :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST)
  - **उद्देश्य:** नैनो विज्ञान एवं नैनो प्रौद्योगिकी में एक सशक्त वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार निर्मित करना।
  - **महत्त्व:** भारत में राष्ट्रीय स्तर पर नैनो विज्ञान के क्षेत्र में पहला संगठित प्रयास।
    - इसी ने नैनो मिशन (2007) की आधारशिला रखी।
- **नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मिशन (NSTM) / नैनो मिशन**
  - **नोडल विभाग :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST)
  - **कार्यान्वन संस्था:** नैनो मिशन परिषद (NMC) (अध्यक्ष: प्रो. सी. एन. आर. राव)
  - **बजट :** लगभग ₹650 करोड़
  - **चरण:**
    - **चरण I:** 2007–2012
    - **चरण II:** 2012 से आगे (अनुवादात्मक अनुसंधान एवं अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु विस्तार)
- **नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स नवाचार परिषद (NEIC)**
  - नैनो-इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान, विनिर्माण एवं पारितंत्र विकास को बढ़ावा देने हेतु इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा स्थापित।
- **ICONSAT 2020 (नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन)**
  - **आयोजक:** एस. एन. बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज़, कोलकाता
  - **मुख्य फोकस क्षेत्र:** नैनो पदार्थों पर उन्नत अनुसंधान, क्वांटम एवं ऊर्जा पदार्थ, कृषि में नैनो प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग।
- **नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (INST), मोहाली** — यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) का एक स्वायत्त संस्थान है, जिसकी स्थापना दिसंबर 2023 में नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मिशन (NSTM) के अंतर्गत भारत में नैनो अनुसंधान को प्रोत्साहित करने हेतु की गई।
- **नैनो उर्वरक संयंत्र (NFP)** — IFFCO द्वारा फूलपुर, प्रयागराज में स्थापित किया गया है।

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## नैनो प्रौद्योगिकी के विकास में भारत की यात्रा

- **2001** – नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पहल (NSTI) का शुभारंभ
- **2007** – नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मिशन (NSTM) की स्थापना
- **2007-2012** – NSTM Phase I
- **2012 onwards** – NSTM Phase II
- **2020** – ICONSAT 2020
- **December 2023** – नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (INST) की स्थापना

❖ **अवसंरचना एवं क्षमता निर्माण (Infrastructure & Capacity Building)**

- **उत्कृष्टता केंद्र (Centres of Excellence – CoEs):** 14 संस्थानों में कुल 19 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित
  - 11 नैनो विज्ञान में
  - 7 नैनोप्रौद्योगिकी में
  - 1 पदार्थ विज्ञान में
- **नैनो-इलेक्ट्रॉनिक्स में उत्कृष्टता केंद्र:**
  - आईआईटी बॉम्बे
  - IISc बेंगलुरु
- **नैनो सिटी परियोजना:** पंचकुला (हरियाणा) में प्रस्तावित, जिसका उद्देश्य नैनोप्रौद्योगिकी हब (R&D, Industrial Linkage हेतु ) विकसित करना है।
- **अनुसंधान एवं आउटपुट :** भारत नैनो अनुसंधान पत्र प्रकाशनों में शीर्ष तीन देशों में शामिल (चीन > अमेरिका > भारत)

❖ **भारत में हालिया नवाचार (Recent Innovations in India)**

- **सी. एन. आर. राव**
  - भारतीय नैनोप्रौद्योगिकी के जनक" के रूप में प्रसिद्ध।
  - **प्रमुख योगदान —**
    - अकार्बनिक नैनोट्यूब्स में
    - कार्बन नैनोट्यूब्स में
    - नैनोकेमिस्ट्री
- **जल शोधन**
  - **कार्बन नैनोट्यूब फ़िल्टर (BHU):**
    - माइक्रो से नैनो स्तर तक के दूषित पदार्थों को हटाते हैं।
    - पोलियो वायरस एवं ई. कोलाई को फ़िल्टर करना।
    - मजबूत, पुन: उपयोग योग्य एवं ऊष्मा-प्रतिरोधी।
  - **नैनो बबल प्रौद्योगिकी:** अति-सूक्ष्म बुलबुलों का उपयोग कर उन्नत जल उपचार
    - **प्रमुख पर्यावरणीय लाभ:** प्रदूषकों एवं अशुद्धियों का निष्कासन
      - ✓ घुलित ऑक्सीजन (DO) स्तर में वृद्धि
      - ✓ फाइटोप्लैंकटन / शैवाल प्रस्फूटन के नियंत्रण एवं निष्कासन में सहायक
- **स्वास्थ्य क्षेत्र**
  - **डीआरडीई, ग्वालियर:**
    - नैनो आधारित रैपिड टाइफॉइड पहचान किट
    - 1–3 मिनट में *Salmonella typhi* (टाइफाइड बुखार का कारक बैक्टीरिया) का पता लगाती है।
- **ऊर्जा उत्पादन**
  - **IISc बेंगलुरु:**
    - कार्बन नैनोट्यूब में तरल का प्रवाह विद्युत उत्पादन करता है।
    - अनुप्रयोग: स्व-चालित हृदय पेसमेकर
    - बैटरियों पर निर्भरता कम करता है।

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

- ✦ **औषधि वितरण (Drug Delivery)**
  - ❍ **दिल्ली विश्वविद्यालय:**
    - नैनो कण आधारित औषधि वितरण प्रणाली
    - नॉन-स्टेरॉयडल औषधियों का सम्पुटीकरण या कैप्सुलीकरण (Encapsulation)
    - दुष्प्रभाव घटने के साथ प्रभाव शीलता बढ़ाती है।

◈ **INST की प्रमुख उपलब्धियाँ (नैनो-चिकित्सा / सतत नैनो प्रौद्योगिकी)**

- ✦ **पार्किंसन रोग हेतु लक्षित नैनो-फॉर्मुलेशन**
  - ❍ मस्तिष्क तक 17β-एस्ट्राडियोल (hormone) की निरंतर आपूर्ति के लिए एक नैनो-फॉर्मूलेशन विकसित किया गया है।
  - ❍ यह न्यूरॉन्स (मस्तिष्क की कोशिकाओं) की रक्षा करता है और पार्किंसंस मॉडल में 'माइटोकॉन्ड्रियल क्षति' को कम करता है।
  - ❍ DST की आधिकारिक रिपोर्ट: यह नया नैनो फॉर्मूलेशन पार्किंसंस के रोगियों के लिए अधिक सुरक्षित उपचार लाने में मदद कर सकता है।
- ✦ **कैंसर फोटोथर्मल थैरेपी हेतु नैनो-कप्स**
  - ❍ वैज्ञानिकों ने PEGylated "नैनो-कप्स" बनाने की एक सरल (एक-चरणीय) विधि विकसित की है। ये नैनो-कप्स 'निकट-अवरक्त प्रकाश' (near-infrared light) को हीट में बदल देते हैं, जिससे ट्यूमर को लक्षित करके नष्ट किया जा सकता है।
  - ❍ DST की आधिकारिक रिपोर्ट: एक सरलीकृत विधि जिससे ऐसे नैनो कप बनाए जा सकते हैं जो कैंसर को हीट से जलाकर नष्ट कर सकते हैं।
- ✦ **रूमेटॉइड आर्थराइटिस हेतु स्मार्ट औषधि प्रणाली**
  - ❍ जोड़ों के दर्द (गठिया) के लिए 'स्मार्ट ड्रग डिलीवरी सिस्टम' विकसित किया गया है। इसमें प्रतिक्रियाशील 'माइक्रोस्फेयर्स' (responsive microspheres) का उपयोग किया जाता है, जो केवल सूजन वाले जोड़ों के अंदर जाकर दवा छोड़ते हैं।

---

## PYQ

**1. नैनो प्रौद्योगिकी (Nanotechnology) में किस आकार की संरचनाओं का अध्ययन किया जाता है ? (LDC 2011)**

(a) 100 nm या छोटी (b) 100 से 1000 M
(c) 100 से 10,000 M (d) 1000 से 10,000 M

**2. नैनो तकनीक के निम्न उत्पादों/उदाहरणों को नैनो तकनीक की चार पीढ़ियों के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए [I → IV] एवं दिए गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए: (Ras Pre 2016)**

A. एयरोसोल B. 3-डी नेटवर्किंग
C. आणविक विनिर्माण D. लक्षित दवाएं

**कूट :**

(a) A, B, C, D (b) D, A, B, C
(c) A, D, B, C (d) D, A, C, B

**3. एक कण जिसकी कम से कम एक विमा $10^{-7}$ मीटर से कम हो, कहलाता है (Ras Pre 2018)**

(a) माइक्रो पार्टिकल (b) मिली पार्टिकल
(c) नैनो पार्टिकल (d) मैक्रो पार्टिकल

**4. उपसर्ग 'नैनो' किस शब्द से आया है? (SI - 2016)**

(a) फ्रेंच शब्द जिसका अर्थ है अरब
(b) लैटिन शब्द जिसका अर्थ है अदृश्य
(c) यूनानी शब्द जिसका अर्थ है बौना
(d) स्पेनिश शब्द जिसका अर्थ है कण

**5. एक नैनोमीटर बराबर होता है (Protection Officer-2018)**

(a) $10^{-10}$ मीटर के (b) $10^{-9}$ मीटर के
(c) $10^{-8}$ मीटर के (d) $10^{-7}$ मीटर के

**6. नैनो-टेक्नोलॉजी का जनक किसे कहा जाता है ? (Sub Inspector 2021)**

(a) निकोला टेस्ला (b) रिचर्ड फेमैन
(c) लिनस पॉलिंग (d) आर्थर वैनबर्ग

**7. शब्द 'नैनो-टेक्नोलॉजी' का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ? (Sub Inspector 2021)**

(a) नोरियो तानिगुची (b) शिन्या यामानाका
(c) योशिनोरी ओहसुमी (d) हिरोशी किमुरा

**8. क्वांटम डॉट है – (Ras Pre 2021)**

(a) 1 नैनोमीटर से छोटे नैनो संरचनाओं का इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी प्रतिबिंब
(b) रेडियो एंटीना का नैनोस्तरीय अनुरूप
(c) एक काल्पनिक नैनोरोबोट
(d) अर्धचालक नैनो संरचना


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

**9. यदि किसी पदार्थ की एक विमा को नैनो रेंज तक घटा दिया गया हो जबकि अन्य दो विमाएँ वही बनी रहती हैं, तो प्राप्त संरचना कहलाती है (Ras Pre 2023)**

(a) क्वांटम स्टेप (b) क्वांटम वेल
(c) क्वांटम डॉट (d) क्वांटम वायर

**10. आईसीएआर-सीआईआरसीओटी, मुंबई द्वारा विकसित भारत का पहला नैनो-सेलुलोज संयंत्र संबंधित है : (Ras Pre 2024)**

(a) कपास से (b) जूट से
(c) बाँस से (d) चावल से

**11. निम्नलिखित में से किस कार्बन नैनो क्लस्टर की कक्ष ताप के निकट तापीय चालकता उच्चतम होती है ? (Asst. Engineer (Pre) - 2024)**

(a) ग्राफीन (b) ग्रेफाइट
(c) कार्बन नैनो ट्यूब्स (d) हीरा

**12. जैवनिम्नीकरणीय नैनोपदार्थों के सही युग्म की पहचान कीजिए। (Sub Inspector (Telecom) 2024)**

(a) पॉलीलैक्टाइड तथा सिरेमिक (स्टैंडर्ड)
(b) पॉलीलैक्टिक-को-ग्लाइकोलिक एसिड तथा काइटोसैन
(c) एल्जिनेट तथा सेलेनियम
(d) जिलेटिन तथा सोना

**13. कार्बन नैनोट्यूब के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें: [UPSC (PRE)-2020]**

1. इन्हें मानव शरीर में दवाओं और एंटीजन के वाहक के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
2. इन्हें कृत्रिम रक्त केशिकाओं में मानव शरीर के घायल हिस्से के लिए बनाया जा सकता है।
3. इन्हें बायोकेमिकल सेंसर में इस्तेमाल किया जा सकता है।
4. कार्बन नैनोट्यूब बायोडिग्रेडेबल होते हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**14. स्वास्थ्य क्षेत्र में नैनोप्रौद्योगिकी के उपयोग के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं? [UPSC (PRE)-2015]**

**(i)** लक्षित दवा वितरण नैनोप्रौद्योगिकी से संभव हुआ है।
**(ii)** नैनोप्रौद्योगिकी जीन थेरेपी में बड़ा योगदान दे सकती है।

**नीचे दिए गए विकल्प का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

(a) केवल (i) (b) केवल (ii)
(c) (i) और (ii) दोनों (d) न तो (i) और न ही (ii)

**15. ग्रेफीन हाल ही में खबरों में रहा है। इसका क्या महत्व है? [UPSC (PRE) -2012]**

(i) यह एक दो-आयामी पदार्थ है और इसमें अच्छी विद्युत चालकता होती है।
(ii) यह अब तक परीक्षण की गई सबसे पतली, लेकिन सबसे मजबूत पदार्थ में से एक है।
(iii) यह पूरी तरह से सिलिकॉन से बना है और इसमें उच्च प्रकाशीय पारदर्शिता (Optical Transparency)है।
(iv) इसे टच स्क्रीन LCD और ऑर्गेनिक LED के लिए आवश्यक 'चालक इलेक्ट्रोड' के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन से सही हैं?**

(a) (i) और (ii) (b) (iii) और (iv)
(c) (i), (ii) और (iv) (d) (i), (ii), (iii) और (iv)

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

**Answer Key**

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 2 | c | 3 | c | 4 | c | 5 | b | 6 | b | 7 | a | 8 | d | 9 | b | 10 | a |
| 11 | a | 12 | b | 13 | a | 14 | b | 15 | c | | | | | | | | | | |



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

# NOTES

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

# 2 अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

## भारत में अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा का संस्थागत विकास




## प्रौद्योगिकीय विकास

- **1975 ईस्वी** → ‘आर्यभट्ट’ → यूएसएसआर की सहायता से भारत का पहला उपग्रह
- **1980 ईस्वी** → 'रोहिणी' → पहला स्वदेशी उपग्रह
- **1982 ईस्वी** → 'INSAT-1A' → नासा की सहायता से संचार उपग्रह — असफल
- **1983 ईस्वी** → 'INSAT-1B → सफल परीक्षण
- **1984 ईस्वी** → Rakesh Sharma → यूएसएसआर की सहायता से अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय
- **1987 ईस्वी** → ASLV
- **1994 ईस्वी** → PSLV
- **वर्ष 2001** → GSLV
- **वर्ष 2008** → चंद्रयान-1
- **वर्ष 2013** → NAVIC
- **वर्ष 2014** → क्रायोजेनिक
- **वर्ष 2016** → RLV-TD
- **वर्ष 2017** → एक साथ 104 उपग्रह
- **वर्ष 2019** → चंद्रयान-2 (ऑर्बिटर सफल)
- **वर्ष 2023** → SSLV, 23 अगस्त — चंद्रयान-3, आदित्य L-1
- **वर्ष 2026** → गगनयान के 4 मिशन
- **वर्ष 2027** → चंद्रयान-4
- **वर्ष 2028** → भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (BAS) (मॉड्यूल-1); शुक्र परिक्रमा मिशन (VOM)
- **वर्ष 2035** → BAS — पूर्ण विन्यास
- **वर्ष 2040** → भारत का मानवयुक्त चंद्र मिशन

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

❖ **संगठनात्मक संरचना :-**

- **प्रधानमंत्री**
  - **अंतरिक्ष आयोग**
  - **अंतरिक्ष विभाग (DoS)**
    - **स्वायत्त निकाय**
      - PRL
        - भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (PRL) — अहमदाबाद
        - **दो क्षेत्रीय केंद्र**
          - ✦ सौर वेधशाला — फतेह सागर झील
          - ✦ अवरक्त वेधशाला — माउंट आबू
      - NARL
        - राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला — गडंकी, तिरुपति (आंध्र प्रदेश)
      - NE-SAC
        - उत्तर-पूर्वी अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र — उमियम, शिलांग (मेघालय)
        - DoS और उत्तर-पूर्वी परिषद् (NEC) की संयुक्त पहल
      - IIST
        - भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान — वलियमला, तिरुवनंतपुरम (केरल)
        - 2007 में स्थापित एशिया का पहला अंतरिक्ष विश्वविद्यालय; ISRO को मानव संसाधन प्रदान करता है
    - **ISRO**
      - ISRO परिषद्
      - VSSC
      - LPSC
      - SDSC
      - URSC
      - SAC
      - NRSC
      - HSFC
      - IPRC
      - IISU
      - ISTRAC
      - MCF
      - LEOS
      - IIRS
    - **IN SPACe**
      - [भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र]
      - 2020 में स्थापित
      - H.Q. – अहमदाबाद
      - मध्यस्थता (ISRO और गैर-सरकारी इकाइयों (NGEs) के बीच संपर्क सेतु)
      - प्राधिकरण
      - एकल-खिड़की प्रकोष्ठ
    - **CPSEs**
      - ANTRIX
        - **बेंगलुरु**
        - ISRO की वाणिज्यिक और विपणन शाखा
        - **विदेशी सरकारों** के साथ लेन-देन
      - NSIL
        - न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड — बेंगलुरु
        - अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की क्षमता निर्माण
        - घरेलू निजी उद्योग के साथ लेन-देन

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) —

- **ISRO:** भारत की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी – अंतरिक्ष विभाग (DoS), भारत सरकार के अधीन।
- **मुख्यालय:** बेंगलुरु।
- राष्ट्रीय विकास और वैश्विक हित के लिए अंतरिक्ष के उपयोग हेतु विज्ञान, अभियांत्रिकी (Engineering) तथा प्रौद्योगिकी में संलग्न।
- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**
  - **INCOSPAR** (अंतरिक्ष अनुसंधान हेतु भारतीय राष्ट्रीय समिति) — 1962 में भारत सरकार द्वारा डॉ. विक्रम साराभाई के नेतृत्व में स्थापित।
  - **ISRO** का गठन 15 अगस्त 1969 को किया गया, जिसने INCOSPAR का स्थान लिया।
  - भारत सरकार ने जून 1972 में अंतरिक्ष आयोग का गठन किया तथा अंतरिक्ष विभाग (DoS) की स्थापना की और सितंबर 1972 में ISRO को अंतरिक्ष विभाग (DoS) के अधीन किया।
- **ISRO के अध्यक्ष**

| क्रम | ISRO के अध्यक्ष | कार्यकाल |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. विक्रम ए. साराभाई (प्रथम अध्यक्ष) | (1969–1971) |
| 2. | प्रो. एम. जी. के. मेनन | (Jan–Sept 1972) |
| 3. | प्रो. सतीश धवन (सबसे लंबा कार्यकाल) | (1972–1984) |
| 4. | प्रो. यू. आर. राव | (1984–1994) |
| 5. | डॉ. के. कस्तूरीरंगन | (1994–2003) |
| 6. | डॉ. जी. माधवन नायर | (2003–2009) |
| 7. | डॉ. के. राधाकृष्णन | (2009–2015) |
| 8. | श्री ए. एस. किरण कुमार | (2015–2018) |
| 9. | डॉ. के. सिवन | (2018–2022) |
| 10. | डॉ. एस. सोमनाथ | (2022–2025) |
| 11. | डॉ. वी. नारायणन (11वें अध्यक्ष) | (2025–वर्तमान) |

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

## ISRO के अंतर्गत कार्यरत संस्थान

| क्रम | संस्थान / केंद्र | स्थापना वर्ष | मुख्यालय / स्थान | मुख्य कार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **अंतरिक्ष विभाग एवं ISRO मुख्यालय** | जून 1972 (DoS) / अगस्त 1969 (ISRO) | बेंगलुरु | • भारत की अंतरिक्ष नीति एवं कार्यक्रमों का शीर्ष निकाय |
| 2 | **मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (HSFC)** | 30 जनवरी 2019 | बेंगलुरु | • संस्थापक निदेशक — डॉ. एस. उन्नीकृष्णन नायर; गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन का कार्यान्वयन |
| 3 | **भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (IIRS)** | 1966 | देहरादून | • सुदूर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) में प्रशिक्षण व शिक्षा; एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा केंद्र (CSSTE-AP) को सहायता |


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

| क्रम | संस्थान / केंद्र | स्थापना वर्ष | मुख्यालय / स्थान | मुख्य कार्य |
|---|---|---|---|---|
| 4 | **ISRO इनर्शियल सिस्टम्स यूनिट (IISU)** | 1976 | तिरुवनंतपुरम | • प्रक्षेपण यानों हेतु जड़त्वीय नौवहन एवं संवेदक प्रणाली |
| 5 | **ISRO प्रणोदन परिसर (IPRC)** | पूर्व में LPSC; 01 फरवरी 2014 से IPRC | महेंद्रगिरि, तमिलनाडु | • द्रव एवं क्रायोजेनिक इंजनों का परीक्षण एवं एकीकरण |
| 6 | **ISRO टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (ISTRAC)** | 1971 | बेंगलुरु | • उपग्रह ट्रैकिंग, टेलीमेट्री एवं मिशन संचालन |
| 7 | **इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स प्रणालियों की प्रयोगशाला (LEOS)** | 1975 | पीन्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलुरु (यहीं पहला भारतीय उपग्रह निर्मित हुआ) | • सभी अभियानों हेतु अभिविन्यास संवेदक एवं सुदूर संवेदन तथा मौसम विज्ञान पेलोड के लिए ऑप्टिकल प्रणालियाँ |
| 8 | **द्रव प्रणोदन प्रणालियाँ केंद्र (LPSC)** | 1985 | तिरुवनंतपुरम | • द्रव एवं क्रायोजेनिक प्रणोदन प्रणालियों का डिज़ाइन<br>• दो परिसर: LPSC, वलियमला, तिरुवनंतपुरम एवं LPSC, बेंगलुरु, कर्नाटक |
| 9 | **मास्टर कंट्रोल सुविधा (MCF)** | 1984 | हासन, कर्नाटक | • द्वितीयक केंद्र: भोपाल, मध्य प्रदेश;<br>GEO संचार उपग्रहों का नियंत्रण |
| 10 | **राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (NRSC)** | 1974 | हैदराबाद | • सुदूर संवेदन डेटा का अधिग्रहण एवं प्रसार |
| 11 | **सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC-SHAR)** | 1971 | श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश | • भारत का अंतरिक्ष बंदरगाह एवं प्रक्षेपण अवसंरचना;<br>दो लॉन्च पैड स्थित |
| 12 | **अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC)** | 1972 | अहमदाबाद | • संचार एवं पृथ्वी अवलोकन (EO) हेतु पेलोड एवं अनुप्रयोग |
| 13 | **यू. आर. राव उपग्रह केंद्र (URSC)** | 1972 | बेंगलुरु | • पूर्व में ISAC; सभी ISRO उपग्रहों का डिज़ाइन एवं विकास |
| 14 | **विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC)** | 1963 | तिरुवनंतपुरम | • प्रक्षेपण यान डिज़ाइन एवं रॉकेट प्रौद्योगिकी |

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

# ISRO & It's technical ecosystem ~ Across the country






CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## ❖ ISRO द्वारा सम्पन्न मिशन —

- सम्पन्न अंतरिक्ष मिशन (3 नैनो उपग्रह एवं 1 माइक्रो उपग्रह सहित): 133
- निजी कंपनियों या छात्रों द्वारा प्रक्षेपित उपग्रह: 18
- ISRO द्वारा प्रक्षेपित विदेशी उपग्रह (34 देशों के): 434
- प्रक्षेपण मिशन: 104
- पुनःप्रवेश मिशन एवं POEMS: 9
- गगनयान : 1
- ISRO द्वारा सुगम बनाए गए प्रक्षेपण मिशन: 2
  - **मिशन प्रारम्भ** — 18 नवम्बर 2022 को विक्रम-एस का उपकक्षीय प्रक्षेपण
    - भारत में किसी निजी कंपनी द्वारा निर्मित पहला प्रक्षेपण यान।
    - एक-चरणीय ठोस-ईंधन रॉकेट, जिसमें तीन पेलोड थे।
  - **अग्निबाण SOrTeD मिशन** —
    - 30 मई 2024 को ISRO ने अग्निबाण SOrTeD को व्यापक सहायता प्रदान की।
    - अग्निकुल कॉस्मोस द्वारा उपकक्षीय मिशन।
    - अग्निबाण- SOrTeD को भारत के पहले निजी लॉन्च पैड "धनुष" से प्रक्षेपित किया गया, जिसकी स्थापना अग्निकुल कॉस्मोस ने की।
    - भारत का पहला सेमी-क्रायोजेनिक इंजन चालित रॉकेट प्रक्षेपण।

## ❖ अंतरिक्ष अन्वेषण का वैश्विक इतिहास —

- **शीत युद्ध काल (1945–1991): अमेरिका और USSR** के बीच तीव्र अंतरिक्ष प्रतिस्पर्धा।

**अक्टूबर 1957**
स्पुतनिक-I — USSR
पहला मानव निर्मित उपग्रह

→ **नवम्बर 1957**
स्पुतनिक-II — USSR
लाइका को ले गया

→ **अप्रैल 1961**
वोस्तोक-I — USSR
यूरी गागरिन (अंतरिक्ष में पहला मानव)

→ **1961 ईस्वी**
अपोलो कार्यक्रम — NASA द्वारा

→ **1969 ईस्वी**
अपोलो-11 — USA द्वारा
बज़ एल्ड्रिन एवं नील आर्मस्ट्रॉन्ग चंद्रमा पर

→ **2001**
डेनिस टीटो
प्रथम अंतरिक्ष पर्यटक

→ **2024**
गोपीचंद थोटाकुरा
भारत से पहले अंतरिक्ष पर्यटक

→ **✦ पोलारिस डॉन मिशन**
पहला गैर-पेशेवर अंतरिक्ष पर्यटक
फाल्कन-9 रॉकेट — जैरेड इसाकमैन

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

**अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी**

- कक्षाएँ
- प्रक्षेपण यान
- ईंधन / प्रणोदक
- उपग्रह
  - सुदूर संवेदन उपग्रह
  - संचार उपग्रह
  - नेविगेशन उपग्रह
  - अंतरिक्ष अनुसंधान उपग्रह



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## उपग्रह की कक्षाएँ

| कक्षा सीमा | निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) | मध्यम पृथ्वी कक्षा (MEO) | भू-समकालिक कक्षा (GSO) |
|---|---|---|---|
| दूरी सीमा | 160 किमी – 2000 किमी | 2000 किमी – 35786 किमी (आम तौर पर 20200 किमी — ऊँचाई का उपयोग) | 35786 किमी |
| उपग्रह की परिक्रमण अवधि | 90–128 मिनट | 2–24 घंटे | • उपग्रह की घूर्णन अवधि पृथ्वी की घूर्णन अवधि के बराबर होती है<br>• 23 घंटे 56 मिनट 4 सेकंड<br>• कक्षा सामान्यतः झुकी हुई एवं दीर्घवृत्तीय होती है जिससे उत्तर/दक्षिण बहाव (Drift) होता है |
| सापेक्ष गति | पृथ्वी के सापेक्ष बहुत तेज़ गति | मध्यम सापेक्ष गति | • यह पृथ्वी के किसी एक बिंदु के ऊपर स्थिर नहीं रहता। |
| प्रमुख उपयोग | • सुदूर संवेदन उपग्रह<br>• अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन — 400 किमी | नेविगेशन उपग्रह<br>GPS<br>GLONASS<br>GALILEO | • संचार एवं प्रसारण उपग्रह |

| कक्षा प्रकार | संबद्ध कक्षा | प्रमुख विशेषताएँ | उपयोग |
|---|---|---|---|
| ध्रुवीय कक्षा | LEO | कक्षा पृथ्वी के ध्रुवीय अक्ष के समानांतर | संपूर्ण पृथ्वी कवरेज |
| सूर्य-समकालिक कक्षा (SSO) | LEO | सूर्य के सापेक्ष स्थिर झुकाव; समान स्थानीय सौर समय | सुदूर संवेदन |
| भूस्थिर पृथ्वी कक्षा (GEO) | GSO | दूरी ~35786 किमी, भूमध्य रेखीय तल, वृत्ताकार कक्षा; उपग्रह एक देशांतर पर स्थिर | संचार उपग्रह (INSAT/GSAT) |
| भूस्थिर अंतरण कक्षा (GTO) | GEO (अंतरण) | दीर्घवृत्तीय कक्षा; ~ GEO से 200 किमी नीचे; उपग्रह को GEO में स्थानांतरित करने हेतु | प्रक्षेपण एवं स्थिति निर्धारण |




- **अपोजी:** किसी खगोलीय पिंड (जैसे चंद्रमा) या कृत्रिम उपग्रह की कक्षा में वह बिंदु जहाँ वह पृथ्वी से अधिकतम दूरी पर होता है।
- **पेरिजी:** किसी उपग्रह या खगोलीय पिंड की कक्षा में वह बिंदु जहाँ वह पृथ्वी के सबसे निकट होता है।


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

❖ **होहमान अंतरण कक्षा —**
- कक्षीय अंतरण हेतु प्रयुक्त एक दीर्घवृत्ताकार कक्षा।
- उपग्रह को एक वृत्ताकार कक्षा से दूसरी वृत्ताकार कक्षा में स्थानांतरित करने में सक्षम।
- दो कक्षाओं के अंतरण हेतु सर्वाधिक ईंधन-कुशल विधि (Fuel-efficient method)।
- उपग्रह परिनियोजन एवं अंतरग्रहीय अभियानों में व्यापक रूप से प्रयुक्त।

❖ **ग्रेवयार्ड कक्षा —**
- इसे **जंक / निपटान कक्षा** भी कहा जाता है।
- **सेवा-मुक्त उपग्रहों** को रखने हेतु प्रयुक्त।
- लगभग **36,050 किमी ऊँचाई पर स्थित (भूस्थिर कक्षा, GEO से लगभग 300 किमी ऊपर)।**
- अंतरिक्ष मलबे को कम करने तथा सक्रिय **GEO उपग्रहों** की सुरक्षा में सहायक।

❖ **गोल्डीलॉक्स क्षेत्र** — इसे आवास योग्य क्षेत्र भी कहा जाता है; यह किसी तारे के चारों ओर का वह क्षेत्र है जहाँ तापमान इतना उपयुक्त होता है कि परिक्रमा करने वाले ग्रहों की सतह पर तरल जल मौजूद रह सके।

## प्रणोदन एवं प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी

❖ **रॉकेट सिद्धांत — संवेग संरक्षण का सिद्धांत**
- संवेग संरक्षण के नियम पर आधारित।
- रॉकेट उच्च वेग से गर्म गैसों को पीछे की ओर बाहर निकालता है।
- गैसों का पश्चगामी संवेग रॉकेट को समान अग्रगामी संवेग प्रदान करता है।
- अंतरिक्ष के निर्वात में भी (बाह्य माध्यम की आवश्यकता के बिना) रॉकेट की गति संभव बनाता है।

❖ **प्रणोदक एवं क्रायोजेनिक चरण**
- **प्रणोदक:** एक रासायनिक पदार्थ जो रॉकेट को प्रणोद (थ्रस्ट) प्रदान करता है।
  - ईंधन + ऑक्सीकारक से मिलकर बना होता है।
- **प्रणोदकों के प्रकार**

| | ठोस प्रणोदक | द्रव प्रणोदक | | क्रायोजेनिक चरण |
|---|---|---|---|---|
| | | निचला चरण | ऊपरी चरण | |
| **ईंधन** | हाइड्रॉक्सिल टर्मिनेटेड पॉलीब्यूटाडाइन (HTPB) | असममित डाइमिथाइल हाइड्राज़ीन (UDMH) | मोनोमेथाइल हाइड्राज़ीन (MMH) | द्रव हाइड्रोजन (−253°C) |
| **ऑक्सीकारक** | अमोनियम परक्लोरेट | नाइट्रोजन पेरॉक्साइड | नाइट्रोजन ऑक्साइड | द्रव ऑक्सीजन (−183°C) |

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

**ठोस प्रणोदक**

**लाभ**
सरल भंडारण, अधिक ऊर्जा

**हानियाँ**
समान रूप से दहन, अधिक भार

## Current Affairs

❖ **ISRO का विश्व का सबसे बड़ा प्रणोदक मिक्सर (फरवरी 2025)**
- ठोस प्रणोदक प्रसंस्करण हेतु 10-टन ऊर्ध्वाधर मिक्सर।
- **विकासकर्ता:** सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र एवं केंद्रीय विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (CMTI), बेंगलुरु।
- आयाम/भार: 150 टन, 5.4 मीटर (लंबाई), 3.3 मीटर (चौड़ाई), 8.7 मीटर (ऊँचाई)।

❖ ISRO ने अंतरिक्षयान विद्युत प्रणोदन प्रणाली (EPS) हेतु स्थिर प्लाज़्मा थ्रस्टर का 1,000 घंटे का जीवन परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया **(मई 2025)**

1. EPS का प्रस्ताव ISRO के भविष्य के उपग्रहों में रासायनिक प्रणोदन को प्रतिस्थापित करने तथा संचार उपग्रहों का मार्ग प्रशस्त करने हेतु है।


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## ◈ भारत में क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी का इतिहास

| 1991 ईस्वी | दिसम्बर 1991 ईस्वी | 1993 ईस्वी | 1994 ईस्वी | 5 Jan. 2014 |
|---|---|---|---|---|
| ISRO और Glavkosmos (USSR) के बीच प्रौद्योगिकी अंतरण समझौता | USSR का विघटन | रिवर्स इंजीनियरिंग हेतु 7 इंजन (रूस) | महेंद्रगिरि (तमिलनाडु) में कार्य प्रारंभ | स्वदेशी क्रायोजेनिक ऊपरी चरण (GSLV-D5/GSAT-14) के साथ GSLV का पहला सफल प्रक्षेपण — भारत ऐसा करने वाला छठा देश बना। |

### क्रायोजेनिक बनाम अर्ध-क्रायोजेनिक इंजन

| | क्रायोजेनिक इंजन | अर्ध-क्रायोजेनिक इंजन |
|---|---|---|
| **ईंधन** | द्रव हाइड्रोजन ($LH_2$) | परिष्कृत केरोसिन |
| **ऑक्सीकारक** | द्रव ऑक्सीजन (LOx) | द्रव ऑक्सीजन (LOx) |
| **भंडारण तापमान** | −253°C | लगभग परिवेश तापमान |
| **इंजन** | CE-7.5, CE-20, CE-25 | SCE-200 |
| **प्रक्षेपण यान (भारत)** | GSLV MK II, LVM-3 | भविष्य का NGLV, उन्नत LVM-3 |
| **प्रमुख लाभ** | कक्षा प्रविष्टि हेतु अधिकतम दक्षता | उच्च प्रणोद + लागत-दक्षता |

◈ **धवन-I (2021)**
- ✦ **निजी क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन पहल।**
- ✦ **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - ❍ स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित।
  - ❍ भारत का पहला प्रमुख निजी क्षेत्र का क्रायोजेनिक इंजन प्रयास।

◈ **अग्निकुल कॉस्मोस** — विश्व का सबसे बड़ा Single piece 3D printed रॉकेट इंजन निर्मित किया — इनकोनेल धातु से बना; इसे अमेरिका का पेटेंट प्राप्त हुआ **(सितम्बर 2025)।**
- ✦ **विश्व का पहला अर्ध-क्रायोजेनिक रॉकेट 3-डी प्रिंटेड इंजन सहित:** अग्निकुल कॉस्मोस (रॉकेट अग्निबाण SOrTeD-01)।

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

## Current Affairs

◈ **ISRO के CE-20 क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण**
- ✦ ISRO ने 7 नवम्बर को महेन्द्रगिरि स्थित ISRO प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (IPRC) में CE-20 क्रायोजेनिक इंजन पर "बूटस्ट्रैप मोड स्टार्ट टेस्ट" सफलतापूर्वक किया।
- ✦ इससे बिना किसी बाहरी ईंधन की सहायता के इंजन का स्थिर संचालन संभव हो सकेगा।
- ✦ यह परीक्षण वैक्यूम परिस्थितियों में 10 सेकंड की अवधि के लिए किया गया।
- ✦ संभवत: विश्व में पहली बार, किसी गैस-जनरेटर चक्र वाले क्रायोजेनिक इंजन का बिना किसी सहायक थ्रस्ट सिस्टम के बूटस्ट्रैप मोड स्टार्ट सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## विमान इंजनों के प्रकार




# भारतीय प्रक्षेपण यान

## साउंडिंग रॉकेट

- **परिभाषा:** ऊपरी वायुमंडलीय अनुसंधान हेतु एक या दो-चरणीय ठोस प्रणोदक रॉकेट।
- **प्रथम रॉकेट:** आयातित M-100 (रूस, 70 किग्रा पेलोड, 85 किमी) तथा Centaure (फ्रांस, 30 किग्रा पेलोड, 150 किमी)।
- **भारतीय विकास:**
  - **1965:** ISRO ने स्वदेशी विकसित साउंडिंग रॉकेटों का प्रक्षेपण प्रारंभ किया।
  - **1975:** रोहिणी साउंडिंग रॉकेट (RSR) कार्यक्रम आरंभ।
  - RH-75 (75 मिमी व्यास) पहला पूर्णतः भारतीय साउंडिंग रॉकेट था।
  - **परिचालन संस्करण:** RH-200, RH-300-Mk-II, RH-560-Mk-II
  - **पेलोड:** 8–100 किग्रा; अपोजी: 80–475 किमी।
- 21 नवम्बर 1963 को केरल के तिरुवनंतपुरम के पास थुम्बा से पहले साउंडिंग रॉकेट का प्रक्षेपण भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत माना जाता है।
- **उपलब्धि:** 15 जुलाई 2015 को RH-200 ने TERLS से 100वाँ लगातार सफल प्रक्षेपण प्राप्त किया।
- **परिचालन साउंडिंग रॉकेट:**

| यान | RH-200 | RH-300-Mk-II | RH-560-MK-II |
|---|---|---|---|
| पेलोड (किग्रा) | 10 | 60 | 100 |
| ऊँचाई (किमी) | 80 | 160 | 470 |
| उद्देश्य | मौसम विज्ञान | वायुविज्ञान | वायुविज्ञान |
| प्रक्षेपण स्थल | थुम्बा, बालासोर | SDSC-SHAR | SDSC-SHAR |

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

## उपग्रह प्रक्षेपण यान (SLVs)

- **SLV-3:**
  - भारत का पहला प्रायोगिक उपग्रह प्रक्षेपण यान; SLV-3 E1 का पहला परीक्षण 10 अगस्त 1979 को हुआ (असफल)।
  - SLV-3 E2 ने 18 जुलाई 1980 को रोहिणी उपग्रह (RS-1) का सफल प्रक्षेपण किया।
  - **चार-चरण** — सभी ठोस।
  - **कुल उड़ानें:** 4
  - **पेलोड क्षमता:** 40 किग्रा निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) में।


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

❖ **ASLV (ऑगमेंटेड उपग्रह प्रक्षेपण यान): कम-लागत मध्यवर्ती यान; स्ट्रैप-ऑन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन।**

- **पाँच-चरणीय** — सभी ठोस चरण।
- **विकास:** स्ट्रेच्ड रोहिणी श्रृंखला (SLV-3 से व्युत्पन्न)।
- **पेलोड क्षमता:** 150 किग्रा, जो SLV-3 से लगभग तीन गुना है।
- **कुल उड़ानें:** 4
  - **प्रथम प्रक्षेपण:** ASLV-D1 — 24 मार्च 1987 (असफल)
  - **ASLV-D2:** 13 जुलाई 1988 (असफल)
  - **ASLV-D3:** 20 May 1992 (सफल)
  - **ASLV-D4:** 04 May 1994 (सफल)



CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

❖ **PSLV:**

- **प्रथम उड़ान:** PSLV-D1 — 20 सितम्बर 1993 (असफल)
- **प्रथम सफल उड़ान:** PSLV-D2 — 15 अक्टूबर 1994 को प्रक्षेपित
- **पेलोड:** SSPO (सूर्य-समकालिक ध्रुवीय कक्षा): 600 किमी ऊँचाई तक 1,750 किग्रा तक; Sub-GTO: 1,425 किग्रा तक
- तृतीय पीढ़ी; द्रव चरणों वाला पहला।
- **4 चरण:** ठोस, द्रव, ठोस, द्रव (S–L–S–L)
- **मुख्य इंजन:**
  - S139 ठोस मोटर (प्रथम एवं तृतीय चरण)
  - विकास इंजन (द्वितीय एवं चतुर्थ चरण) — द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र (LPSC) द्वारा विकसित


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

- PSLV चरणवार विन्यास:
- **स्ट्रैप-ऑन बूस्टर:** 6 (ठोस प्रणोदक)

| प्रकार | स्ट्रैप-ऑन बूस्टर |
|---|---|
| PSLV-CA (केवल कोर) | 0 (कोई स्ट्रैप-ऑन नहीं) |
| PSLV-G (मानक) | 6 |
| PSLV-XL | 6 (विस्तारित बूस्टर) |
| PSLV-DL | 2 |
| PSLV-QL | 4 |



- PSLV-C48 ने PSLV का 50वाँ प्रक्षेपण चिह्नित किया।
- **असफलता रिकॉर्ड:** अब तक 4 मिशन असफल।
  - **PSLV-C62:** जनवरी 2026
  - **PSLV-C61:** वर्ष 2025
  - **PSLV- C39:** वर्ष 2017
  - **PSLV- D1:** वर्ष 1993 (प्रथम उड़ान)
- **मिशन:** आदित्य-L1, NavIC, PSLV-C37 (104 उपग्रह)।
- **प्रक्षेपित दो अंतरिक्षयान:** चंद्रयान-1 (2008), मंगल ऑर्बिटर मिशन (2013)।

## Current Affairs

### ISRO का 101वाँ मिशन असफल — 18 मई 2025

- तीसरे चरण में तकनीकी खराबी के कारण PSLV रॉकेट विफल हुआ।
- यह PSLV (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) का 63वाँ मिशन था।
- **PSLV-C61 / EOS-09 मिशन — 101वाँ मिशन।**
  - पृथ्वी अवलोकन उपग्रह-09 को सूर्य-समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित करना।
  - यह एक उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है।
  - इसमें C-बैंड सिंथेटिक अपर्चर रडार (SAR) प्रौद्योगिकी लगी है।
  - उद्देश्य — विश्वसनीय सुदूर संवेदन डेटा प्रदान करना।

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

### भू-तुल्यकालिक/भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (GSLV)

- **प्रथम उड़ान:** GSLV-D1 / GSAT-1 — 18 अप्रैल 2001 (सफल)।
- **5 जनवरी 2014:** स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन के साथ प्रथम उड़ान — GSLV-D5
- **चतुर्थ-पीढ़ी प्रक्षेपण यान:** 3 चरण — ठोस, द्रव, क्रायोजेनिक; चार द्रव स्ट्रैप-ऑन, ठोस मोटर, क्रायोजेनिक अपर स्टेज (CUS)।
- **प्राथमिक उद्देश्य:** INSAT संचार उपग्रह।
- **बूस्टर:** 4 स्ट्रैप-ऑन बूस्टर (द्रव प्रणोदन)।
- **प्रयुक्त इंजन:**
  - S-200 (ठोस)
  - विकास इंजन (द्रव)
  - CE-7.5 / CE-20 (क्रायोजेनिक)

### GSLV की पेलोड क्षमता

| प्रकार | क्रायोजेनिक इंजन | GTO में पेलोड | LEO में पेलोड |
|---|---|---|---|
| GSLV Mk-II | रूसी KVD / CE-7.5 | 1.5 टन | 5 टन |
| GSLV Mk-II (स्वदेशी) | CE-7.5 | 2.5 टन | 6 टन |
| GSLV Mk-III (LVM-3) | CE-20 / 25 | 4 टन | 8 टन |



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

### LVM 3 (GSLV Mk III):

- LVM-3, ISRO का तीन-चरणीय भारी-वहन (Heavy lift) प्रक्षेपण यान है।
- **इसमें शामिल हैं:**

| चरण | चरण का नाम | प्रमुख विवरण |
|---|---|---|
| **प्रथम चरण** | S200 (ठोस स्ट्रैप-ऑन) | ✦ ठोस प्रणोदक: प्रत्येक 204 टन<br>✦ विश्व के सबसे बड़े ठोस बूस्टरों में से |
| **द्वितीय चरण** | L110 (लिक्विड कोर स्टेज) | ✦ **इंजन:** ट्विन द्रव इंजन (विकास इंजन) |
| **तृतीय चरण** | C25 (क्रायोजेनिक अपर स्टेज) | ✦ **इंजन:** CE-20 (भारत का सबसे बड़ा क्रायोजेनिक इंजन), जिसे LPSC द्वारा डिज़ाइन एवं विकसित किया गया |

- **मिशन:** GSAT-19, चंद्रयान-2 एवं 3, वाणिज्यिक प्रक्षेपण।

### लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV)

- **परीक्षण:** SSLV-D1/EOS-02 — 7 अगस्त 2022
- **अन्य नाम:** "बेबी/मिनी रॉकेट"।
- अब तक 3 उड़ानें।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - 15 दिनों के भीतर संयोजित (Assemble) किया जा सकता है।
  - माइक्रो एवं नैनो उपग्रहों हेतु डिज़ाइन किया गया।
  - **पेलोड:** एकल उपग्रह 500 किग्रा तक 500 किमी समतलीय कक्षा में एवं 10–300 किग्रा के तीन बहु-उपग्रह (Multiple Satellites) 500 किमी समतलीय कक्षा में।
  - बहु-कक्षा ड्रॉप क्षमता।
  - **3-चरणीय प्रक्षेपण यान —**
    - ✓ तीन ठोस प्रणोदन चरण
    - ✓ द्रव प्रणोदन आधारित वेग ट्रिमिंग मॉड्यूल (VTM) से सुसज्जित
    - ✓ VTM सटीक कक्षा प्रविष्टि हेतु अंतिम चरण के रूप में कार्य करता है।
- **द्वितीय प्रक्षेपण स्थल — कुलसेकरपट्टिनम**
  - **2024:** कुलसेकरपट्टिनम में ISRO के दूसरे प्रक्षेपण स्थल की आधारशिला रखी गई।
  - मुख्यत: SSLV, वाणिज्यिक एवं ऑन-डिमांड लघु उपग्रह प्रक्षेपणों हेतु समर्पित।
- **तृतीय प्रक्षेपण स्थल (TLP) — श्रीहरिकोटा**
  - केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत (जनवरी 2025), जिसकी अध्यक्षता नरेंद्र मोदी ने की।
  - सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (भारत का प्रथम प्रक्षेपण स्थल) में स्थापित किया जाएगा।
  - विद्यमान द्वितीय प्रक्षेपण स्थल हेतु स्टैंडबाय पैड के रूप में कार्य करेगा।
  - **TLP की प्रमुख क्षमताएँ:**
    - ✓ 30 टन तक के अंतरिक्षयान को निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) में ले जाने में सक्षम है।
    - ✓ अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (NGLV) हेतु डिज़ाइन किया गया।
    - ✓ अर्ध-क्रायोजेनिक चरणों वाले LVM-3 एवं उन्नत NGLV विन्यासों को सपोर्ट करता है।

### पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान (RLV)

- **प्रथम सफल परीक्षण:** 2016
- **इंजन का प्रकार:** स्क्रैमजेट इंजन
- **लैंडिंग प्रायोगिक यान:** पुष्पक (RLV-LEX-03)
- **रिलीज़ विधि:** चिनूक हेलीकॉप्टर से हवा में छोड़कर लॉन्च
- **उपलब्धि:** सटीक क्षैतिज लैंडिंग एवं ग्राउंड रोल नियंत्रण का प्रदर्शन।

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

- **RLV-TD:**
  - पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान हेतु प्रौद्योगिकी प्रदर्शक।
  - अतिध्वनिक (Hypersonic) उड़ान, स्वचालित लैंडिंग, इंजन चालित क्रूज़, तापीय संरक्षण का परीक्षण।
  - **प्रथम उड़ान:** 23 मई 2016, SDSC-SHAR से।
- **RLV-LEX-03 (पुष्पक): जून 2024**
  - 4.5 किमी ऊँचाई से स्वायत्त/स्वचालित लैंडिंग प्रयोग।
  - **लैंडिंग गति:** 320 किमी/घंटा; ब्रेक पैराशूट एवं लैंडिंग गियर द्वारा 100 किमी/घंटा तक घटाना।

## Current Affairs

- **नेक्स्ट जनरेशन प्रक्षेपण यान (NGLV) — सितम्बर 2025**
  - केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सितम्बर 2024 में स्वीकृत।
  - **पेलोड क्षमता:** LVM-3 से तीन गुना (निम्न पृथ्वी कक्षा में 30 टन)
  - **अपेक्षित विकास:** वर्ष 2032
  - **प्रयुक्त प्रौद्योगिकी:** अर्ध-क्रायोजेनिक प्रणोदन।
  - प्रथम चरण पुन: प्रयोज्य होगा।
  - PSLV का स्थान लेगा।
  - तीन विकास उड़ानों (D1, D2, D3) के साथ प्रदर्शित किया जाएगा।
  - **कुल स्वीकृत निधि:** ₹8,240 करोड़।
- **लूनर मॉड्यूल प्रक्षेपण यान (LMLV) — सितम्बर 2025**
  - ISRO द्वारा 2035 तक विकसित करने की घोषणा।
  - यह नेक्स्ट जनरेशन प्रक्षेपण यान (NGLV) का उन्नत संस्करण होगा।
  - **पेलोड वहन क्षमता:** निम्न पृथ्वी कक्षा में 80 टन तथा चंद्रमा तक 27 टन।
  - **प्रणोदन प्रणाली:** तीन चरण — पहले दो चरण द्रव प्रणोदक, तृतीय चरण क्रायोजेनिक प्रणोदक।

## उपग्रह प्रणालियाँ

### उपग्रहों के प्रकार

| पहलू | सुदूर संवेदन उपग्रह | संचार उपग्रह | नेविगेशन उपग्रह |
|---|---|---|---|
| उद्देश्य | पृथ्वी के बारे में बिना प्रत्यक्ष संपर्क के जानकारी एकत्र करना | दूरसंचार एवं प्रसारण सक्षम करना | वस्तुओं की भू-स्थानिक स्थिति निर्धारण (संपूर्ण पृथ्वी — 24 उपग्रह) (अक्षांश, देशांतर, ऊँचाई) |
| मुख्य कक्षा | LEO | GEO (भूस्थिर कक्षा) | मध्य पृथ्वी कक्षा (भारत का NAVIC → GSO में) |
| कक्षीय अवधि | 90–128 मिनट | 24 घंटे | स्थिर नहीं |
| प्रमुख पेलोड / प्रणाली | कैमरे, संवेदक, स्कैनर, रेडियोमीटर आदि | ट्रांसपोंडर (अपलिंक एवं डाउनलिंक) | 4 उपग्रहों से किसी वस्तु की त्रि-आयामी स्थिति (अक्षांश, देशांतर, ऊँचाई) का निर्धारण |
| अनुप्रयोग | • संसाधन मानचित्रण<br>• मौसम विज्ञान में जलवायु परिवर्तन अध्ययन<br>• आपदा प्रबंधन<br>• निगरानी | • टेली-संचार<br>• DTH<br>• टीवी प्रसारण | **सेवाओं के दो प्रकार:**<br>• मानक स्थिति सेवा (SPS) — नागरिकों हेतु<br>• प्रतिबंधित सेवा (RS) — सेना एवं महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों हेतु |

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भारत का प्रथम** | I⟶IRS-1A<br>• 1988 ईस्वी<br>• USSR | I⟶INSAT-1B<br>• 1983 ईस्वी<br>• NASA | **वर्ष** 2013 - IRNSS (NAVIC) |
| **उदाहरण** | वर्तमान में 17 उपग्रह परिचालन में।<br>**METSTAT (कल्पना-1):** भारत का पहला समर्पित मौसम विज्ञान उपग्रह | वर्तमान में 21 उपग्रह परिचालन में।<br>उदाहरण —<br>1. GSAT-7A (एंग्री बर्ड) — वायुसेना<br>2. GSAT-7 (रुक्मिणी) — नौसेना<br>3. ग्रामसैट — ग्रामीण विकास<br>4. EduSAT/GSAT-3 — शिक्षा हेतु प्रथम उपग्रह (2004) | **नेविगेशन उपग्रह प्रणालियाँ:**<br>**वैश्विक:**<br>1. GPS (KIA NAVSTAR) — USA, 32 उपग्रह; पहला 1978 में, 1995 से कार्यरत<br>2. GLONASS — रूस<br>3. Galileo — यूरोपीय संघ<br>4. BeiDou — चीन<br>**क्षेत्रीय:**<br>1. NAVIC / IRNSS<br>2. QZSS — जापान |

## ISRO के महत्वपूर्ण उपग्रह

### पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (EOS)

| उपग्रह | प्रक्षेपण वर्ष | प्रक्षेपण यान | कक्षा प्रकार | मुख्य उद्देश्य / अनुप्रयोग |
|---|---|---|---|---|
| **EOS-01** | 2020 | PSLV-C49 | निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) | पूर्व नाम RISAT-2BR2<br>कृषि, वानिकी एवं आपदा प्रबंधन सहायता |
| **EOS-03** | 2021 | GSLV-F10 | GTO | प्रक्षेपण असफल |
| **EOS-04** | 2022 | PSLV-C52 | सूर्य-समकालिक ध्रुवीय कक्षा (SSPO) | कृषि, वानिकी एवं आपदा प्रबंधन सहायता |
| **EOS-06** | 2022 | PSLV-C54 | SSPO | Oceansat श्रृंखला का तृतीय पीढ़ी उपग्रह; Oceansat-2 की सेवा निरंतरता प्रदान करता है। |
| **EOS-07** | 2023 | SSLV-D2 (पहला वाणिज्यिक लघु प्रक्षेपक) | निम्न पृथ्वी कक्षा | माइक्रो सैटेलाइट |
| **EOS-08** | 2024 | SSLV-D3 | निम्न पृथ्वी कक्षा | • पेलोड: EOIR, GNSS-R, UV पेलोड़<br>• पर्यावरण निगरानी, पथ पूर्वानुमान एवं आपदा प्रबंधन में अनुप्रयोग। |
| **EOS-09 (RISAT वर्ग)** | 2025 | PSLV-C61 | मिशन सम्पन्न नहीं हुआ | - |

CERAMIC ACADEMY Shaping the future



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

| उपग्रह | प्रक्षेपण वर्ष | प्रक्षेपण यान | कक्षा प्रकार | मुख्य उद्देश्य / अनुप्रयोग |
|---|---|---|---|---|
| **IRS-1A** | 17 मार्च 1988 | Vostok | SSPO (904 किमी) | पेलोड: LISS-1, LISS-2A, LISS-2B |
| **IRS-P4 / OCEANSAT** | 1999 | PSLV-C2 / IRS-P4 | SSPO | पेलोड: OCM (Ocean Colour Monitor) एवं MSMR (Multi-frequency Scanning Microwave Radiometer)<br>— महासागरीय अध्ययन हेतु |
| **IRS-P6 / RESOURCESAT-1** | 2003 | PSLV-C5 | SSPO | पेलोड: LISS-4, LISS-3, AWiFS-A, AWiFS-B |
| **RESOURCESAT-2** | 2011 | PSLV-C16 | SSPO | RESOURCESAT-1 का अनुवर्ती मिशन |
| **RESOURCESAT-2A** | 2016 | PSLV-C36 | SSPO | संसाधन निगरानी (कृषि, भूमि एवं जल संसाधन) |
| **Cartosat-3** | 2019 | PSLV-C47 | SSPO | अत्यंत उच्च-रिज़ॉल्यूशन चित्र; शहरी नियोजन, मानचित्रण |
| **RISAT-1** | 2012 | PSLV-C19 | SSPO | पेलोड: सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR)<br>(C-बैंड, 5.35 GHz); दिन-रात, सर्व-मौसम चित्रण |
| **RISAT-2** | 2009 | PSLV-C12 | SSPO | निगरानी एवं आपदा हेतु सर्व-मौसम रडार चित्रण |
| **RISAT-2B** | 2019 | PSLV-C46 | LEO | कृषि, वानिकी एवं आपदा प्रबंधन हेतु रडार इमेजिंग पृथ्वी अवलोकन उपग्रह |
| **RISAT-2BR1** | 2019 | PSLV-C48 (PSLV की 50वीं उड़ान) | LEO | निगरानी एवं आपदा हेतु सर्व-मौसम रडार चित्रण |
| **Cartosat-2 श्रृंखला** | 2018 | PSLV-C40 | SSPO | पृथ्वी सतह मानचित्रण एवं कार्टोग्राफी |
| **Megha-Tropiques** | 2011 | PSLV-C18 | SSPO | पेलोड (4): MADRAS [CNES (फ्रांस) और ISRO द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एक इमेजिंग रेडियोमीटर]<br>• SAPHIR एवं ScaRaB — CNES से।<br>• ROSA — इटली से प्राप्त। |
| **SARAL / Satellite with ARGOS & ALTIKA** | 2013 | PSLV-C20 | SSPO | **पेलोड:** ALTIKA (Ka-बैंड अल्टीमीटर, 35.75 GHz)।<br>• ARGOS (डेटा संग्रह प्रणाली)।<br>• SCBT (C-बैंड ट्रांसपोंडर)। |
| **SCATSAT-1** | 2016 | PSLV-C35 | SSPO | PSLV का पहला मिशन जिसमें पेलोड दो अलग-अलग कक्षाओं में स्थापित किए गए |

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

# नेविगेशन उपग्रह

## IRNSS (भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली) / NAVIC (भारतीय समूह के साथ नेविगेशन)

**कुल 9 उपग्रह: 8 परिचालन में**

- **GEO में 3 उपग्रह**
  - IRNSS-1C, 1F, 1G
- **GSO में 5 उपग्रह**
  - **भूमध्य रेखीय तल से 29° झुके हुए**

◈ **सेवा कवरेज:-**

- **प्राथमिक सेवा क्षेत्र:** भारत तथा इसकी सीमा से 1500 किमी तक
- **विस्तारित सेवा क्षेत्र:**




◈ **IRNSS उपग्रह** — दो प्रकार के पेलोड वहन करते हैं

**पेलोड के प्रकार**

**नेविगेशन पेलोड**
- उपयोगकर्ताओं को नेविगेशन सेवा संकेत प्रेषित करता है।
- L5-बैंड एवं S-बैंड।
- उच्च-सटीकता रुबिडियम परमाणु घड़ी का उपयोग करता है।

**रेंजिंग पेलोड**
- उपग्रह की दूरी का सटीक निर्धारण सुगम बनाता है।
- C-बैंड।
- लेज़र रेंजिंग हेतु कॉर्नर क्यूब रेट्रो रिफ्लेक्टर का उपयोग करता है।

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future

| उपग्रह | प्रक्षेपण यान | प्रक्षेपण तिथि / स्थिति |
|---|---|---|
| IRNSS-1A | PSLV-C22 | 1 जुलाई 2013 |
| IRNSS-1B | PSLV-C24 | अप्रैल 2014 |
| IRNSS-1C | PSLV-C26 | अक्टूबर 2014 (⟶ GEO) |
| IRNSS-1D | PSLV-C27 | मई 2015 |
| IRNSS-1E | PSLV-C31 | जनवरी 2016 |
| IRNSS-1F | PSLV-C32 | मार्च 2016 (⟶ GEO) |
| IRNSS-1G | PSLV-C33 | अप्रैल 2016 (⟶ GEO) |
| IRNSS-1H | PSLV-C39 | 2017 — **असफल** |
| IRNSS-1I | PSLV-C41 | अप्रैल 2018 |

## GAGAN

- **GAGAN** – GPS Aided Geo Augmented Navigation System (GPS संकेतों को सुदृढ़ करता है)।
- ISRO एवं AAI (एयरपोर्ट प्राधिकरण भारत) द्वारा।
- **उपयोग-** नागरिक उड्डयन एवं GEMINI समुद्री नेविगेशन में (GAGAN Enabled Mariner's Instrument for Navigation & Information)।
- GAGAN सिग्नल-इन-स्पेस (SIS), GSAT-8 एवं GSAT-10 के माध्यम से उपलब्ध है।

## संचार उपग्रह

| क्रम | उपग्रह | प्रक्षेपण वर्ष | प्रक्षेपण यान | मुख्य उद्देश्य / सेवाएँ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CMS-03 | 2025 | LVM3-M5 | भारतीय नौसेना हेतु भारत का सबसे भारी (4400 किग्रा) संचार उपग्रह, GTO में प्रक्षेपित |
| 2 | GSAT-20 / GSAT-N2 | 2024 | Falcon-9 | ब्रॉडबैंड सेवाएँ एवं उड़ान के दौरान कनेक्टिविटी; 32 बीम (8 उत्तर-पूर्व, 24 शेष भारत); Ka-band (48 Gbps) |
| 3 | CMS-02/ GSAT-24 | 2022 | Ariane-5 | Ku-band; 24×7 प्रसारण सेवाएँ |
| 4 | CMS-01 | 2020 | PSLV-C50 | विस्तारित C-band में सेवाएँ |
| 5 | GSAT-30 | 2020 | Ariane-5 VA-251 | GEO से C एवं Ku-band में संचार सेवाएँ |
| 6 | GSAT-31 | 2019 | Ariane-5 VA-247 | Ku-band; कक्षा में मौजूद कुछ उपग्रहों की संचार सेवाओं की निरंतरता |
| 7 | GSAT-7A | 2018 | GSLV-F11 | Ku-band में संचार सेवाएँ |
| 8 | GSAT-11 | 2018 | Ariane-5 VA-246 | ISRO द्वारा निर्मित सबसे भारी उपग्रह (5854 किग्रा);<br>नई पीढ़ी के अनुप्रयोगों हेतु मंच |
| 9 | GSAT-29 | 2018 | GSLV Mk-III D2 | Ka/Ku-band तथा Q/V-band भी;<br>जम्मू-कश्मीर एवं उत्तर-पूर्व हेतु संचार सेवाएँ |
| 10 | GSAT-6A | 2018 | GSLV-F08 | S-band संचार सेवा; प्रौद्योगिकी विकास हेतु मंच भी प्रदान करता है। |

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

### Current Affairs

◈ **BlueBird Block-2 (24 दिसम्बर 2025)**

**LVM3-M6 / "बाहुबली"** (ISRO का भारी-वहन प्रक्षेपण यान)

- **साझेदार कंपनी:** AST SpaceMobile (USA), तथा ISRO की वाणिज्यिक शाखा NewSpace India Ltd (NSIL)।
- **मिशन संख्या:** LVM3 का 6वाँ परिचालन मिशन एवं तीसरा समर्पित वाणिज्यिक मिशन।
- **पेलोड:** BlueBird Block-2 अंतरिक्षयान (~6100 किग्रा), LVM3 के इतिहास का सबसे भारी पेलोड।
- **उद्देश्य:** Direct to Mobile कनेक्टिविटी हेतु वैश्विक LEO समूह का हिस्सा।
- **सक्षम सेवाएँ:** 4G/5G वॉयस एवं वीडियो कॉल, SMS, डेटा एवं वैश्विक स्ट्रीमिंग।
- **महत्व:** अब तक के सबसे बड़े वाणिज्यिक संचार उपग्रह का LEO में प्रक्षेपण।



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## Current Affairs

### ❖ अनंत नेविगेशन उत्कृष्टता केंद्र (ACE-N)

- ISRO के अध्यक्ष वी. नारायणन द्वारा तिरुवनंतपुरम में 27 नवंबर, 2025 को उद्घाटित।
- **स्थापित :** – अनंत टेक्नोलॉजीज द्वारा।
- **उद्देश्य:** यह भारत के नेविगेशन सिस्टम NavIC पर आधारित चिप, रिसीवर्स और अन्य नेविगेशन डिवाइस विकसित करेगा।
- यह भारत का पहला निजी क्षेत्र नेविगेशन इनोवेशन हब है।

## भारत के प्रमुख अंतरिक्ष मिशन

| पहलू | चंद्रयान-1 | चंद्रयान-2 | चंद्रयान-3 |
|---|---|---|---|
| **मिशन प्रकार** | भारत का पहला चंद्र मिशन (पहला अंतरग्रहीय मिशन) | भारत का दूसरा चंद्र मिशन | सॉफ्ट लैंडिंग पर केंद्रित अनुवर्ती मिशन |
| **प्रक्षेपण तिथि** | 22 अक्टूबर 2008 | 22 जुलाई 2019 | 14 जुलाई 2023 |
| **प्रक्षेपण यान** | PSLV-C11 | GSLV Mk-III (LVM-3) | LVM-3 (M4) |
| **मिशन विन्यास** | केवल ऑर्बिटर | ऑर्बिटर (8 पेलोड) + लैंडर (विक्रम) + रोवर (प्रज्ञान) — 2 पेलोड | प्रणोदन मॉड्यूल + लैंडर (विक्रम) + रोवर (प्रज्ञान) |
| **लैंडिंग क्षेत्र** | लागू नहीं | दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र (प्रयास किया गया) | दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र |
| **लैंडिंग परिणाम** | — | सॉफ्ट लैंडिंग असफल | सफल सॉफ्ट लैंडिंग |
| **नामित चंद्र स्थल (ISRO नामकरण)** | जवाहर प्वाइंट (क्रैश/इम्पैक्ट स्थल) | तिरंगा प्वाइंट (लैंडर इम्पैक्ट स्थल) | शिव शक्ति प्वाइंट (टचडाउन स्थल) |
| **मिशन स्थिति** | 2009 के बाद संपर्क समाप्त | ऑर्बिटर चंद्र अवलोकन जारी रखे हुए | मिशन सफलतापूर्वक पूर्ण |
| **प्रमुख खोजें** | ✦ चंद्र सतह पर जल अणुओं की खोज<br>✦ लावा ट्यूब (ज्वालामुखीय गुफाएँ) का प्रमाण<br>✦ पूर्व अभियानों (जैसे अपोलो) के सतही प्रभावों का अध्ययन | ऑर्बिटर द्वारा उच्च-रिज़ॉल्यूशन चंद्र सतह मानचित्रण | ✦ सूक्ष्म उल्कापिंड प्रभावों से उत्पन्न भूकंपीय तरंगों का पता (ILSA)<br>✦ रोवर द्वारा स्थल पर ही मापन से चंद्रमा पर सल्फर की पुष्टि (LIBS) |
| **वैश्विक उपलब्धि** | भारत चंद्रमा पर पहुँचने वाला 5वाँ देश बना (USA, USSR/रूस, जापान, ESA, भारत) | जटिल चंद्र मिशन क्षमता का प्रदर्शन | भारत चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बना (USA, USSR/रूस, चीन, भारत) |
| **ऐतिहासिक प्रथम** | — | — | चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश |

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## चंद्रयान-3 पेलोड विवरण

- **लैंडर पेलोड**
  - **RAMBHA-LP** – चंद्र सतह के निकट प्लाज़्मा घनत्व।
  - **ChaSTE** – चंद्र सतह का तापमान प्रोफ़ाइल।
  - **ILSA** – भूकंपीय गतिविधि का पता लगाना।
- **रोवर पेलोड**
  - **APXS** – चंद्र मृदा की तत्त्वीय संरचना।
  - **LIBS** – सल्फर एवं अन्य तत्वों की पुष्टि।
- **प्रणोदन मॉड्यूल पेलोड**
  - **SHAPE** – बाह्यग्रह समकक्ष के रूप में पृथ्वी का अध्ययन।

### Current Affairs

- **फरवरी 2025**
  - प्रज्ञान रोवर (चंद्रयान-3) के डेटा से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का पहला विस्तृत भूवैज्ञानिक मानचित्रण किया गया।

## वर्तमान एवं नियोजित चंद्र मिशन

| देश / एजेंसी | मिशन नाम | नियोजित वर्ष | प्रमुख विशेषताएँ | मिशन स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| **भारत (ISRO)** | चंद्रयान-4 | 2027 | ✦ चंद्र नमूना वापसी मिशन<br>✦ चंद्रमा से मृदा के नमूने पृथ्वी पर लाएगा | नियोजित |
| **भारत + जापान (ISRO+JAXA)** | LUPEX (LUnar Polar EXploration मिशन) | 2020 के दशक के अंत | ✦ चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का अन्वेषण<br>✦ जल/बर्फ की खोज पर ध्यान<br>✦ संयुक्त लैंडर–रोवर मिशन | नियोजित / विकासाधीन |
| **रूस (Roscosmos)** | Luna-25 | 2023 | ✦ दक्षिणी ध्रुव के निकट सॉफ्ट लैंडिंग प्रयास<br>✦ रूस के लूना कार्यक्रम का पुनरुद्धार | प्रक्षेपित (मिशन असफल) |
| **USA (NASA)** | Artemis-II | 2025 | ✦ मानवयुक्त चंद्र मिशन<br>✦ अंतरिक्षयात्री चंद्र कक्षा में परिक्रमा करेंगे (लैंडिंग नहीं) | नियोजित |
| **इज़राइल** | Beresheet-2 | 2025 | ✦ चंद्र लैंडिंग मिशन<br>✦ वैज्ञानिक प्रयोगों हेतु दो लैंडर का उपयोग | नियोजित |

- **मंगलयान/ मार्स ऑर्बिटर मिशन (MOM)-** भारत का मंगल ग्रह के लिए पहला अंतरग्रहीय मिशन

| 5 नवंबर, 2013 | 24 सितंबर, 2014 | | | | मिशन की कार्य-अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| ISRO द्वारा **PSLV-C25** रॉकेट से प्रक्षेपित | मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश | परिक्रमा अवधि 77 घंटे | भारत-चौथा देश (अमेरिका, सोवियत संघ और यूरोपीय संघ के बाद) | पहला देश - प्रथम प्रयास में सफलता और न्यूनतम लागत | डिज़ाइन आयु : 6 महीने<br>वास्तविक कार्यकाल : लगभग 7 वर्ष (सितंबर 2021 तक) |


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

◈ **एस्ट्रोसैट (AstroSat)**

- ISRO द्वारा विकसित भारत की पहली समर्पित अंतरिक्ष वेधशाला
- **प्रक्षेपण:** 28 सितंबर 2015
- **कक्षा (Orbit):** निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) ~650 किमी की ऊँचाई पर।
- **बहु-तरंगदैर्ध्य (Multi-wavelength) अंतरिक्ष दूरबीन** – कॉस्मिक किरणों, एक्स-रे तथा पराबैंगनी किरणों का एक साथ अध्ययन
- **वैश्विक महत्व:** विश्व की उन पहली अंतरिक्ष वेधशालाओं में से एक है, जो अंतरिक्ष से एक साथ कई तरंगदैर्ध्यों में अवलोकन कर सकती है।
- **अंतरराष्ट्रीय स्थान:** अमेरिका, यूरोप (ESA), रूस और जापान के बाद भारत ऐसी अंतरिक्ष वेधशाला संचालित करने वाला पाँचवाँ देश बना।

◈ **गगनयान मिशन**

- भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, इसरो द्वारा संचालित।
- **मिशन का उद्देश्य:** तीन अंतरिक्ष यात्रियों (व्योमनॉट / गगननॉट) को निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) में 300–400 किमी ऊँचाई पर 5–7 दिन तक अंतरिक्ष में भेजना।
- **अंतरिक्ष यात्री (व्योमनॉट / गगननॉट):**
  - प्रसांत बालकृष्णन नायर
  - अजीत कृष्णन
  - अंगद प्रताप
  - शुभांशु शुक्ला

◈ **मुख्य तकनीकें:**

- CARE (Crew module Atmospheric Re-entry Experiment)
- क्रू एस्केप सिस्टम (सुरक्षा प्रणाली)
- ECLSS (पर्यावरण नियंत्रण एवं जीवन समर्थन प्रणाली)
- थर्मल प्रोटेक्शन सिस्टम (ऊष्मा सुरक्षा प्रणाली)
- **व्योममित्र रोबोट:** ISRO द्वारा विकसित महिला मानवाकृति रोबोट
  - यह गगनयान के पहले बिना चालक परीक्षण उड़ान में भेजा जाएगा।

## Current Affairs

◈ ISRO ने श्रीहरिकोटा में गगनयान मिशन के लिए पहला 'एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट' सफलतापूर्वक पूरा किया। (**Aug.2025- C.A.**)

- **सहयोग :** DRDO, वायु सेना, नौसेना और कोस्ट गार्ड।
- इस टेस्ट में, पैराशूट के माध्यम से गति कम करने की प्रणाली को प्रदर्शित किया गया।

◈ **मानव-युक्त (Human-rated) L110 चरण विकास इंजन**

- यह इंजन गोदरेज एयरोस्पेस द्वारा ISRO को सौंपा गया है।
- इस इंजन का उपयोग LVM-3 प्रक्षेपण यान के L110 चरण में किया जाएगा।
- LVM-3 प्रक्षेपण यान, गगनयान मिशन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

◈ ISRO ने गगनयान क्रू मॉड्यूल के मुख्य पैराशूटों का परीक्षण बबीना फील्ड फायरिंग रेंज (उत्तर प्रदेश) में किया।

◈ **POEM (पोलर ऑर्बिट एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल)**

- इसमें समर्पित नेविगेशन, गाइडेंस और कंट्रोल (NGC) प्रणाली है।
- यह उपग्रह प्रक्षेपण के बाद PSLV के चौथे चरण (PS4) का उपयोग करता है।

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

## Current Affairs

◈ **प्लेटफॉर्म** : PSLV के **चौथे चरण (PS4)** का पुन: उपयोग POEM-4 के रूप में किया गया। (SPADEX (**March 2025 C.A.**)

- **पेलोड्स (Payloads) : कुल 24 –**
  - 14 – ISRO के
  - 10 – गैर-सरकारी संस्थाओं के
- **महत्वपूर्ण उपलब्धि**: **4 मार्च 2025** को **1,000 कक्षाओं (orbits)** को पूरा किया।
- **मुख्य प्रयोग**: अंतरिक्ष रोबोटिक्स
  - सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (Mirco-Gravity) में बीज अंकुरण और बैक्टीरिया विकास
  - ग्रीन प्रोपल्शन और थ्रस्टर का लेजर इग्निशन
  - शौकिया रेडियो संचार (Amateur Radio Communication).
  - उन्नत सेंसर
  - **इन-ऑर्बिट AI लैब** (स्पेस स्टार्टअप द्वारा AI मॉडल परीक्षण)
- **महत्त्व**: सभी POEM मिशनों में सबसे अधिक पेलोड संख्या
  - **भारत के लिए कम लागत, लचीला अंतरिक्ष-आधारित (In-orbit) प्रयोगात्मक प्लेटफॉर्म** प्रदर्शित करता है।



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## आदित्य-L1 मिशन

- ISRO द्वारा विकसित भारत की पहली समर्पित सौर वेधशाला [भारत तीसरा देश, अमेरिका (NASA) और यूरोप (ESA) के बाद]
- **प्रक्षेपण तिथि:** 2 सितंबर 2023
- **प्रक्षेपण यान:** PSLV XL C-57
- **L1 लैग्रेंज प्वाइंट:** स्थिति ~ पृथ्वी से सूर्य की ओर लगभग 1.5 मिलियन किमी दूरी पर
  - यहाँ सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण संतुलित रहता है।
  - इससे सूर्य का निरंतर और अविरल अवलोकन संभव होता है।
  - स्टेशन-कीपिंग के लिए न्यूनतम ईंधन की आवश्यकता होती है।
- **कक्षा (Orbit)**
  - सूर्य–पृथ्वी L1 के चारों ओर हैलो ऑर्बिट (Halo Orbit)
  - पृथ्वी–सूर्य रेखा के लगभग लंबवत् तल में
  - पूरी मिशन अवधि L1 पर व्यतीत
- 178 दिन में एक परिक्रमा पूरी (जुलाई)
- **पेलोड्स (कुल 7)** – VELC, SUIT, SoLEXS, HEL1OS, ASPEX, PAPA, Magnetometer (मैग्नेटोमीटर)
- **6 जनवरी 2024** — आदित्य-L1 सौर वेधशाला को सफलतापूर्वक L1 लैग्रेंज बिंदु की कक्षा में स्थापित किया गया।
  - आदित्य के लिए प्लाज़्मा विश्लेषक पैकेज (PAPA) ने सूर्य की कोरोनल मास इजेक्शन (CME) घटनाओं का अध्ययन किया।

## NISAR (NASA–ISRO Synthetic Aperture Radar) —




- **प्रकार :** ISRO और NASA का संयुक्त पृथ्वी अवलोकन मिशन।
- **विशिष्टता:** विश्व का पहला द्वि-आवृत्ति SAR मिशन (L-बैंड + S-बैंड)
- **प्रक्षेपण :** 30 जुलाई 2025
- **प्रक्षेपण यान:** GSLV-F16 (Mk-II)
- **प्रक्षेपण स्थल :** सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा
- **मिशन अवधि :** 5 वर्ष
- **कक्षा (Orbit) :** इसे सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में भेजा जाएगा।
- **पेलोड (Payload) :** द्वि-आवृत्ति सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR)
  - L-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR), उच्च-दर दूरसंचार उप-प्रणाली, GPS रिसीवर्स, और एक 12 मीटर की खुलने वाली (Unfurlable) एंटीना – NASA के घटक
  - S-बैंड SAR पेलोड, अंतरिक्ष यान संरचना (Spacecraft Bus), GSLV-F16 प्रक्षेपण यान – ISRO के घटक
- **तकनीक**: SweepSAR
- **उद्देश्य** – (1) पृथ्वी के विकास (Evolution of the Earth) का अध्ययन (2) जलवायु परिवर्तन के संकेतकों की निगरानी

## एक्सिओम-4 (Axiom-4) मिशन

- **प्रकार:** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए निजी मानवयुक्त मिशन।
- **एजेंसी/कंपनी:** Axiom Space (USA) — NASA और SpaceX के सहयोग से।
- **प्रक्षेपण यान / अंतरिक्ष यान:** Falcon-9 / Crew Dragon "Grace"
- **अवधि:** 25 जून 2025-15 जुलाई 2025 (कुल 18 दिन अंतरिक्ष में)
- **दल (Crew):**
  - पेगी व्हिटसन (USA) — कमांडर
  - ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला (भारत) — पायलट
  - स्लावोश उज्नान्स्की-विश्निएव्स्की (पोलैंड/ESA) — मिशन विशेषज्ञ
  - तिबोर कापू (हंगरी) — मिशन विशेषज्ञ
- **उद्देश्य:**
  - ISS पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रयोग
  - व्यावसायिक अंतरिक्ष उड़ान संचालन को आगे बढ़ाना
  - अंतरराष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान सहयोग को मजबूत करना
- **भारत के लिए महत्त्व:** किसी निजी अंतरिक्ष मिशन के माध्यम से ISS पर जाने वाले पहले भारतीय (भारत के राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के पूरक के रूप में महत्वपूर्ण)

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS)

◈ **ISS – International Space Station**

- **भागीदार एजेंसियाँ (5):** NASA (अमेरिका), Roscosmos (रूस), ESA (यूरोप), JAXA (जापान), CSA (कनाडा)
- **लॉन्च :** 1998
- **कक्षीय अवधि:** ~92 मिनट
- **कक्षा:** निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO)
- **परिक्रमाएँ:** प्रतिदिन 15 कक्षाएं
- **ऊँचाई:** ~400 किमी.
- **लगातार मानव उपस्थिति :** वर्ष 2000 से
- **मुख्य खंड:**
  - अमेरिकी कक्षीय खंड (USOS)
  - रूसी कक्षीय खंड (ROS)
- **उद्देश्य:** सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (Microgravity) में अनुसंधान
  - मानव अंतरिक्ष उड़ान से जुड़े अध्ययन
  - गहरे अंतरिक्ष मिशनों के लिए तकनीक का परीक्षण

### Current Affairs

◈ **तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन (चीन):-** चीन के शेनझोउ-19 दल ने (तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर) "कृत्रिम प्रकाश-संश्लेषण" की सहायता से रॉकेट ईंधन के लिए ऑक्सीजन का उत्पादन किया। **(Feb.2025 C.A)**

◈ चीन ने दक्षिण चीन सागर में "कोल्ड सीप" अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण को मंजूरी दी। **(Feb.2025 C.A)**

◈ **जियांगमेन अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो वेधशाला (JUNO) (Sep.2025 C.A)**

- यह चीन में स्थित विश्व का सबसे बड़ा न्यूट्रिनो डिटेक्टर है।
- यह वेधशाला भूमि से लगभग 700 मीटर नीचे स्थित है।
- न्यूट्रिनो (Neutrinos) - इन्हें "Ghost Particles" भी कहा जाता है, ये उप-परमाण्विक कण होते हैं जिनका द्रव्यमान बहुत कम होता है और इनमें विद्युत आवेश नहीं होता। ये प्रबल चुंबकीय क्षेत्रों से प्रभावित नहीं होते। ये अपने स्रोत से लगभग प्रकाश की गति के बराबर वेग से सीधी रेखा में चलते हैं।

◈ **अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर भारत का पहला जैविक प्रयोग - (May 2025 Current Affairs)**

- भारत BioE3 नीति के अंतर्गत अंतरिक्ष में मानव जीवन की स्थिरता का अध्ययन करने की योजना बना रहा है, जिसके अंतर्गत ये प्रयोग किए जाएंगे।
- **BioE3 नीति -** Biotechnology for the Economy, Environment, and Employment (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव-प्रौद्योगिकी)
- ये प्रयोग ISRO द्वारा जैव-प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) के सहयोग से, आगामी ISS मिशन Axiom-4 के भाग के रूप में किए जाएंगे।
- **इसमें दो प्रयोग शामिल हैं –**
  - माइक्रोएल्गी प्रयोग
  - सायनोबैक्टीरिया प्रयोग

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

◈ **भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (BAS) —**

- भारत का स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन
- **विकास एजेंसी:** ISRO
- **कक्षा (Orbit) :** निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO)
- **वजन :** 20 टन
- **मॉड्यूल :** 5 मॉड्यूल (स्वदेशी)
- **पूर्ण संचालन :** 2035 तक
- **BAS-01 (बेस मॉड्यूल):** लक्ष्य प्रक्षेपण: 2028



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धियाँ (2026–2040)




◈ **दूरबीन (Telescope)**

Telescope

- हबल (Hubble)
  - NASA द्वारा 1990 में प्रक्षेपित अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला
- **जेम्स वेब अंतरिक्ष दूरबीन (JWST)**
  - ✦ NASA (ESA और CSA के सहयोग से)
  - ✦ L-2 लैग्रेंज बिंदु
  - ✦ हबल का उत्तरवर्ती
- इवेंट होराइज़न टेलीस्कोप (Event Horizon Telescope)
  - ✦ भूमि-आधारित रेडियो दूरबीनों का वैश्विक नेटवर्क
  - ✦ 2019 में ब्लैक होल की पहली तस्वीर के लिए प्रसिद्ध

### Current Affairs

◈ S/2025 U1 यूरेनस का 29वाँ चंद्रमा है, जिसे जेम्स वेब टेलीस्कोप ने खोजा। **(Aug. 2025 C.A)**

◈ हबल अंतरिक्ष दूरबीन ने "बुल्सआई" गैलेक्सी (Bullseye Galaxy) की खोज की। **(May 2025 C.A)**

◈ **SPHEREx अंतरिक्ष दूरबीन (NASA) (Feb 2025 C.A)**

✦ **प्रक्षेपण यान :** Falcon-9 (SpaceX) ✦ **मिशन काल :** लगभग 2 वर्ष

✦ **पूरा नाम:** Spectro-Photometer for the History of the Universe, Epoch of Reionization and Ices Explorer

✦ **उद्देश्य:** ऑप्टिकल और निकट-अवरक्त (Near-Infrared) प्रकाश में पूरे आकाश का सर्वेक्षण

◈ **पुरुलिया वेधशाला – (Jan. 2025 C.A.)**

✦ **स्थित:** पांचेड़ हिल, पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) ✦ **स्थापना :** S. N. बोस सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज द्वारा

✦ **संचालन :** S. N. बोस सेंटर और सिद्धो कन्हो बिर्षा विश्वविद्यालय द्वारा

✦ पूर्वी भारत की पहली खगोलीय वेधशाला ✦ भारत में छठी खगोलीय वेधशाला

◈ **अलकनंदा आकाशगंगा (Alaknanda Galaxy)**

✦ इसे राशी जैन (भरतपुर) और योगेश वाडेकर (NCRA-TIFR, पुणे) द्वारा खोजा गया।

✦ NCRA-TIFR: नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स – टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फ़ंडामेंटल रिसर्च।

✦ इस खोज के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) से प्राप्त आँकड़ों (डेटा) का उपयोग किया गया।

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## अंतरिक्ष नीति और निजी क्षेत्र

### ◈ भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023

- **सूचित :** 2023, भारत सरकार द्वारा
- **उद्देश्य :** निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना, वाणिज्यीकरण को बढ़ाना और सतत अंतरिक्ष विकास सुनिश्चित करना
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - **ISRO:** अनुसंधान एवं विकास (R&D), उन्नत मिशन और प्रौद्योगिकी विकास पर केंद्रित।
  - **IN-SPACe:** सिंगल-विंडो प्राधिकरण, गैर-सरकारी संस्थाओं (NGEs) के लिए विनियमन और प्रोत्साहन।
  - **NSIL:** अंतरिक्ष उत्पादों, सेवाओं और क्षमता निर्माण के लिए वाणिज्यिक शाखा।
  - निजी खिलाड़ियों के लिए पूरी वैल्यू चेन को सक्षम बनाना: उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण सेवाएँ, ग्राउंड सिस्टम और डेटा एवं डाउनस्ट्रीम अनुप्रयोग।
- **आर्थिक लक्ष्य:**
  - **वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था:** ~USD 360 बिलियन (India- $9.6 बिलियन ≈ 2.5%, सर्वाधिक USA- 40%)
  - **भारत का लक्ष्य:**
    - ✓ 2030 तक $60 बिलियन की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था
    - ✓ लगभग 2 लाख रोजगार सृजन
- **रणनीतिक महत्व:**
  - अंतरिक्ष क्षेत्र में Make in India को बढ़ावा देता है।
  - FDI और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करता है।
  - भारत की स्थिति को एक प्रमुख वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में मजबूत करता है।

### Current Affairs

◈ तमिलनाडु - कर्नाटक और गुजरात के बाद देश में तीसरा राज्य बना जिसने अंतरिक्ष औद्योगिक नीति (Space Industrial Policy) को मंजूरी दी। **(June 2025 C.A.)**

◈ **टेक्नोलॉजी एडॉप्शन फंड (TAF) (Feb.2025 C.A.)**
- भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) द्वारा लॉन्च
- **उद्देश्य :** अंतरिक्ष क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना और अत्याधुनिक तकनीकों का वाणिज्यीकरण
- **कुल निधि :** ₹500 करोड़
- **पात्र:** भारतीय गैर-सरकारी संस्थाएँ (NGEs)
- **प्रत्येक परियोजना के लिए अधिकतम वित्तपोषण:** ₹25 करोड़

◈ **स्काईरूट का इन्फिनिटी कैंपस (Nov. 2025 C.A.)**
- **27 नवम्बर 2025:** प्रधानमंत्री ने हैदराबाद में Skyroot इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया।
- **इन्फिनिटी कैंपस:** लगभग 2,00,000 वर्ग फुट; डिज़ाइन और टेस्ट के लिए प्रक्षेपण यान; 1 कक्षीय रॉकेट/माह की क्षमता।

### ◈ VIKRAM-I (विक्रम-I)

- भारत का पहला निजी कक्षीय प्रक्षेपण यान
- स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित
- **स्तर:** दो-स्तरीय प्रक्षेपण यान
- **स्टेज-2:** *Kalam-250*
- **प्रक्षेपण स्थल :** श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश
- **उपयोग की गयी सामग्री:** एथिलीन-प्रोपिलीन-डाईन-टर्पोलीमर (EPDM) इन्सुलेशन

### ◈ Pixxel & Digantara (पिक्सेल और दिगंतर)

- भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप्स
- SpaceX के साथ उपग्रह प्रक्षेपित
- **Digantara**: विश्व का पहला वाणिज्यिक अंतरिक्ष कैमरा (SCOT) ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग के लिए (पृथ्वी की कक्षा में 5 सेंटीमीटर तक के वस्तुओं को ट्रैक करने में सक्षम)


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL
CERAMIC ACADEMY Shaping the future

## Current Affairs

- **फायरफ्लाई (Pixxel) – (Jan. 2025 C.A.)**
  - भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप Pixxel का उपग्रह समूह
  - 15 जनवरी 2025 – SpaceX Falcon-9 द्वारा Transporter-12 राइडशेयर मिशन के तहत प्रक्षेपित।
  - विश्व के सबसे हाई-रिज़ॉल्यूशन हाइपरस्पेक्ट्रल उपग्रह (~5 मीटर रिज़ॉल्यूशन)
  - कुल 6 उपग्रह, जिन्हें दो चरणों में प्रक्षेपित किया जाएगा।
- **झाँसी डांगेती - (June 2025 C.A.)**
  - Titan Space के ASCAN प्रोग्राम 2029 के लिए चयनित अंतरिक्ष यात्री।
  - NASA के International Air and Space Programme को पूरा करने वाली पहली भारतीय।
  - आंध्र प्रदेश की मूल निवासी
- ISRO ने मुस्कान फाउंडेशन के सहयोग से अरुणाचल प्रदेश में अंतरिक्ष प्रयोगशाला 'पासांग वांगचुक सोना (Pasang Wangchuk Sona)' स्थापित की। **(Aug. 2025 C.A)**
- ISRO और सेमीकंडक्टर लैब, चंडीगढ़ ने अंतरिक्ष से संबंधित अनुप्रयोगों के लिए माइक्रोप्रोसेसर विकसित किए, जिनके नाम हैं 'VIKRAM 3201' और 'KALPANA 3201'. (**March 2025 C.A.)**
- **भारत का पहला वाणिज्यिक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह समूह (Aug. 2025 C.A)**
  - IN-SPACe ने भारत का पहला स्वदेशी वाणिज्यिक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह समूह बनाने के लिए चार निजी कंपनियों के कंसोर्टियम का चयन किया।
  - **कंसोर्टियम (4 कंपनियाँ) :** Pixxel (मुख्य - बैंगलुरु), PierSight (अहमदाबाद), SatSure (बैंगलुरु), Dhruva Space (हैदराबाद)
  - **उपग्रह :** 12 स्वदेशी उपग्रह
  - **कुल निवेश :** अगले 5 वर्षों में ₹1200 करोड़
  - **क्षमताएँ :** सभी मौसमों में, दिन-रात इमेजिंग क्षमता
  - **उपकरण (Instruments):** पैनक्रोमैटिक, मल्टीस्पेक्ट्रल एवं हाइपरस्पेक्ट्रल सेंसर तथा सिंथेटिक अपर्चर रडार (SAR)
  - **उपयोग:** जलवायु निगरानी, आपदा प्रबंधन, कृषि योजना, भू-स्थानिक इंटेलीजेंस तथा मूल्य-संवर्धित सेवाएँ (Value-added services)
- ISRO की वाणिज्यिक इकाई 'न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL)' ने Astroscale Japan के उपग्रह ISSA-J1 के प्रक्षेपण (Launch) के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। **(Sep. 2025 C.A)**
- **ध्रुव स्पेस (हैदराबाद) (Sep. 2025 C.A)**
  - यह अपना पहला वाणिज्यिक मिशन LEAP-1 को SpaceX के Falcon-9 रॉकेट से प्रक्षेपित करेगा।
  - इस मिशन में ध्रुव स्पेस द्वारा विकसित स्वयं का उपग्रह प्लेटफॉर्म 'P-30' उपयोग में लिया जाएगा।
  - यह मिशन 'भारत–ऑस्ट्रेलिया रणनीतिक सहयोग (India-Australia Strategic Cooperation)' का हिस्सा है।
  - इसलिए 'P-30' प्लेटफॉर्म दो ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के पेलोड भी अंतरिक्ष में ले जाएगा—

    1. Nexus-01 2. Hyperspectral Imager OTR-2
- **वायुपुत्र (VayuPutra)-** Space Kidz India द्वारा विकसित भारत का पहला इलेक्ट्रिक रॉकेट **(Nov. 2025 C.A)**
- IIT बॉम्बे के स्टार्ट-अप 'Manastu Space' ने अपने ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम 'Vyom 2U' का PSLV-C60 पर POEM-4 का उपयोग करते हुए अंतरिक्ष में सफल परीक्षण किया। **(Jan. 2025 CA)**
- **PRATUSH (Sept. 2025 CA)**
  - PRATUSH - Probing Re-ionization of the Universe Using Signals from Hydrogen (हाइड्रोजन संकेतों का उपयोग करके ब्रह्मांड के पुनः आयनीकरण का अध्ययन)
  - इसे रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (RRI) द्वारा विकसित किया जा रहा है।
  - यह एक भविष्य का रेडियोमीटर (Future Radiometer) होगा, जिसे चंद्र कक्षा (Lunar Orbit) में स्थापित किया जाएगा।
  - यह ब्रह्मांड के इतिहास (History of the Universe) को समझने में सहायता करेगा।


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## अंतरिक्ष विभाग (DoS) – वर्षांत समीक्षा 2025

| मिशन / घटना | वर्ष / तिथि | मुख्य तथ्य |
|---|---|---|
| **तीसरा लॉन्च पैड** | 2025 | श्रीहरिकोटा में स्वीकृत; अगली पीढ़ी (Next-Gen) के प्रक्षेपण यानों तथा मानव अंतरिक्ष मिशनों को समर्थन देगा |
| **श्रीहरिकोटा से 100वाँ प्रक्षेपण** | 29 जनवरी 2025 | GSLV-F15 / NVS-02; GSO में स्थापित नेविगेशन उपग्रह |
| **IIT मद्रास में उत्कृष्टता केंद्र (CoE)** | मार्च 2025 | फ्लुइड एवं थर्मल साइंसेज़ पर केंद्रित; ISRO–शैक्षणिक संस्थान सहयोग |
| **स्टेशनरी प्लाज़्मा थ्रस्टर** | मार्च 2025 | 1000 घंटे का लाइफ टेस्ट सफल; इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन, ज़ेनॉन ईंधन, विशिष्ट आवेग (Isp) 6 गुना अधिक |
| **NE-SPARKS कार्यक्रम** | 2025 | पूर्वोत्तर (North-East) के छात्रों को अंतरिक्ष-अनुभव/एक्सपोज़र |
| **GLEX-2025** | मई 2025 | भारत द्वारा मेज़बानी; वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति |
| **सेमी-क्रायोजेनिक इंजन (SE-2000)** | मई 2025 | तीसरा हॉट टेस्ट सफल; SC120, L110 इंजन का स्थान लेगा |
| **HOPE एनालॉग मिशन सेट-अप** | अगस्त 2025 | • HOPE- Himalayan Outpost for Planetary Exploration<br>• ISRO द्वारा स्थापित<br>• लद्दाख के त्सो-कार (Tso Kar) में मंगल-सदृश (Mars-like) अध्ययन<br>• त्सो-कार घाटी चुनी गई क्योंकि वहाँ उच्च UV विकिरण, कम वायुदाब, अत्यधिक ठंड तथा लवणीय पर्माफ्रॉस्ट जैसी मंगल-सदृश स्थितियाँ हैं |
| **KALAM-1200 सॉलिड मोटर** | अगस्त 2025 | भारत का पहला निजी 11 मीटर मोनोलिथिक सॉलिड मोटर (Skyroot) |
| **राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस / NM 2.0** | अगस्त 2025 | थीम: विकसित भारत 2047 |
| **IADT-01 (गगनयान)** | अगस्त 2025 | इंटीग्रेटेड एयर-ड्रॉप पैराशूट टेस्ट सफल |
| **SSLV लॉन्च पैड – कुलसेकरपट्टिनम** | अगस्त 2025 | SSLV तथा निजी प्रक्षेपणों के लिए समर्पित |
| **MPTTF एवं ITPF सुविधाएँ** | सितंबर 2025 | थ्रस्टर परीक्षण तथा टाइटेनियम प्रोपेलेंट टैंक के लिए सुविधाएँ |
| **IAC-2025 (सिडनी)** | सितंबर–अक्टूबर 2025 | इंडिया स्पेस पैविलियन |
| **(न्यू एक्सोप्लेनेट डिस्कवरी)<br>New Exoplanet Discovery** | 2025 | TOI-6038A b; PRL (Physical Research Laboratory) द्वारा माउंट आबू वेधशाला में स्थित PARAS-2 स्पेक्ट्रोग्राफ से खोजा गया |
| **ISRO–SCTIMST समझौता** | 2025 | स्पेस मेडिसिन एवं मानव स्वास्थ्य अनुसंधान |

## राजस्थान विशेष

◈ **माउंट आबू इन्फ्रारेड वेधशाला (MIRO)**

- **स्थान:** गुरुशिखर, माउंट आबू, राजस्थान
- **स्थापना:** 1980 के दशक में
- **एजेंसी:** फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (PRL), अंतरिक्ष विभाग (Department of Space), भारत सरकार
- **प्रकार:** इन्फ्रारेड वेधशाला
- 1680 मीटर की ऊँचाई पर स्थित; इसमें 1.2 मीटर का इन्फ्रारेड टेलीस्कोप तथा कई बैक-एंड उपकरण लगे हैं, जिनमें एक नया उच्च-रिज़ॉल्यूशन ऑप्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर भी शामिल है।
- **प्रमुख कार्य:** सौर भौतिकी (Solar Physics), तारकीय खगोलशास्त्र (Stellar Astronomy) एवं इन्फ्रारेड अवलोकन
- **महत्व:** यह भारत की पहली अधिक ऊँचाई पर स्थित समर्पित इन्फ्रारेड वेधशाला है।


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

◈ **उदयपुर सोलर वेधशाला**




- **स्थान:** उदयपुर, राजस्थान (फतेह सागर झील के एक द्वीप पर स्थित)
- **स्थापना:** 1975
- **एजेंसी:** उदयपुर सोलर वेधशाला, फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी, अंतरिक्ष विभाग
- **प्रमुख कार्य:** सनस्पॉट, सौर चुंबकीय क्षेत्र (Solar Magnetic Fields) तथा सौर गतिविधियाँ
- **महत्व:** भारत के प्रमुख दीर्घकालिक सौर-अवलोकन केंद्रों में से एक

## Current Affairs

◈ **2024 BA20 - (April 2025 C.A)**

- यह एक क्षुद्रग्रह (Asteroid) है, जिसे महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पचपहाड़ (झालावाड़, राजस्थान) के छात्रों द्वारा खोजा गया।
- इस खोज को International Astronomical Search Collaboration (IASC) द्वारा मान्यता प्रदान की गई है।

## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम

| Planet / Other | Various Missions |
|---|---|
| **मंगल (Mars)** | ✦ **NASA-** पर्सीवेरेंस (Perseverance) ✦ **UAE -** Hope मिशन<br>✦ **भारत -** MOM (मार्स ऑर्बिटर मिशन/ मंगलयान)<br>✦ **चीन -** तियानवेन-I ✦ **जापान -** MMX (Martian Moons eXploration)<br>✦ मंगल का लैंडिंग मिशन – मंगल के वायुमंडलीय गतिकी (Atmospheric Dynamics) को समझने के लिए (2031 तक), भारत (अप्रैल 2024)<br>✦ **तीन नए क्रेटर**: (1) थार्सिस (Tharsis) ज्वालामुखीय क्षेत्र में [June 2024] (2) लाल, मुरसान, हिलसा (3) खोज: PRL, अहमदाबाद द्वारा |
| **चन्द्रमा (Moon)** | ✦ सोवियत संघ (USSR) – लूना-1, लूना-2, लूना-3 ✦ अमेरिका (USA) – अपोलो<br>✦ अमेरिका – आर्टेमिस – कक्षीय ✦ भारत – चंद्रयान-1, 2 और 3<br>✦ चीन – चांग'e-1 ✦ जापान – हाइटेन (Hiten)<br>✦ LUPEX – भारत और जापान द्वारा, 2028 तक<br>✦ **जापान – "मून स्नाइपर" मिशन:**<br>❍ दुनिया में पाँचवें देश के रूप में सतह पर उतरा (USSR, USA, चीन और भारत के बाद)<br>❍ **लैंडर:** SLIM (स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून) ❍ **रोवर:** LEV-1, LEV-2<br>❍ **उद्देश्य:** दक्षिणी ध्रुव पर स्थित शीओली क्रेटर का अध्ययन करना<br>✦ **नासा :-** ❍ क्यूरियोसिटी (Curosity) ❍ MAVEN ❍ Insight (Lander)<br>✦ **नासा – आर्टेमिस – 3 (USA) :-** (1) मानव मिशन: वर्ष 2026 तक (2) 11 सदस्य देशों के साथ (भारत को छोड़कर) (3) महिला और गैर-श्वेत अंतरिक्ष यात्री<br>✦ **ओडिसियस** – पहली निजी क्षेत्र की (USA) अंतरिक्ष यान जो दक्षिणी ध्रुव तक पहुँची<br>❍ IM – 1 Mission ❍ उपग्रह: फाल्कन-9 द्वारा<br>✦ **चांग'e-6 चंद्र मिशन (चीन)**<br>❍ दक्षिणी ध्रुव के एइटकेन (Aitken) बेसिन से नमूने लाना ❍ **उपग्रह**: लांग मार्च – 548 द्वारा |
| **बृहस्पति** | NASA – जूनो (JUNO) |
| **शुक्र** | NASA – Magellan |
| **बुध** | NASA – Messenger |

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...

◈ **आर्टेमिस समझौता (Artemis Accords )**

- अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण नागरिक अन्वेषण के लिए गैर-बाध्यकारी सिद्धांतों का समूह
- **स्थापना** – 2020 में नासा और अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा 7 संस्थापक साझेदारों (ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्ज़मबर्ग, UAE, यूके) के साथ
- **दायरा:** चन्द्रमा, मंगल, धूमकेतु, और क्षुद्रग्रह।
- **सदस्य देश:** 59 देश (भारत – 27वाँ (2023) और फिलीपींस – 59वाँ (अक्टूबर 2025))
- **आधार:** यह 1967 के आउटर स्पेस समझौते पर आधारित है।
- **मुख्य विचार:** अंतरिक्ष, मानवता की साझा धरोहर है; कोई राष्ट्रीय अधिकार नहीं; केवल शांतिपूर्ण उपयोग।

## Current Affairs

◈ **नासा लूनर लैंडर "एथीना" (Feb. 2025 C.A)**

◈ **स्टारशिप संस्करण 2: (August 2025 C.A)**

- एलोन मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने 13 अक्टूबर को स्टारशिप का 11वां उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया।

## ISRO कार्यक्रम

◈ **UNNATI कार्यक्रम (UNispace Nanosatellite Assembly & Training by ISRO) –**

- **आयोजक:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार
- **कार्यक्रम का नाम:** UNNATI (*UNispace Nanosatellite Assembly & Training by ISRO*)
- **उद्देश्य:** भाग लेने वाले विकासशील देशों को नैनोसेटेलाइट के असेंबलिंग, इंटीग्रेशन और परीक्षण में क्षमता बढ़ाने का अवसर प्रदान करना
- **घोषणा:**
  - 2018 में वियना में घोषणा
  - UNISPACE+50 (शांति हेतु अंतरिक्ष उपयोग पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के 50 साल) की स्मरणीय संगोष्ठी के दौरान
- **प्रशिक्षण केंद्र:** यू. आर. राव सैटेलाइट सेंटर (URSC), बेंगलुरु
- **उपलब्धियाँ:** अब तक 33 देशों के 60 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया

◈ **यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम (YUVIKA) –**

- **आयोजक:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
- **पूरा नाम:** YUva VIgyani KAryakram (YUVIKA)
- **उद्देश्य:**
  - "Catch them young" के तहत छात्रों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों का बुनियादी ज्ञान प्रदान करना
  - छात्रों को STEM-आधारित शिक्षा और शोध करियर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना
- **लक्ष्य समूह:**
  - कक्षा 9 में पढ़ रहे छात्र (01 जनवरी 2025 तक)
  - यह कार्यक्रम केवल भारत के भीतर के छात्रों के लिए लागू है
- **कार्यक्रम केंद्र (7):**
  1. भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (IIRS), देहरादून
  2. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC), तिरुवनंतपुरम
  3. सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC), श्रीहरिकोटा
  4. यू. आर. राव सैटेलाइट सेंटर (URSC), बेंगलुरु
  5. स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (SAC), अहमदाबाद
  6. राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (NRSC), हैदराबाद
  7. उत्तर-पूर्वी अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (NE-SAC), शिलांग
- **सुविधाएँ:** कोर्स सामग्री, आवास और भोजन की पूरी व्यवस्था ISRO द्वारा



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

❖ **शिक्षा गगन**

- अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आधारित एक स्वयं-संचालित ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफ़ॉर्म
- कोर्स, ISRO के E-CLASS लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) के माध्यम से मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (MOOC) के रूप में उपलब्ध हैं।
- वीडियो, अध्ययन सामग्री और मूल्यांकन शामिल

❖ **स्पेस वार्ता**

- ISRO के वैज्ञानिकों द्वारा इंटरैक्टिव लाइव टॉक आयोजित किए जाते हैं।
- इसमें सिद्धांत, मिशन, अनुभव और सफलता की कहानियाँ समझाई जाती हैं।

❖ **स्काई-पिक्स (SKY-PICKS)**

- अंतरिक्ष में रुचि रखने वाले बच्चों के लिए एक रचनात्मक मंच है।
- बच्चों द्वारा भेजे गए चित्र, पेंटिंग, फोटो और वीडियो शामिल
- खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष से संबंधित विषयों पर ध्यान केन्द्रित
- सबसे अच्छे योगदानों का मूल्यांकन ISRO द्वारा किया जाता है और उन्हें सम्मानित किया जाता है।

❖ **SPARK – स्पेस पार्क**

- ISRO का पहला 3D वर्चुअल स्पेस टेक्नोलॉजी पार्क।
- म्यूजियम, थियेटर, वेधशाला और रॉकेट प्रदर्शन शामिल
- सैटेलाइट, लॉन्च वाहन और मिशनों की इंटरैक्टिव खोज का अनुभव
- शीर्ष ISRO वैज्ञानिकों की प्रोफ़ाइल तक पहुँच उपलब्ध
- ISRO की आधिकारिक वेबसाइट पर बीटा संस्करण उपलब्ध

❖ **अंतरिक्ष नवाचार (ANTRIKSH NAVACHAR)**

- यह युवा नवप्रवर्तकों के लिए एक मंच है जहाँ वे अपने विचार और परियोजनाएँ प्रस्तुत कर सकते हैं।
- यह मॉडल, सॉफ्टवेयर, शोध और समस्या समाधान के उपाय स्वीकार करता है।

❖ **स्पेस क्विज़:** यह युवा छात्रों के लिए एक ऑनलाइन क्विज़ प्लेटफ़ॉर्म है। ISRO नियमित रूप से समयबद्ध गतिविधि के रूप में स्पेस क्विज़ आयोजित करता है।

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

**Current Affairs**

- **19 अप्रैल** – Technology Day/ प्रौद्योगिकी दिवस (वर्ष 2000 से मनाया जाता है, भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट के प्रक्षेपण की स्मृति में)
- **23 अगस्त** – राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित, चंद्रयान-3 के सफल सॉफ्ट लैंडिंग के बाद, 23 अगस्त 2023 को)


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## PYQ

**1. ISRO का मुख्यालय कहाँ स्थित है ? [LDC 2011]**
(a) मुम्बई (b) हैदराबाद
(c) बंगलोर (d) दिल्ली

**2. स्पुतनिक -2 में भेजे गये कुत्ते का नाम था [LDC 2011]**
(a) डोली (Dolly) (b) लुसी (Lucy)
(c) लाइवर (Liger) (d) लाइका (Laika)

**3. किस अंतरिक्ष यान में कल्पना चावला की मृत्यु हुई थी ? [LDC 2011]**
(a) आर्यभट्ट (b) सेल्युट-7 (Salyut - 7)
(c) कोलम्बिया (d) इनसेट-2 (INSAT 2)

**4. इसरो द्वारा निर्मित कुछ उपग्रहों की सूची उनके प्रक्षेपण की दिनांक के साथ नीचे दी गई है। इन उपग्रहों में से जो दो अपनी कक्षा तक पहुँचने में विफल रहे, वे हैं : [RAS Pre 2013]**

| उपग्रह | प्रक्षेपण की दिनांक |
|---|---|
| (A) GSAT-2 | 8 मई 2003 |
| (B) GSAT-4 | 15 अप्रैल 2010 |
| (C) GSAT-5P | 25 दिसम्बर 2010 |
| (D) GSAT-12 | 15 जुलाई 2011 |

कूट: (a) (A) तथा (B) (b) (B) तथा (C)
(c) (C) तथा (D) (d) (D) तथा (A)

**5. अंतरिक्ष विभाग का मुख्यालय जहाँ स्थापित है – [Asst. Jailor – 2013]**
(a) अहमदाबाद (b) बेंगलुरु
(c) नई दिल्ली (d) तिरुवनंतपुरम

**6. भारत द्वारा, मंगल ऑर्बिटर अंतरिक्ष यान जहाँ से छोड़ा गया- [Asst. Jailor – 2013]**
(a) श्रीहरिकोटा (b) थुबा
(c) कल्पक्कम (d) तारापुर

**7. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संघ किस वर्ष में स्थापित हुआ था? [Asst. Jailor – 2013]**
(a) 1948 (b) 1969
(c) 1978 (d) 1999

**8. भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान जहाँ स्थित है- [Asst. Jailor – 2013]**
(a) हैदराबाद (b) इंदौर
(c) तारापुर (d) तिरुवनंतपुरम

**9. नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी जहाँ स्थित है – [Asst. Jailor – 2013]**
(a) अहमदाबाद (b) बेंगलुरु
(c) हैदराबाद (d) श्रीहरिकोटा

**10. निम्नलिखित जोड़ों का मिलान करें : [RAS Pre 2016]**

| प्रक्षेपण यान | उपग्रह |
|---|---|
| (i) उपग्रह प्रक्षेपण यान-3 (SLV-3) | A. चंद्रयान-1 |
| (ii) संवर्धित उपग्रह प्रक्षेपण यान (ASLV) | B. रोहिणी |
| (iii) ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) | C. SROSS-C |
| (iv) भूस्थैतिकीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (GSLV) | D. EDUSAT |

कूट :
(a) B C A D (b) A B C D
(c) C A B D (d) B C D A

**11. सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र स्थित है [Clerk GR II 2013]**
(a) श्रीहरिकोटा (b) अहमदाबाद
(c) हैदराबाद (d) देहरादून

**12. अंतरिक्ष में स्थापित किया जाने वाला पहला भारतीय उपग्रह था [Clerk GR II 2013]**
(a) रोहिणी (b) भास्कर-I
(c) चंद्रयान-I (d) आर्यभट्ट

**13. निम्नलिखित में से कहाँ इसरो (ISRO) केन्द्र है ? [Clerk GR II 2013]**
(a) शिलांग (b) कोटा
(c) कोहिमा (d) जैसलमेर

**14. परा उच्च आवृत्ति (UHF) की तरंगें साधारणतः संचारित की जाती हैं : [RAS Pre– 2018]**
(a) भू-तरंगों के रूप में (b) आकाश तरंगों के रूप में
(c) अंतरिक्ष तरंगों के रूप में (d) पृष्ठ तरंगों के रूप में

**15. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए: [RAS Pre– 2018]**

| इसरो के केन्द्र | स्थान |
|---|---|
| A. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र (VSSC) | तिरुवनंतपुरम (केरल) |
| B. यू.आर. राव उपग्रह केन्द्र (URSC) | बेंगलुरु (कर्नाटक) |
| C. राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र (NRSC) | देहरादून (उत्तराखण्ड) |
| D. भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (IIRS) | हैदराबाद (तेलंगाना) |

**उपरोक्त में से कौन से युग्म सुमेलित हैं?**
(a) केवल A तथा B (b) केवल A, B तथा C
(c) केवल B, C तथा D (d) A, B, C तथा D

**16. 15 फरवरी 2017 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र, श्रीहरिकोटा से रिकॉर्ड 104 उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इस प्रक्षेपण के लिए प्रयुक्त प्रक्षेपण यान था – [Sub Inspector 2016]**
(a) PSLV-C33 (b) GSLV-C33
(c) PSLV-C37 (d) GSLV-C37

CERAMIC ACADEMY Shaping the future



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

**17. भारत के उपग्रह प्रक्षेपण यान GSLV MK III के संदर्भ में निम्न लिखित कथनों पर विचार कीजिए : [Asst. Engineer– 2018]**

(A) इसरो द्वारा विकसित यह एक त्रिस्तरीय भारी उत्थापन प्रक्षेपण यान है।

(B) इस यान में दो ठोस स्ट्रैप–ऑन, एक तरल कोर बूस्टर एवं एक क्रायोजेनिक ऊपरी स्टेज है।

(C) यह 10 टन श्रेणी के उपग्रह को भुतुल्यकाली अंतरण कक्षा (GTO) में प्रमोचित करने में सक्षम है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है।**

(a) सभी (A), (B) एवं (C) (b) सिर्फ (A) एवं (B)
(c) सिर्फ (A) एवं (C) (d) सिर्फ (A)

**18. PSLV का पूर्ण विस्तार है [Protection Officer – 2018]**

(a) पब्लिक सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल
(b) पीपल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल
(c) पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल
(d) प्रोडक्शन सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल

**19. भारत में अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रमों के विकास के लिए जिम्मेदार एजेंसी है : [Protection Officer – 2018]**

(a) HAL (b) ISRO
(c) BARC (d) ICARI

**20. भारत के द्वारा विकसित किया गया सबसे बड़ा उपग्रह प्रक्षेपण वाहन है – [ACF And Forest Range Officer – 2018]**

(a) GSLV MK–II (b) GSLV–I
(c) PSLV–XL (d) PSLV–CA

**21. इंसान को चन्द्रमा पर ले जाने वाला प्रथम अन्तरिक्ष-यान था: [Sub Inspector – 2021]**

(a) हीलियस-B (b) लुना-9
(c) अपोलो-II (d) अपोलो-I

**22. भारत का प्रथम उपग्रह जिसकी सम्पूर्ण रचना (डिजाइन) एवं निर्माण भारत में हुआ है : [Sub Inspector – 2021]**

(a) GSAT-30 (b) IRNSS
(c) आर्यभट्ट (d) EOS-01

**23. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना कब की गई ? [Sub Inspector – 2021]**

(a) 1 अगस्त, 1969 (b) 10 अगस्त, 1966
(c) 12 अगस्त, 1969 (d) 15 अगस्त, 1969

**24. चन्द्रयान-2 के 'लैण्डर' का नाम था– [Sub Inspector – 2021]**

(a) प्रज्ञान (b) परम
(c) विजय (d) विक्रम

**25. निम्न में से कौन-सा संचार उपग्रहों द्वारा उपयोग की जाने वाली कक्षा का एक प्रकार है जो उन्हें पृथ्वी की सतह के सापेक्ष एक निश्चित स्थिति में रहने की अनुमति देता है? [Assistant Engineer – Civil 2022]**

(a) निम्न पृथ्वी कक्षा (b) भूस्थैतिक कक्षा
(c) ध्रुवीय कक्षा (d) सूर्य समकालिक कक्षा

**26. इसरो द्वारा आयोजित "युविका 2025" के लिए निम्न कथनों पर विचार कीजिए : [Deputy Jailor (P-II) – 2024]**

**कथन (A) :** यह कार्यक्रम स्कूली बच्चों के लिए आयोजित किया गया था।

**कथन (B) :** यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में STEM आधारित अनुसंधान के प्रोत्साहन के लिए था।

(a) कथन (A) और (B) दोनों सत्य हैं।
(b) केवल कथन (A) सत्य है।
(c) केवल कथन (B) सत्य है।
(d) कथन (A) और (B) दोनों असत्य हैं।

**27. शैक्षिक उद्देश्यों के लिए निर्मित भारत का प्रथम उपग्रह है: [P.R.O. Exam 2024]**

(a) इनसेट (b) आर्यभट्ट
(c) कार्टोसेट-2 (d) जीसेट-3

**28. राष्ट्रीय जीआईएस मिशन के संदर्भ में जीआईएस का क्या अर्थ है ? [Asst. Engineer (Pre) – 2024]**

(a) भौगोलिक एकीकृत प्रणाली (b) भू-स्थानिक सूचना प्रणाली
(c) भौगोलिक सूचना प्रणाली (d) वैश्विक अवसंरचना समर्थन

**29. निम्नलिखित उपग्रह सेवाओं पर विचार करें : [Sub Inspector (Telecom) - 2024]**

A. प्रसारण उपग्रह सेवा (BSS)
B. मोबाइल उपग्रह सेवा (MSS)
C. पृथ्वी अन्वेषण उपग्रह सेवा (EESS)

**उपरोक्त में से कौन सी वैध उपग्रह आधारित सेवाएं हैं ?**

(a) केवल A और C (b) केवल B और C
(c) केवल A और B (d) A, B और C सभी

**30. उपग्रहों के उद्देश्यों के संबंध में स्तम्भ-I और स्तम्भ-II का मिलान कीजिए और सही विकल्प चुनिए : [Sub Inspector (Telecom) – 2024]**

**स्तम्भ-I (संचार उपग्रह)**

A. जीसैट-N2 B. जीसैट-24 C. सीएमएस-01

**स्तम्भ-II (उद्देश्य)**

i. डीटीएच अनुप्रयोग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए।
ii. सम्पूर्ण भारत में ब्रॉडबैंड और उड़ान के दौरान कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए।
iii. विस्तारित C बैंड में सेवा प्रदान करने के लिए।

| | A B C | | A B C |
|---|---|---|---|
| (a) | i ii iii | (b) | ii iii i |
| (c) | iii i ii | (d) | ii i iii |



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

**31. "UNNATI" एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है -**
**[Protection Officer 2024]**
(a) ICAR के द्वारा नैनोपेस्टिसाइड पर
(b) ISRO के द्वारा नैनोसैटेलाइट असेम्बली और बिल्डिंग पर
(c) ICMAR के द्वारा नैनोमेडिसिन पर
(d) DST के द्वारा नैनोबायोटेक्नोलॉजी पर

**32. स्तंभ-I में कुछ भारतीय उपग्रहों की सूची है तथा स्तंभ-II में कुछ प्रमोचन वाहनों की सूची है। स्तंभ-I की प्रविष्टियों का स्तंभ-II की प्रविष्टियों से सुमेलन कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए–**
**[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**

| स्तंभ-1 | स्तंभ-II |
|---|---|
| (A) EOS-03 | (i) SSLV-D2 |
| (B) EOS-04 | (ii) PSLV-C54 |
| (C) EOS-06 | (iii) GSLV-F10 |
| (D) EOS-07 | (iv) PSLV-C52 |

कूट:
(a) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(b) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(i)
(c) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)
(d) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)

**33. निम्नलिखित में से कौनसी विशेषता भूस्थिर उपग्रह की नहीं है?**
**[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(a) ऊँचाई 36000 कि.मी.
(b) व्याप्ति क्षेत्र ग्लोब का 1/3 भाग
(c) उपयोग - दूरसंचार
(d) कक्षीय अवधि - हर दिन 14 कक्षीय चक्कर

**34. 'SPOT' शब्द किसे संदर्भित करता है?**
**[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(a) संवेदक का प्रकार (b) उपग्रह का नाम
(c) जी.आई.एस. सॉफ्टवेयर (d) यू.एस.ए. का प्रक्षेपण केन्द्र

**35. प्रथम जी.पी.एस. उपग्रह का प्रक्षेपण किस वर्ष में किया गया था?** **[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(a) 1979 (b) 1977
(c) 1976 (d) 1978

**36. जी.पी.एस. उपग्रहों के द्वारा किस प्रकार के सिग्नल प्रसारित किए जाते हैं?** **[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(a) निकट अवरक्त (b) तापीय अवरक्त
(c) रेडियो (d) गामा

**37. सूर्य-तुल्यकालिक उपग्रहों के संदर्भ में कौनसा कथन सही है?**
**[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(a) ये निकट-ध्रुवीय कक्षा में स्थित किये जाते हैं।
(b) व्याप्ति क्षेत्र ग्लोब का लगभग 1/3 भाग है।
(c) कक्षीय अवधि 24 घण्टे है।
(d) ऊँचाई की सीमा 20,000 कि.मी. से 36,000 कि.मी. के मध्य है।

**38. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिए-** **[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**

| सूची-1 (उपग्रह) | सूची-II (अनुप्रयोग) |
|---|---|
| (A) आई.आर.एस. - P6 (रिसोर्ससैट-1) | (i) आपदा प्रबन्धन |
| (B) इनसैट-3D | (ii) महासागरीय स्थिति का पूर्वानुमान |
| (C) ओशनसैट-3 | (iii) समय एवं स्थान सम्बन्धित सेवा |
| (D) नाविक | (iv) मौसम पूर्वानुमान |

कूट -
(a) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(iii), (D)-(ii)
(b) (A)-(i), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(iii)
(c) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(d) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(iii)

**39. जी.पी.एस. का प्रयोग करते समय न्यूनतम कितने उपग्रह प्रेक्षण के लिए उपलब्ध होने चाहिए?** **[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(a) छः (b) दो
(c) चौबीस (d) चार

**40. ई.ओ.एस.-08 उपग्रह द्वारा ले जाए गए पेलोड (जी.एन.एस.एस. आर.) के उपयोग हैं –** **[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(A) आन्तरिक जलक्षेत्र का पता लगाना
(B) बाढ़ का पता लगाना
(C) नगरीय भू उपयोग मानचित्रण
(D) मिट्टी की नमी का आकलन
**दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए -**
(a) (B), (C) और (D) (b) (A), (C) और (D)
(c) (A), (B) और (D) (d) (A), (B) और (C)

**41. भारतीय सुदूर संवेदन उपग्रह आई.आर.एस.-1ए की ध्रुवीय सूर्य समकालिक कक्षा की ऊँचाई कितनी है?**
**[Asst. Testing Officer 2024]**
(a) 3600 कि.मी. (b) 2000 कि.मी.
(c) 36872 कि.मी. (d) 904 कि.मी.

**Answer Key**

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | c | 2 | d | 3 | c | 4 | b | 5 | b | 6 | a | 7 | b | 8 | d | 9 | c | 10 | a | 11 | a | 12 | d |
| 13 | a | 14 | c | 15 | a | 16 | c | 17 | b | 18 | c | 19 | b | 20 | a | 21 | * | 22 | c | 23 | d | 24 | d |
| 25 | b | 26 | a | 27 | d | 28 | c | 29 | d | 30 | d | 31 | b | 32 | b | 33 | d | 34 | b | 35 | d | 36 | c |
| 37 | a | 38 | b | 39 | d | 40 | c | 41 | d | | | | | | | | | | | | | | |


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

# NOTES

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

# 3 रक्षा प्रौद्योगिकी

## SECTION 1 रक्षा प्रशासन और संगठनात्मक ढाँचा

### 1.1 रक्षा मंत्रालय (MoD)

**5 विभाग**

- रक्षा विभाग (DoD) 1947
- रक्षा उत्पादन विभाग (DDP), 1964
- भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग (DESW), 2004
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (DD, R & D), 1958
- सैन्य मामलों का विभाग (DMA), 2020

### रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (DD R & D), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्य करता है संचालित होता है।
- **विजन:** राष्ट्र को अत्याधुनिक स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों के साथ सशक्त बनाना।
- **मिशन:** महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों में आत्मनिर्भरता हासिल करना तथा थल सेना, नौसेना और हवा सेना को सामरिक ऑपरेशनल आवश्यकता के अनुरूप आधुनिक उपकरणों से लैस करना।
- **आदर्श वाक्य: "बालस्य मूलम विज्ञानम्"** - शक्ति का स्रोत विज्ञान है
- **DRDO का विकास:**
  - 1958 में स्थापित।
  - **निम्न के मिलने से बना:**
    - भारतीय सेना के तकनीकी विकास प्रतिष्ठान (TDE)
    - तकनीकी विकास और उत्पादन निदेशालय (DTDP)
    - रक्षा विज्ञान संगठन (DSO)
  - शुरुआत में 10 प्रयोगशालाओं के साथ शुरु किया गया।
- **DRDO की वर्तमान संरचना:** 41 प्रयोगशालाओं और 5 DRDO युवा वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं (DYSLs) का नेटवर्क।

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

**DRDO**

**तकनीकी क्लस्टर**

1. इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली
2. मिसाइल और सामरिक प्रणालियाँ
3. सैनिक सहायता प्रणाली
4. वैमानिकी प्रणाली (Aeronautical system)
5. शस्त्रागार और युद्ध इंजीनियरिंग प्रणाली
6. माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कम्प्यूटेशनल सिस्टम और साइबर सुरक्षा
7. नौसेना प्रणाली और सामग्री

**कॉर्पोरेट क्लस्टर**

1. प्रौद्योगिकी प्रबंधन
2. उत्पादन समन्वय और सेवाएं
3. संसाधन और प्रबंधन
4. मानव संसाधन
5. ब्रह्मोस



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## SECTION 2 मिसाइल सिस्टम - वर्गीकरण और विकास




   - **'सार्कोपीनिया' से संबंध** — पृथ्वी पर वृद्धावस्था में होने वाली मांसपेशी क्षय जैसी स्थिति।
   - **महत्त्व** — वृद्धजनों एवं अंतरिक्ष यात्रियों हेतु उपचार विकास में सहायक।

## ◈ GlowCas9: वास्तविक समय में जीन संपादन का अवलोकन

- **विकसित** — बोस संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा।
- **प्रमुख शोधकर्ता** — Basudeb Maji
- **GlowCas9 क्या है?**
  - एक जैव-दीप्तिमान (Bioluminescent) CRISPR-Cas9 प्रोटीन जो जीन संपादन के दौरान प्रकाश उत्सर्जित करता है।
- **यह कैसे कार्य करता है:**
  - Cas9 को विभाजित नैनो-ल्यूसीफरेज़ एंज़ाइम से जोड़ा गया।
  - जब Cas9 सही ढंग से मुड़ता (fold) है, तब एंज़ाइम भाग पुनर्संयोजित होकर प्रकाश उत्सर्जन करते हैं।
- **मुख्य लाभ:**
  - जीवित कोशिकाओं में जीन संपादन को वास्तविक समय में बिना नष्ट किए देखना संभव।
- **अतिरिक्त विशेषताएँ:**
  - थर्मोस्टेबल (उच्च ताप पर सक्रिय)।
  - सटीक DNA सुधार हेतु HDR को बढ़ाता है।
- **अनुप्रयोग:**
  - आनुवंशिक रोगों के संभावित उपचार (जैसे सिकल सेल एनीमिया, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी)।
  - पादप प्रणालियों में ट्रैक किया जा सकता है (नॉन-ट्रांसजेनिक फसल सुधार)।

## ◈ सूर्य-प्रकाश आधारित C-F बंध सक्रियण :

- **विकसित** — S. N. Bose National Centre for Basic Sciences के वैज्ञानिकों द्वारा
- **विभाग** — विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग (DST) के अंतर्गत

**पृष्ठभूमि**

- **C–F बंध (कार्बोन-फ्लोरीन बंध)** — सबसे मजबूत रासायनिक बंधों में से एक, तोड़ना कठिन।
- **महत्त्व** — फ्लोरीनयुक्त यौगिकों के पुनर्चक्रण तथा दवा एवं कृषि-रसायन संश्लेषण हेतु आवश्यक।

**नवाचार**

- विषम प्रकाश उत्प्रेरक के रूप में कोवैलेंट ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स (COFs) का उपयोग।
- COFs स्थिर, छिद्रयुक्त, उच्च सतह क्षेत्र वाले तथा संरचनात्मक रूप से समायोजन करने योग्य होते हैं।

**प्रक्रिया एवं परिणाम**

- **नीली रोशनी या प्राकृतिक सूर्यप्रकाश में —:**
  - C–F बंध टूटते हैं।
  - अमीन न्यूक्लियोफाइल्स द्वारा C–N बंध बनते हैं।

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

**महत्त्व**

- पहली बार COF-आधारित प्रकाश-उत्प्रेरक द्वारा C–F ⟶ C–N रूपांतरण का प्रदर्शन।
- **अनुप्रयोग:**
  - औषधि उद्योग
  - कृषि-रसायन
- प्राकृतिक उत्पादों के निर्माण हेतु आधारभूत संरचनाएँ

## पाईरोलिसिस द्वारा बायो-बिटुमेन (जनवरी 2026)

- 'Clean, Green Highways' पहल के तहत
- **नई दिल्ली में Bio-Bitumen via Pyrolysis हेतु तकनीक हस्तांतरण कार्यक्रम** — CSIR-CRRI एवं CSIR-IIP की स्वदेशी नवाचार।
- **Bio-Bitumen via Pyrolysis** — कृषि अवशेष (धान का भूसा) से सड़क निर्माण हेतु बायो-बिटुमेन का उत्पादन।
- **क्षेत्र में परीक्षण** — मेघालय में जोराबाट-शिलोंग एक्सप्रेसवे (NH-40) पर 100-मीटर परीक्षण खंड।
- CSIR विश्व का प्रथम संस्थान जिसने एक वर्ष के भीतर बायो-बिटुमेन को औद्योगिक/व्यावसायिक स्तर तक पहुँचाया।

## OncoMark

- यह एक AI-आधारित फ्रेमवर्क है जो आणविक स्तर पर कैंसर व्यवहार को समझने और निदान में सहायता करता है।
- विकसित — SN Bose National Centre for Basic Sciences एवं Ashoka University द्वारा।

---

## PYQ

**1. निम्नलिखित में से बन्दर का क्लोन है। (LDC 2011)**
(a) डोली (Dolly) (b) एन्ड्री (Andry)
(c) पोली (Polly) (d) चाली (Charlie)

**2. निम्नलिखित में से एक ट्रान्सजेनिक जन्तु है (LDC 2011)**
(a) पोमेटो (Pomato) (b) प्लमकोट (Plumcot)
(c) जीप (Geep) (d) कोई नहीं

**3. निम्नलिखित में एक IVF का उदाहरण है (LDC 2011)**
(a) गिफ्ट (GIFT) (b) परखनली शिशु पद्धति
(c) जुड़वा (d) इनमें से कोई नहीं

**4. हाइड्रोपोनिक्स (Hydroponics) में अध्ययन किया जाता है। (LDC 2011)**
(a) जल में ध्वनि का
(b) ध्वनि का जल पर प्रभाव
(c) हरित गृह (Green House) में पादप संवर्धन
(d) मिट्टी के बिना पादप संवर्धन

**5. निम्नलिखित में से एक IVF का उदाहरण है – (ASST. CONSERVATOR FOREST 2011)**
(a) GIFT (b) ZIFT
(c) AID (d) (a) तथा (b) दोनों

**6. निम्नलिखित में से एक जन्म नियंत्रण की विधि है - (ASST. CONSERVATOR FOREST 2011)**
(a) GIFT (b) IVF
(c) IUD (d) ZIFT

**7. निम्नलिखित में उन्नत नस्ल नहीं है – (ASST. CONSERVATOR FOREST 2011)**
(a) बीटी कपास (b) जीएम तंबाकू
(c) एपिस (d) व्हाइट लेग हॉर्न

**8. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सही है ? (RAS Pre 2013)**
(a) लाइगेसज – आण्विक कैंची
(b) लाइगेसज – आण्विक सीवनकार
(c) रेस्ट्रिक्शन एन्डोन्यूक्लिएज – आणविक सीवनकार
(d) डी.एन.ए. पॉलिमरेज – आण्विक कैंची

**9. सुनहरी (गोल्डन) चावल है : (RAS Pre 2013)**
(a) चीन की पीली नदी के तट पर उगाई गई चावल की एक किस्म
(b) लम्बे समय के उपरान्त पीली आभा (टिन्ट) वाले चावल
(c) एक ट्रांसजेनिक चावल की किस्म जिसमें कैरोटीन के लिए जीन उपलब्ध है।
(d) चावल की एक जंगली किस्म जिसमें पीले रंग के चावल होते हैं।

**10. निम्न फसल समूहों में से कौन सा समूह ऐसा है जिसमें कोई फसल/फसलें जैव-ईंधन के रूप में प्रयुक्त नहीं की जा सकती? (RAS Pre 2013)**
(a) जेट्रोफा, गन्ना, पाम (b) मसूर, चुकन्दर, गेहूँ
(c) सोयाबीन, मक्का, रेपसीड (d) गन्ना, मक्का, सरसों

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं दिए गये कूट की सहायता से सही कथनों का चयन कीजिए:(RAS Pre 2016)**


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

A. सर्वप्रथम व्यावसायीकरण किए जाने वाला, आनुवंशिक रूप से अभियांत्रिकृत फसल उत्पाद, फ्लेवर-सेवर टमाटर था।
B. फ्लेवर-सेवर के पके हुए फल अधिक अवधि के लिए दृढ़ रहते हैं एवं पौधे पर पकने के बाद बाजार में स्थानान्तरित किए जा सकते हैं।
C. फ्लेवर-सेवर के पके हुए फलों में रंग होता है किन्तु पौधे पर पके फलों जैसे पूर्ण सुविकसित स्वाद का अभाव होता है।

**कूट :**
(a) A एवं B (b) B एवं C
(c) A एवं C (d) A, B एवं C

**12. एक वयस्क सोमेटिक कोशिका से क्लोन की गई पहली स्तनधारी, डॉली (भेड़) के बारे में कौन सा तथ्य सही नहीं है ? (RAS Pre 2016)**
(a) डॉली वर्ष 1998 में पैदा हुई थी।
(b) डॉली की मृत्यु 2003 में हुई थी।
(c) डॉली स्कॉटलैंड में पैदा हुई।
(d) फेफड़ों की बीमारी के कारण डॉली का निधन हुआ।

**13. मार्च 2023 में जन्मी, भारत की प्रथम क्लोनित गाय 'गंगा' किस नस्ल की है ? [RAS 2024]**
(a) साहिवाल (b) गिर
(c) थारपारकर (d) नागौरी

**14. पशुओं, विशेषकर दुग्धारू के अनुपूरक भोजन के रूप में प्रमुख जैव-उर्वरक है : (RAS Pre 2016)**
(a) एजोटोबैक्टर (b) अजोसपिरिलियम
(c) राइजोबियम (d) अजोला

**15. 'सोनालिका' और 'मालविका' निम्नलिखित में से किस फसल की विकसित जात्तियाँ हैं ? (Junior Accountant and TRA - 2013)**
(a) मक्का (b) धान
(c) चना (d) गेहूँ

**16. अवायवीय जीवाणु जन्तु अपशिष्ट का पाचन कर बायोगैस का उत्पादन करते हैं (परिवर्तन–A)।**
**बायोगैस ईंधन के रूप में जलाई जाती है (परिवर्तन–B) ।**
**सही कथन का चयन कीजिए : (Junior Accountant and TRA - 2013)**
(a) प्रक्रिया-A एक रासायनिक परिवर्तन है तथा प्रक्रिया-B एक भौतिक परिवर्तन है।
(b) प्रक्रिया-A एक भौतिक परिवर्तन है तथा प्रक्रिया-B एक रासायनिक परिवर्तन है।
(c) दोनों प्रक्रियाएँ A व B रासायनिक परिवर्तन हैं।
(d) दोनों प्रक्रियाएँ A व B भौतिक परिवर्तन हैं।

**17. लाइकोपीन वर्णक निम्नलिखित में से किस फल/सब्ज़ी में पाया जाता है ? (Junior Accountant and TRA - 2013)**
(a) मक्का (b) ब्लैकबैरी
(c) टमाटर (d) पालक

**18. कच्चे रेशम के उत्पादन हेतु रेशम कीटों का पालन किस नाम से जाना जाता है।(Junior Accountant and TRA - 2013)**
(a) एपिकल्चर (b) सेरिकल्चर
(c) एग्रीकल्चर (d) फ्लोरीकल्चर

**19. निम्नलिखित में से कौन सा कथन आनुवांशिक रूप से रूपान्तरित फसलों के लिए सत्य नहीं है ? (Clerk GR II 2013(Paper I)**
(a) आनुवांशिक रूपान्तरण फसलों को अजैविक तनावों के प्रति अधिक सहनशील बनाते हैं
(b) आनुवांशिक रूपान्तरण रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता को कम करते हैं
(c) आनुवांशिक रूपान्तरण खनिज उपयोग की क्षमता को कम करते हैं
(d) आनुवांशिक रूपान्तरण फसल कटने के बाद होने वाली हानियों को कम करते हैं

**20. निम्नलिखित में से कौन सा कथन कम्पोस्ट के संदर्भ में सही नहीं है? (RAS Pre 2018)**
(a) इसमें जैव-निम्नीकरणीय कचरे का अपघटन गड्ढे में होता है।
(b) इसमें कार्बनिक पदार्थ तथा पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं।
(c) गड्ढे अपशिष्ट पदार्थों की निम्नीकरण प्रक्रिया को केंचुए धीमा कर देते हैं।
(d) निम्नीकृत होने वाले पदार्थों में कृषि अपशिष्ट पदार्थ जैसे पशुओं का मल-मूत्र (गोबर), सब्जियों के अपशिष्ट आदि होते हैं।

**21. 'अदीप्त किण्वन' एक विधि है – (Asst. Engineer– 2018)**
(a) आसवनी अपशिष्ट जल से ईंधन के रूप में हाइड्रोजन उत्पादन करने की
(b) नाभिकीय अपशिष्ट निपटाने की
(c) कार्बनिक अपशिष्ट से लैक्टोज के उत्पादन करने की
(d) वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड कम करने की

**22. फ्लेवर सेव एक आनुवांशिक रूप से संशोधित (Protection Officer – 2018)**
(a) टमाटर है (b) सेब है
(c) कपास है (d) चावल (धान) है

**23. रक्त हिम घटना होती है (Deputy Commandant – 2020)**
(a) बर्फ में मृत जीवों के रक्त के कारण
(b) अम्लीय वर्षा के कारण
(c) एक शैवाल के कारण
(d) मृदा में लौह तत्व के कारण


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

**24. Bt टॉक्सिन एक जीवाणु से प्राप्त किया जाता है, वह जाना जाता है (Deputy Commandant – 2020)**
(a) बैसिलस सबटिलिस के नाम से
(b) बैसिलस नोडिस के नाम से
(c) बैसिलस थुरिंजिएन्सिस के नाम से
(d) बैसिलस थर्मोलिस के नाम से

**25. निम्न में से भारत के पशुधन एवं पोल्ट्री के नये पहचाने गये जर्मप्लाज्म के पंजीकरण की नोडल एजेंसी कौन-सी है (Deputy Commandant – 2020)**
(a) सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टिट्यूट, लखनऊ
(b) नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसोर्सेस, करनाल
(c) नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टिट्यूट, करनाल
(d) सेंट्रल एरिड जोन रिसर्च इंस्टिट्यूट, जोधपुर

**26. 'गोल्डन राइस' है – (Deputy Commandant – 2020)**
(a) विटामिन A से समृद्ध चावल
(b) कीटनाशक प्रतिरोधक चावल
(c) इन्सुलिन समृद्ध चावल
(d) एंटीबायोटिक समृद्ध चावल

**27. परीक्षार्थ संकरण एक व्यक्ति का संकरण (क्रॉस) है(H.M. 2021)**
(a) सम्बंधित लक्षणों के लिए विषमयुग्मी व्यक्ति के साथ
(b) दोनों जनकों (समयुग्मी अप्रभावी और समयुग्मी प्रभावी) के साथ
(c) एक समयुग्मी अप्रभावी जनक के साथ
(d) समान जीन प्रकार वाले व्यक्ति के साथ

**28. निम्नलिखित में से कौन "भारत के ग्रीन गोल्ड" के रूप में जाना जाता है? (HEAD MASTER 2021)**
(a) नीम (b) गेहूँ (c) शैवाल संवर्धन (d) बाँस

**29. मानव उपभोग के लिए स्वीकृत पहली व्यावसायिक रूप से उगाई गई आनुवांशिक अभियांत्रित खाद्य फसल कौन सी थी? (Protection Officer - 2022)**
(a) सोयाबीन (b) टमाटर (c) चावल (d) बैंगन

**30. राजीव गांधी जैव-प्रौद्योगिकी केन्द्र कहाँ स्थित है ?(RAS 2023)**
(a) तिरूवनंतपुरम (b) फरीदाबाद
(c) जोधपुर (d) नई दिल्ली

**31. चौथी पीढ़ी का जैव-ईंधन आनुवंशिक रूप से संशोधित होता है : (RAS Pre 2024)**
(a) आर्किबैक्टीरिया से
(b) स्टार्च देने वाली फसलों से
(c) लिग्नो-सेलुलोज देने वाली फसलों से
(d) शैवाल से

**32. बाह्य-स्थाने जैव-विविधता संरक्षण में सम्मिलित है : (Lecturer and Coach (School Edu.) 2024)**
(A) ऊतक संवर्धन प्रवर्धन
(B) संकटग्रस्त प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास में संरक्षित रखा जाता है
(C) इन-विट्रो निषेचन
(D) युग्मकों का निम्न ताप परिरक्षण
**उपरोक्त कथनों को देखते हुए निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है ?**
(a) केवल (A), (B) (b) केवल (B), (C), (D)
(c) केवल (A), (B), (D) (d) केवल (A), (C), (D)

**33. विश्व के पहले___ क्लोन का नाम 'इन्जाज (Injaz)' है : (Deputy Jailor - 2024 (Paper-II))**
(a) ऊँट (b) सूअर (c) भेड़ (d) बकरी

**34. जेनेटिक इंजीनियरिंग में प्रयुक्त किए जाने वाले प्रतिबंधन एंडोन्यूक्लिएस का मिलान बैक्टीरियल स्रोत से कीजिए : (Deputy Jailor - 2024 (Paper-II))**

| प्रतिबंधन एंडोन्यूक्लिएस | बैक्टीरियल स्रोत |
|---|---|
| I. EcoRI | A. बैसिलस एमाइलोलिक्विफेशिएन्स |
| II. HaeIII | B. एशरिकिया कोली |
| III. HpaI | C. हेमोफिलस एजिप्टियस |
| IV. BamHI | D. हेमोफिलस पैराइन्फ्लुएंजा |

(a) A C D B (b) B C D A
(c) C B A D (d) D A B C

**35. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा बायो-गैस (जैव-गैस)के लिए सही नहीं है ? (Deputy Jailor - 2024 (Paper-II))**
(a) यह एक उत्कृष्ट ईंधन है क्योंकि इसमें 75% तक मीथेन गैस होती है।
(b) यह जलने पर धुआँ उत्पन्न करती है और राख जैसा अपशिष्ट शेष बचता है।
(c) इसकी तापन क्षमता उच्च होती है।
(d) जैव-गैस का उपयोग प्रकाश के स्रोत के रूप में भी किया जाता है।

**36. आनुवंशिकतः अभियंत्रित इंसुलिन में निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाता है ? (Deputy Jailor - 2024)**
(a) r-RNA (b) t-RNA
(c) r-DNA (d) m-RNA

**37. आनुवंशिक इंजीनियरिंग में उच्च पौधों के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग वेक्टर के रूप में नहीं किया जाता है ? (Asst. Engineer (Pre) - 2024)**
(a) टीआई-प्लास्मिड (b) कॉलिमो वायरस
(c) जेमिनी वायरस (d) सिमियन वायरस 40

**38. निम्नलिखित में से कौन से कथन जन्तुओं में अन्त:प्रजनन के सम्बन्ध में सही हैं ?**
A. यह किसी जन्तु में एक शुद्ध वंशक्रम का विकास करता है।


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

B. यह समय के साथ प्रजनन क्षमता एवं उत्पादकता को बढ़ाता है, विशेष रूप से क्लोज अन्तःप्रजनन में।
C. यह श्रेष्ठ किस्म के जीनों के संचयन में सहायक है।
D. यह हानिप्रद अप्रभावी जीन, जो चयन द्वारा निष्कासित किए जाते हैं, को उद्भाषित करता है।

**सही विकल्प है :**
(a) केवल A, B और C (b) केवल B, C और D
(c) केवल A, C और D (d) केवल A और B

**39. बीटी कॉटन जैसी कीट प्रतिरोधी जीएम फसलों में इस्तेमाल किया जाने वाला आरएनए इन्टरफेरेन्स (आरएनएआई) काम करता है –** **[Protection Officer 2024]**
(a) उत्परिवर्तन को सक्रिय कर
(b) जीन अभिव्यक्ति को बढ़ाकर
(c) विशिष्ट mRNA को शमित कर
(d) कीट उपापचय को निष्क्रिय कर

**40. डी.एन.ए. फिंगरप्रिंटिंग के दौरान निम्नलिखित में से किस तकनीक का उपयोग नहीं किया जाता है?** **[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(a) सदर्न ब्लॉटिंग (b) वेस्टर्न ब्लॉटिंग
(c) पीसीआर (d) जैल इलेक्ट्रोफोरेसिस

**41. आनुवंशिक रूप से रूपांतरित फसलों के संदर्भ में गलत कथन का चयन करें -** **[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(a) स्ट्रेप्टोमाइसीस से प्राप्त बार / पैट जीन, आनुवंशिक रूप से रूपांतरित फसलों में ग्लूफोसिनेट प्रतिरोधकता प्रदान करते हैं।
(b) फ्लेवर सेवर टमाटर आरएनएआई-आधारित आनुवंशिक रूप से रूपांतरित फसल नहीं है।
(c) बीटी फसलों में पादप-विशिष्ट प्रमोटर (जैसे, सीएएमवी 35एस) को संघटक अभिव्यक्ति के लिए जोड़ा जाता है।
(d) गोल्डन राइस में चावल के भ्रूण में β-कैरोटीन जैवसंश्लेषण पथ के पुनर्निर्माण के लिए तीन जीन समावेशित किए गए थे।

**42. भारत सरकार की बायो-केयर पहल क्या है, जो पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल महिला वैज्ञानिकों के लिए है?** **[Asst. Dir. (S&T Dept.) 2024]**
(a) जैव रासायनिक करियर उन्नयन एवं पुनःस्थापन कार्यक्रम
(b) जैव प्रौद्योगिकी करियर उन्नयन एवं पुनःउन्मुखीकरण कार्यक्रम
(c) जैव रासायनिक करियर उन्नयन एवं पुनःउन्मुखीकरण कार्यक्रम
(d) जीवविज्ञान करियर उन्नयन एवं पुनःस्थापन कार्यक्रम

**43. अगस्त 2025 में, भारत के अपने तरह के पहले अत्याधुनिक पशु स्टेम सेल बायोबैंक और पशु स्टेम सेल प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया -** **[Asst. Statistical Officer 2024]**
(a) गुजरात जैव-प्रौद्योगिकी अनुसंधान केन्द्र, गांधीनगर में
(b) राष्ट्रीय पशु पोषण एवं शरीर क्रिया विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में
(c) राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद में
(d) राष्ट्रीय पशु कल्याण संस्थान, बल्लभगढ़ में

**44. निम्न में से किस एन्जाइम को आणविक कैंची कहा जाता है?** **(Deputy Commandant – 2020)**
(a) लाइगेज (b) ट्रांसपेप्टिडेज
(c) एमाइलेज (d) रेस्ट्रिक्शन एण्डोन्यूक्लिएज

**45. उत्तरोत्तर पोषक स्तरों में आविषाक्त की सान्द्रता में वृद्धि कहलाती है** **(ACF And Forest Range Officer– 2018)**
(a) जैव-संचयन (b) जैव-आवर्धन
(c) जैव-उत्पादकता (d) जैव-संश्लेषण

**46. अधिकांश Bt आविष कीट-समूह-विशिष्ट होते हैं। इस आविष को कोडित करने वाले जीन का नाम है** **(ACF And Forest Range Officer Gr-I– 2018)**
(a) cry (b) dry (c) fry (d) gry

**47. बायोटेक्नोलॉजी की निम्नलिखित घटनाओं को उनके घटित होने के क्रम में व्यवस्थित करें:** **[Deputy Commandant 2025]**
(A) पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन (B) गोल्डन राइस (C) डॉली भेड़
(a) (B) ⟶ (A) ⟶ (C) (b) (A) ⟶ (C) ⟶ (B)
(c) (B) ⟶ (C) ⟶ (A) (d) (A) ⟶ (B) ⟶ (C)

**48. बीटी कपास (MON531) में जेनेटिक इंजीनियरिंग (जीन अभियांत्रिकी) के माध्यम से प्रविष्ट किये गए निम्नलिखित जीनों में से किसे चयनात्मक सूचक (मार्कर) के रूप में उपयोग किया जाता है?** **[Deputy Commandant 2025]**
(a) Cry2Ab2 (b) Cry1Ac (c) NPT II (d) CheY

**Answer Key**

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | b | 2 | c | 3 | * | 4 | d | 5 | * | 6 | c | 7 | c | 8 | b | 9 | c | 10 | b |
| 11 | a | 12 | a | 13 | b | 14 | d | 15 | d | 16 | c | 17 | c | 18 | b | 19 | c | 20 | c |
| 21 | a | 22 | a | 23 | c | 24 | c | 25 | b | 26 | a | 27 | c | 28 | d | 29 | b | 30 | a |
| 31 | d | 32 | d | 33 | a | 34 | b | 35 | b | 36 | c | 37 | d | 38 | c | 39 | c | 40 | b |
| 41 | d | 42 | b | 43 | c | 44 | d | 45 | b | 46 | a | 47 | b | 48 | c | | | | |


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

# NOTES

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

# 6 राजस्थान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विकास

**1983 ईस्वी – विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) – जयपुर**

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का संगठनात्मक ढांचा**




### विज्ञान संग्रहालय

- **विज्ञान केंद्र** – बीकानेर
- **विज्ञान पार्क** – झालावाड़
- **विज्ञान केंद्र** – कोटा
  - विज्ञान केंद्र कोटा सात जिलों को सेवाएँ प्रदान करता है: कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, टोंक, करौली, और सवाई माधोपुर।
- **विज्ञान पार्क** – नवलगढ़
- **विज्ञान केंद्र – उदयपुर**
  - उदयपुर दक्षिण राजस्थान को सेवाएँ प्रदान करता है, जिसमें उदयपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ शामिल हैं।
- **क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र** – जयपुर
- **उप-क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र** – जोधपुर

CERAMIC ACADEMY

- 1987 ईस्वी – कम्प्यूटर्स विभाग
  - **वर्ष 2000 में इसका नाम बदलकर 'सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT&C)' कर दिया गया।**
- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संसाधन केंद्र (STRCs):** ये ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार, आवश्यकता-आधारित प्रौद्योगिकियों का संवर्धन, और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए बनाए गए आधारभूत केंद्र हैं (राजस्थान में कुल 8 STRCs हैं)।

| क्रमांक | STRC का नाम | परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी |
|---|---|---|
| 1 | नीमराना, अलवर | किसान प्रशिक्षण केंद्र, पीएनबी, नीमराना, अलवर |
| 2 | कन्वरपुरा, कोटा | राजस्थान पर्यावरण एवं विकास एजेंसी, कोटा |
| 3 | बहादुरवास, झुंझुनू | समग्र विकास संस्थान, झुंझुनू |
| 4 | बांबोर, जोधपुर | थार वॉलंटरी सोसाइटी, जोधपुर |
| 5 | चांदेसरा, उदयपुर | विज्ञान समिति, उदयपुर |
| 6 | कुम्हेर, भरतपुर | LUPIN (लुपिन) ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन, भरतपुर |
| 7 | ददनपुरा, जयपुर | कुमारप्पा ग्राम स्वराज संस्थान, जयपुर |
| 8 | कनपुरा, पी.एस. श्रीनगर, जिला अलवर | सोशल वर्क्स एंड एन्वायर्नमेंट फॉर रूरल डेवलपमेंट, कनपुरा, अजमेर |



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

- भारत सरकार ने 2010-2020 को 'नवाचार का दशक' घोषित किया।
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है, सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- विज्ञान संचार एवं लोकप्रियकरण प्रभाग – निम्नलिखित विकसित किए गए हैं
  - **अंतरिक्ष और विज्ञान क्लब**
  - **बाल विज्ञान कांग्रेस (Children's Science Congress)**
  - **विज्ञान पार्क**
  - **स्कूल विज्ञान केंद्र**

## सांस्थानिक विकास

- **पेटेंट सूचना केंद्र (PIC)**
  - **स्थापना:** 1998
  - **संयुक्त पहल:** प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (TIFAC), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार और राजस्थान सरकार
  - **उद्देश्य:** नवप्रवर्तकों, शोधकर्ताओं, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और उद्यमियों के लिए पेटेंट खोज और आवेदन की सुविधाएँ सीधे उनके द्वार पर उपलब्ध कराना।
  - केंद्र IPR (बौद्धिक संपदा अधिकार) मामलों पर जागरूकता फैलाने के लिए कार्यशालाएँ और सेमिनार आयोजित कर रहा है।
  - **पेटेंट सूचना केंद्र (PIC) द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएँ:**
    - पेटेंट खोज
    - पेटेंट आवेदन सहायता
    - कॉपीराइट और डिजाइन आवेदन सहायता
    - GI (भौगोलिक संकेतक) आवेदन
    - जागरूकता कार्यशालाएँ
    - विशेष सत्र / व्याख्यान
    - पेटेंट सूचना का विश्लेषण
    - IPR प्रशिक्षण
  - राजस्थान के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिए बौद्धिक संपदा सुविधा केंद्र भी PIC, RajCoST/DST, राजस्थान सरकार में स्थापित किया गया है।

### जयपुर

- **राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (R-CAT)**
  - यह सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1958 के तहत पंजीकृत है।
  - यह राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT&C) के मार्गदर्शन में कार्य करता है।
  - R-CAT को जयपुर में अगस्त 2022 में लॉन्च किया गया।
  - बजट 2023–24 की घोषणाओं के अनुसार, R-CAT को अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, कोटा और उदयपुर में पांच नए केंद्रों में विस्तारित किया जाएगा।
- **राजस्थान एप्लीकेशन डेवलपमेंट केंद्र (Raj. CAD) – जयपुर**
  - JAVA, RDBMS, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट, PHP, आदि तकनीकों में प्रशिक्षण और विकास।
- **राजस्थान राज्य डेटा सेंटर (RSDC) – 4 केंद्र**
  - जयपुर में स्थित
  - 27 जून 2011 से संचालन में
  - RSDC P-4 सुविधा 600 रैक क्षमता के साथ जयपुर में स्थित है। यह भारत का सबसे बड़ा टियर-4 सरकारी डेटा सेंटर है।
  - भामाशाह राज्य डेटा सेंटर – जयपुर



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

◈ **राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RKCL)**

- कंपनी की स्थापना 25 अप्रैल 2008 को हुई और इसे कंपनीज़ अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत किया गया।
- यह कंपनी निम्नलिखित साझेदारी में शुरू की गई थी – राजस्थान सरकार, महाराष्ट्र नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पुणे), राजस्थान विश्वविद्यालय (जयपुर), महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (उदयपुर), वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी (कोटा), राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड और ई-गवर्नेंस सेंटर।
- उद्देश्य: राजस्थान में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना।

◈ **राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड (RISL):-**

- पहले इसे राजकॉम्प के नाम से जाना जाता था। इसे 27 अक्टूबर 2010 को कंपनीज़ अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत किया गया।
- RISL को राज्य की नोडल एजेंसी बनाया गया है, यानी यह राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NeGP) के तहत प्रमुख परियोजनाओं को लागू करने वाली मुख्य एजेंसी है।

◈ **सुरक्षा संचालन केंद्र (Security Operation Centre) – झालाना, जयपुर**

◈ अमृत ग्लोबल टेक्नोलॉजी & एप्लीकेशन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस – जयपुर

◈ ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस – जयपुर (IIT कानपुर के साथ MoU)

◈ स्टेट रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन उप-केंद्र – जयपुर

### जोधपुर

◈ **राज्य रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर – जोधपुर**

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST), राजस्थान के अंतर्गत कार्यरत

◈ **राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट – जोधपुर**

- इसका उद्देश्य वित्तीय सेवाओं में प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से मानव संसाधन की आकांक्षाओं को पूरा करना है।
- **राजस्थान उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्र (R-CAT)**: इसका पहला शाखा केंद्र **जोधपुर** में खोला गया और यह 13 नवंबर 2022 से संचालन में है।
- **RSDC का डिजास्टर रिकवरी साइट** – जोधपुर; 27 जुलाई 2018 से संचालन में।
- साइबर सुरक्षा केंद्र – **जोधपुर**
- पश्चिमी राजस्थान का पहला 'रिमोट पायलट ट्रेनिंग सेंटर फॉर ड्रोन' – **जोधपुर**
- जनरेटिव AI केंद्र
  - IIT जोधपुर में
  - India AI और Meta के सहयोग से
- राज्य रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर – **जोधपुर**
- राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी – **बीकानेर**
- आईटी पार्क – **अजमेर**

## चिकित्सा क्षेत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- एपीजे अब्दुल कलाम बायोटेक्नोलॉजी संस्थान, छितरोली (जयपुर)
- स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फुट टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (SIFTEM) का टिश्यू कल्चर उत्कृष्टता केंद्र
- **विभिन्न अनुसंधान केंद्र**
  - सिकल सेल रोग के लिए उत्कृष्टता केंद्र – **उदयपुर**
  - न्यूरो साइंस सेंटर – **कोटा**
  - एडवांस्ड सेंटर फॉर मेडिकल जेनेटिक्स (ACMG) – **जयपुर**

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## राजस्थान बायोटेक्नोलॉजी नीति 2015

- **नोडल एजेंसी:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST), राजस्थान सरकार
- **उद्देश्य:** राजस्थान में बायोटेक्नोलॉजी अनुसंधान, विकास और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देना
- **नियामक तंत्र:**
  - **राजस्थान बायोटेक्नोलॉजी काउंसिल (RBC):** मुख्यमंत्री के अंतर्गत शीर्ष सलाहकार निकाय
  - **राजस्थान राज्य बायोटेक्नोलॉजी मिशन (RSBTM):** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में
  - **बायोटेक्नोलॉजी विकास, नियामक और परीक्षण प्राधिकरण (RBRA):** स्वतंत्र सिंगल-विंडो प्राधिकरण
  - **वेब-आधारित नियंत्रण:** ऑनलाइन नियामक प्रणाली
  - **बायो ई-कॉमर्स एजेंसी**
- **प्रावधान:**
  - **SBIRI सह-वित्तपोषण:** भारत सरकार की स्मॉल बिजनेस इनोवेशन रिसर्च इनिशिएटिव (SBIRI) के तहत उद्योग सह-वित्तपोषण – ₹1 करोड़ से कम परियोजनाओं के लिए ₹25 लाख और ₹1 करोड़ से अधिक परियोजनाओं के लिए ₹50 लाख तक।
  - **सहयोगात्मक अनुसंधान अनुदान:** SBIRI के तहत सार्वजनिक महत्व की बायोटेक परियोजनाओं के लिए राज्य वित्तीय सहायता – ₹25 लाख तक (परियोजना < ₹1 करोड़) और ₹50 लाख तक (परियोजना > ₹1 करोड़)।
  - **IPR समर्थन:** पेटेंट और IPR पंजीकरण लागत का 50% तक प्रतिपूर्ति, अधिकतम ₹3 लाख तक, बिना किसी राजस्व साझेदारी के; प्रति संस्थान/व्यक्ति केवल एक उत्पाद/प्रक्रिया तक सीमित।

## प्रशासन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- **GWMS-**
  - GIS आधारित वर्क-फ्लो प्रबंधन प्रणाली
  - PWD (लोक निर्माण विभाग) के कार्यों की निगरानी के लिए
- **GARDS-**
  - ग्रामीण लेखा-रसीद-प्रेषण प्रणाली (Gramin Accounting Receipt Dispatch System)
  - खाद्यान्न भंडार की रियल-टाइम निगरानी और PDS दुकानों में बायोमेट्रिक सत्यापन
- **ई-कम्युनिकेशन -** SMS के माध्यम से सूचना प्रेषण
- **राज ई-वॉलेट**
- **राज ई-साइन (SSO लॉग-इन)**
  - ई-डॉक्यूमेंट प्रबंधन प्रणाली
- **राजकाज (Rajkaj) – केन्द्रीयकृत आईटी प्लेटफॉर्म**
  - राजकाज 2.0 – किसी भी विभाग में ई-ऑफिस व्यवस्था
- **i-FACT – रियल-टाइम जाँच मॉड्यूल** (विभागीय सेवाओं के लिए IVRS आधारित सर्वेक्षण)
- **SWATAH** – रियल-टाइम स्वचालित सेवा वितरण प्रणाली
- **PARAM** – एकीकृत डेटा विश्लेषण प्रणाली
- **कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ABHAY):** GPS और CCTV आधारित एकीकृत सुरक्षा समाधान प्रदान करता है। ये केंद्र राज्य के 7 संभागीय मुख्यालयों और 26 जिलों में स्थापित किए गए हैं।

- ई–मित्र
- ई–मित्र प्लस
- ई–मित्र होम सर्विस
- राजनेट
- राजनेट 2.0
- राज ई-वॉल्ट
- राज वाई-फाई
- राज मेल
- राजस्थान पोर्टल
- जनाधार एवं भामाशाह कार्ड

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## ❖ विभिन्न पोर्टल एवं ऐप्स

1. **जन सूचना पोर्टल** – सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4(2) के अनुसार विकसित
   - देश में अपनी तरह की प्रथम पहल
   - योजनाओं से संबंधित जानकारी को सुलभ और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना
   - विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी
2. **राजस्थान संपर्क पोर्टल** – केन्द्रीयकृत शिकायत निवारण मंच
   - राज्य का कोई भी नागरिक टोल-फ्री नंबर 181 के माध्यम से संबंधित विभागों में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है
   - इसमें एकीकृत वेब पोर्टल और राज्य-स्तरीय कॉल सेंटर शामिल है, जो सरकारी सेवाओं से जुड़ी नागरिकों की शिकायतों व प्रश्नों के समाधान में सहायता करता है
3. **i-स्टार्ट पोर्टल -**
   - स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सिंगल-विंडो प्लेटफॉर्म
   - **पहलें:** इनोवेशन चैलेंज एवं अवार्ड, Q-Rate रैंकिंग सिस्टम, iStart Nest इनक्यूबेटर, स्कूल / ग्रामीण स्टार्टअप कार्यक्रम
   - कार्यालय 9 जिलों में स्थापित (जयपुर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर, चूरू, पाली, अजमेर, जोधपुर और उदयपुर)
4. **सेवा ऐप (Seva App)** – लोक निर्माण विभाग द्वारा (सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु)
5. **नज़र सिटीजन ऐप, जयपुर पुलिस द्वारा** – किरायेदारों और घरेलू कामगारों की जानकारी के लिए
6. **सजग ऐप** –
   - राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा
   - आवास निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी के लिए
7. **किसान साथी ऐप**

### किसानों के लिए प्रमुख तकनीकी समाधान

**राज-एआईएमएस**
'राजस्थान एग्रीकल्चर इन्फोरमेशन एण्ड मैनेजमेन्ट सिस्टम' (राज-एआईएमएस) प्रोजेक्ट डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत स्वीकृत।

**राजकिसानसाथी पोर्टल**
'इज ऑफ डूईंग फार्मिंग' दृष्टिकोण को अपनाते हुए किसानों के लिए एक सिंगल विंडो एकीकृत पोर्टल के रूप में लॉन्च। अवार्ड : 'सिल्वर अवार्ड'

**किसान सहायता**
किसानों को 1.17 करोड़ से अधिक बीज मिनी-किट वितरण और कृषि-उत्पाद डीलरों और निर्माताओं को 1.54 लाख से अधिक लाइसेंसऔर पंजीयन प्रमाणपत्र जारी किए जा चुके हैं।



**नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म (एनएफडीपी)**
मत्स्य पालन क्षेत्र में विस्तार के लिए डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से पारदर्शिता, दक्षता और विकास को बढ़ावा देना।

**राज सहकार पोर्टल**
सहकारिता विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के लिए एक एकीकृत मंच।



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

◈ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**
- ✦ राजस्थान आईटी गेम्स 2024 का शुभारंभ किया गया।
- ✦ दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (Rare Earth Elements) के लिए उत्कृष्टता केंद्र - उदयपुर (अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने हेतु)

◈ **यंग साइंटिस्ट अवार्ड:**
- ✦ राजस्थान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्यरत उत्कृष्ट शिक्षकों और वैज्ञानिकों के लिए।
- ✦ **आयु सीमा:** अधिकतम 40 वर्ष
- ✦ **पुरस्कार:** प्रथम – ₹1.00 लाख, द्वितीय – ₹0.75 लाख, तृतीय – ₹0.50 लाख; पाँच प्रोत्साहन पुरस्कार – प्रत्येक ₹0.10 लाख (इनमें से 2 महिलाओं के लिए आरक्षित)

## राजस्थान राज्य बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) नीति 2021–2026

◈ **नोडल एजेंसी:** RAJCOST (राजस्थान काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी)

◈ **उद्देश्य:** राजस्थान के SMEs, MSMEs, विश्वविद्यालयों, संस्थानों और व्यक्तियों को भारतीय पेटेंट कार्यालय में पेटेंट आवेदन दाखिल करने और उसका अभियोजन (prosecution) करने हेतु वित्तीय सहायता और परामर्श सहयोग प्रदान करना।

**KARYA (Knowledge Augmentation through Research in Young Aspirants)**
- ✦ राजस्थान सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रारंभ की गई योजना
- ✦ राज्य सरकार के संस्थानों के छात्र आवेदकों को ग्रीष्मावकाश के दौरान 8 सप्ताह के लिए राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (जैसे –DAE, DBT, IITs, CSIR, DST, ICAR, ICMR तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थान) में लघु अवधि की शोध परियोजनाओं पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

## PYQ

**1. राजस्थान के किन शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI) स्थापित किए गए हैं (6 अगस्त 2025 तक)? [Asst. Statistical Officer 2024]**
(a) अलवर और जयपुर (b) जयपुर और जोधपुर
(c) जयपुर और कोटा (d) जयपुर और अजमेर

**2. राजस्थान के "साइंस पार्क्स" के उद्देश्यों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें - [Protection Officer 2024]**
**कथन (A):** विज्ञान और प्रौद्योगिकी जागरूकता के विकास में सहायता करना
**कथन (B):** आगंतुकों के लिए विज्ञान सीखना आनंददायक बनाना
**इनमें से कौनसा/से कथन सही है/हैं?**
(a) न तो (A) ना ही (B) (b) केवल (A)
(c) दोनों (A) और (B) (d) केवल (B)

**3. विज्ञान एवं तकनीकी विभाग, राजस्थान के अंतर्गत विज्ञान उद्यान एवं क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, जयपुर में निर्मित किया गया है, इस परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी है : [Deputy Jailor 2024]**
(a) नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम, कोलकाता
(b) साइंस सिटी, कोलकाता
(c) नेहरू विज्ञान केन्द्र, मुंबई
(d) विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय (वीआईटीएम), बैंगलोर

**4. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (CEERI) स्थित है [Deputy Jailor 2024]**
(a) टोंक में (b) पिलानी में
(c) जोधपुर में (d) बीकानेर में

**5. राजस्थान सरकार द्वारा बनाया गया इंटीग्रेटेड डाटा एनालिटिक्स सिस्टम है - [Research Asst. (Evaluation Dept.) 2024]**
(a) जनसूचना पोर्टल (b) स्वतः
(c) परम (d) आर-कैट

**6. राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (R-CAT) का संचालन राजस्थान सरकार के किस विभाग के अंतर्गत किया जाता है? [Asst. Director (S&T Dept.)]**
(a) उच्च शिक्षा विभाग
(b) सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग
(c) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
(d) तकनीकी शिक्षा विभाग

**Answer Key**

| 1 | b | 2 | c | 3 | a | 4 | b | 5 | c | 6 | b |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

# राजस्थान में कृषि-विज्ञान, उद्यान-विज्ञान, वानिकी एवं पशुपालन

## Horticulture

'Horticulture' दो शब्दों से मिलकर बना है

- Hortus → Garden
- Cultura → Cultivation

बागवानी कृषि

'Horticulture' → इसमें शामिल हैं -
- फल (pomology)
- फूल (Floriculture)
- सब्जी (olericulture)
- मेडिसिनल प्लांट
- ओर्नामेंटल प्लांट
- सौन्दर्य & सुगंधित पौधे

**Horticulture की शाखाएँ**
- olericulture
- Pomology
- Floriculture
- Post Harvest Technology → फसलों की भण्डारण अवधि बढ़ाने हेतु पैकेजिंग & प्रसंस्करण शामिल हैं।

### वर्तमान स्थिति

**भारत में**

वर्ष 2016-17 के अनुसार 24 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में (कुल कृषि क्षेत्र का 7%)

उत्पादन → 295 मिलियन टन
- सब्जी – 175 मिलियन टन
- फल – 92 मिलियन टन

**राजस्थान में**
- प्रमुख उत्पादक → अनार, प्याज, चमेली, रजनीगंधा
- देश के 10% मसाले
- देश के 15% औषधीय पादप

} राजस्थान में (वर्ष 2015-16 GoI estimate)

| फल | सब्जी | फूल | मसालें | औषधीय पादप |
|---|---|---|---|---|
| 6.82 Lakh MT | 19.87 LMT | 0.06 LMT | 10.56 LMT | 1.87 LMT |

### बागवानी उत्पाद एवं राज्य →

**मसालें**
- कुल मसाला उत्पादन → झालावाड़ > कोटा > बारां
- सौंफ → नागौर > जोधपुर
- मिर्च → सवाई माधोपुर
- हल्दी → बून्दी > उदयपुर
- धनिया → झालावाड़ > बारां
- जीरा → जोधपुर > पाली > जालौर
- मसाला पार्क → मथानिया (जोधपुर), रामगंजमंडी (झालावाड़)

**फल**
- अनार → बाड़मेर, जालौर
- पपीता → बाड़मेर, जालौर
- सीताफल → चित्तौड़गढ़
- संतरा → झालावाड़
- बेर → जयपुर
- अंगूर → जयपुर
- मौसमी & किन्नू → श्री गंगानगर

### Horticulture Infrastructure (Research Institute)



- खजूर अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल (बीकानेर)
- Ber Research institute, बीछवाल (बीकानेर)
- ICAR:
  - शुष्क बागवानी अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल (Bikaner)
  - Central Arid zone Research institute, Jodhpur (1959 ई.)
  - बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, तबीजी (Ajmer)
- Rajasthan Agriculture Research institute, दुर्गापुरा (Jaipur) (1949 ई.)
- ईसबगोल अनुसंधान केन्द्र (Jodhpur)



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

## Excellence Centre →




## processing units →




## मण्डी →




## बिमिल पार्क →

- खाद्य पार्क - भरतपुर
- एग्रो फूड पार्क - 4
  - बीकानेर में प्रस्तावित
- मेगा फूड पार्क - 3

## योजनाएँ & नीतियाँ →

1. राष्ट्रीय बागवानी मिशन
   - फल, फूल, मसालों का उत्पादन बढ़ाना
   - राज्य के 24 जिलों में संचालित
2. राष्ट्रीय औषधीय पादप मिशन


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

# CERAMIC ACADEMY
*Shaping the future...*

## OFFLINE & ONLINE

# RAS PRELIMS TEST SERIES

## प्रारंभ : 28 जून 2026, रविवार

**12 SECTIONAL TEST | 04 FULL LENGTH TEST**

- Medium: Hindi & English
- Test Paper Discussion
- Test Paper Solution PDF
- Online: 3 Attempts Allowed

**FEES** OFFLINE : ₹ 2000 /- | ONLINE : ₹ 1000 /-

### Test Series Centres

AJMER | UDAIPUR | SURATGARH | BIKANER
ALWAR | JODHPUR | BHARATPUR | BARMER
SIKAR | KOTA | JAIPUR

**अधिक जानकारी के लिए 97005-77774, 97005-77778**

### NOTE

- RAS Foundation Batch (Online)/ RAS Prelims Batch (Online) Students के लिए Test Series Online Free रहेगी।
- RAS Foundation Batch (Offline) Students के लिए Test Series Offline Free रहेगी।
- RAS Pre Batch (Online) के Students यदि Offline Test देना चाहें, तो ₹2000/- शुल्क होगा।

# 7 PIB Update

## भारत में सैटेलाइट इंटरनेट

### ◈ प्रमुख उपलब्धियाँ

- अप्रैल-जून 2025 तक भारत में 1,002.85 मिलियन इंटरनेट ग्राहक हैं।
- ग्रामीण इंटरनेट प्रसार लगभग प्रति 100 जनसंख्या पर 46 उपभोक्ताओं तक सीमित है, तथा निजी क्षेत्र में 100% तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति है।
- सैटेलाइट इंटरनेट वह इंटरनेट सेवा है जो भू-स्थिर कक्षा (GSO) या गैर-भू-स्थिर कक्षा (NGSO) में स्थापित उपग्रहों के माध्यम से प्रदान की जाती है।

### ◈ उपग्रह संचार में एनएसआईएल की भूमिका

- एनएसआईएल मांग-आधारित मिशनों और परिचालन सेवाओं के माध्यम से भारत की उपग्रह संचार आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उपग्रह संचार में राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, एनएसआईएल ने दो **मांग-आधारित उपग्रह मिशन** शुरू किए—
  - डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवाओं के लिए जीसैट-एन1 [जीसैट-24], जिसने अपनी परिचालन सेवाएँ शुरू कर दी हैं।
  - ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिए जीसैट-एन2 [जीसैट-20] का वर्तमान में कक्षा में परीक्षण और कमीशनिंग कार्य चल रहा है।
  - एनएसआईएल ने सरकार की एस-बैंड संचार आवश्यकताओं के लिए 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने तीसरे मांग-संचालित उपग्रह मिशन, जीसैट-एन3 का भी प्रस्ताव रखा है।
- **उपग्रह बैंड सेवाएँ:** उपग्रह संचार सेवाओं और अन्य अंतरिक्ष सेवाओं का प्रबंधन एनएसआईएल द्वारा अपने आईसैट/जीसैट उपग्रहों के माध्यम से एस, सी, विस्तारित सी, का और कू बैंड में कई अनुप्रयोगों के विस्तार के लिए किया जाता है।





CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

- **बदलाव क्यों?**
  - भारत **भू-स्थिर कक्षा (GEO)** उपग्रहों से हटकर **निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO)** और **मध्यम पृथ्वी कक्षा (MEO)** प्रणालियों की ओर बढ़ रहा है।
  - **इसके मुख्य कारण हैं:**
    - कम विलंबता
    - उच्च बैंडविड्थ
    - अधिक विश्वसनीय कनेक्टिविटी
  - दूरस्थ और इंटरनेट सेवा से वंचित क्षेत्रों में इंटरनेट पहुंच में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना

- **LEO (निम्न पृथ्वी कक्षा) उपग्रह**
  - पृथ्वी की सतह से **400 से 2,000 किलोमीटर** की ऊंचाई पर परिक्रमा करते हैं।
  - ये पृथ्वी के काफी निकट होते हैं।
  - **ये प्रदान करते हैं:**
    - कम विलंबता
    - तेज़ इंटरनेट सेवाएँ
  - **सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं** के लिए अत्यंत उपयुक्त होते हैं।

- **MEO (मध्यम पृथ्वी कक्षा) उपग्रह**
  - पृथ्वी की सतह से 8,000–20,000 किलोमीटर की ऊँचाई पर परिक्रमा करते हैं।
  - LEO उपग्रहों की तुलना में बड़े क्षेत्रों को कवर करते हैं।
  - इनमें होता है**:**
    - LEO की तुलना में थोड़ी अधिक विलंबता
    - बेहतर क्षेत्रीय कवरेज

- **निजी भागीदार:-** स्टारलिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड (एसएससीपीएल) को जून 2025 में भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएँ शुरू करने का लाइसेंस मिला। इससे पहले, जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस लिमिटेड और वनवेब इंडिया कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड को ऐसी सेवाएँ प्रदान करने का लाइसेंस दिया जा चुका है।
- **सरकारी पहलें: समावेशी डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार**

1. **डिजिटल भारत निधि (DBN),** जिसे पूर्व में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) के नाम से जाना जाता था, ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड विस्तार के लिए वित्तपोषण करती है, जिसमें 4G सैचुरेशन परियोजना भी शामिल है।
2. **व्यापक दूरसंचार विकास योजना (CTDP):** अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप में इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए।
3. **राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 (NBM 2.0):** 17 जनवरी 2025 को प्रारंभ किया गया, जिसका लक्ष्य देश भर के शेष **1.7 लाख गांवों** तक ब्रॉडबैंड सेवाएँ पहुंचाना एवं विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को डिजिटल परिवर्तन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के एक नए युग में ले जाना है।
4. **भारतनेट प्रोजेक्ट:** डिजिटल भारत निधि के अंतर्गत वित्तपोषित यह परियोजना प्रत्येक ग्राम पंचायत को किफायती हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखती है। अब तक BSNL और BBNL (भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड) के माध्यम से 2.14 लाख से अधिक भारतनेट परियोजना से ग्राम पंचायतें जोड़ी जा चुकी हैं।
5. **प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी):** देशभर में सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट का नेटवर्क स्थापित करने के लिए बनाई गई यह पहल किफायती और विश्वसनीय इंटरनेट एक्सेस को बढ़ावा देती है। अब तक 3.73 लाख से अधिक वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित किए जा चुके हैं।
6. **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) द्वारा भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) आधारित निर्णय सहायता प्रणाली (DSS) :** यह प्रणाली इंटरनेट कनेक्टिविटी, रियल-टाइम डेटा, रडार और सैटेलाइट इमेजरी का उपयोग कर चरम मौसम की घटनाओं के लिए समयपूर्व चेतावनी प्रदान करती है तथा आपदा जोखिम प्रबंधन में सहायता करती है।
7. **हैदराबाद स्थित अनंत टेक को भारत की पहली निजी अंतरिक्ष-**आधारित इंटरनेट सेवाएँ शुरू करने की अनुमति प्रदान की गई है।


CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

- भारत के प्रमुख ब्रॉडबैंड-आधारित उपग्रह
  भारत के पास 19 परिचालन संचार उपग्रहों का बेड़ा है।




CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...

# 6G के साथ विकसित भारत का निर्माण

## 6G क्या है?

6G, या छठी पीढ़ी की वायरलेस प्रौद्योगिकी, 5G से अगली होगी और इंटरनेट कनेक्शन को काफ़ी तेज़ और सुचारू बनाएगी। 6G का लक्ष्य केवल एक *माइक्रोसेकंड* में सूचना भेजना और प्राप्त करना है, जो 5G के प्रतिक्रिया समय से 1,000 गुना तेज़ है। इसका मतलब है लगभग शून्य अंतराल (लैग) के साथ तत्काल कनेक्शन, जो दूरस्थ चिकित्सा सर्जरी, स्मार्ट रोबोटिक्स और रीयल-टाइम गेमिंग जैसी चीज़ों के लिए उपयोगी होगा।

## भारत का 6G विजन

- 22 मार्च, 2023 को "भारत 6G विजन" दस्तावेज़ जारी किया गया, जिसमें भारत को साल 2030 तक 6G प्रौद्योगिकी के डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन में अग्रणी योगदानकर्ता के रूप में देखा गया।
- 6G विज़न किफ़ायत, स्थायित्व और सर्वव्यापकता के सिद्धांतों पर आधारित है।

## प्रमुख विशेषताएँ

- देश में अनुसंधान एवं विकास (R&D) और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दो टेस्टबेड— 6G THz टेस्टबेड तथा उन्नत ऑप्टिकल संचार टेस्टबेड को वित्तपोषित करना।
- देश में क्षमता निर्माण और 6G-रेडी शैक्षणिक और स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए वित्त वर्ष 2023-24 में भारत भर के शैक्षणिक संस्थानों में 100 5G प्रयोगशालाओं को मंजूरी।
- 6G प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक रोडमैप के अनुरूप अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 6G नेटवर्क पारिस्थितिकी तंत्र पर 104 अनुसंधान प्रस्तावों को मंजूरी।
- **भारत 6G अलायंस (B6GA)**
  - भारत 6G अलायंस (B6GA) भारतीय उद्योग, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, शिक्षा जगत, राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों और मानक संगठनों की एक पहल है।
  - भारत 6G अलायंस ने 6G के विभिन्न डोमेन, जैसे स्पेक्ट्रम, प्रौद्योगिकी, अनुप्रयोग, हरित तथा स्थायित्व और उपयोग के मामलों पर सात कार्य समूहों का गठन किया है।
  - भारत 6G एलायंस ने नेक्स्टजी एलायंस (USA), 6G IA (यूरोप), ओउलू विश्वविद्यालय (फ़िनलैंड) सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शोध गठबंधनों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## भारत का 6G मिशन





CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

भारत के 6G रोडमैप में वर्ष 2035 तक राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में इस क्षेत्र द्वारा लगभग 1.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। देश का लक्ष्य **वैश्विक 6जी पेटेंट्स में 10% हिस्सेदारी** प्राप्त करना है, जो दूरसंचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के नवाचार के केंद्र के रूप में उभरने को दर्शाता है। इसके समानांतर, **उपग्रह संचार बाजार** के **वर्ष 2033 तक तीन गुना** बढ़ने का अनुमान है, जिससे भारत का अंतरिक्ष-आधारित कनेक्टिविटी पारिस्थितिकी तंत्र मज़बूत होगा।




- **द्वितीय अंतरराष्ट्रीय भारत 6G संगोष्ठी**
  - यह आयोजन इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2025 के अवसर पर आयोजित किया गया।
  - 9– 10 अक्टूबर, 2025
  - यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली, भारत
- **नई दिल्ली घोषणा**
  - भारत 6G, 6G-IA (यूरोपीय संगठन), ATIS का Next G एलायंस (उत्तरी अमेरिकी संगठन) सहित वैश्विक शोध गठबंधनों ने मिलकर 6G को एक वैश्विक सार्वजनिक संपदा (Global Public Good) के रूप में विकसित करने हेतु संयुक्त घोषणा जारी की।
  - भारत 6G एलायंस ने दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए: एक NASSCOM के साथ और दूसरा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के साथ
  - नई दिल्ली घोषणापत्र में पुष्टि की गई है कि 6G नेटवर्क को इस प्रकार डिजाइन किया जाएगा:
    - विश्वसनीय और सुरक्षित
    - लचीला और भरोसेमंद
    - मुक्त और अंतर-संचालनीय
    - समावेशी और किफायती
    - चिरस्थायी और वैश्विक रूप से कनेक्टेड

CERAMIC ACADEMY
Shaping the future...



CERAMIC ACADEMY One Stop Solution For IAS, RAS, SI [+91 97005-77774 / 97005-77778]
GO TO OUR YOUTUBE CHANNEL

# बीएसएनएल का स्वदेशी 4जी स्टैक स्वदेशी की भावना का प्रतीक है

## 4जी क्या है?

- 4जी चौथी पीढ़ी के वायरलेस का संक्षिप्त नाम है।
- 4जी बेहतर बैंडविड्थ, नेटवर्क दक्षता और कम बाधा के लिए एलटीई, MIMO (मल्टीपल इनपुट मल्टीपल आउटपुट) और OFDM (ऑर्थोगोनल फ्रिक्वेंसी डिवीजन मल्टीप्लेक्सिंग) जैसी प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाता है।
- 4जी स्टैक
- भारत ने अपना पहला पूर्णतः स्वदेशी 4G (5G-रेडी) नेटवर्क लॉन्च किया है, साथ ही लगभग 98,000 स्वदेशी 4G टावरों का कमीशनिंग किया गया है, जो पूरी तरह देश में विकसित तकनीक पर आधारित है। इस नेटवर्क का कोर नेटवर्क C-DOT द्वारा विकसित किया गया है, जबकि रेडियो एक्सेस नेटवर्क (RAN) तेजस नेटवर्क्स का है और एकीकरण (Integration) टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) द्वारा किया गया है।

## 4जी से आगे बढ़ना: 5जी को अपनाना

स्वदेशी 4G तकनीक की सफल तैनाती और 5G के विस्तार से डिजिटल कनेक्टिविटी को तेज़ी मिल रही है तथा भविष्य की प्रगति के लिए भारत के दूरसंचार इकोसिस्टम को मजबूती प्राप्त हो रही है।

- 5G सेवाएं 1 अक्टूबर 2022 को शुरू की गई।
- प्रारंभ होने के आठ महीने के भीतर, 700 जिलों को कवर करते हुए 2,00,000 साइटें स्थापित की गई हैं।
- सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 5G नेटवर्क शुरू हो गया है।
- विश्व में सबसे तेज़ 5G रोलआउट में से एक बनना।
- वर्तमान में देश भर के अधिकांश जिलों में 5G उपलब्ध है।
- 30 जून, 2025 तक, देश भर में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा **4.86 लाख 5G बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस)** स्थापित किए जा चुके हैं।



## राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन

- यह मिशन अप्रैल 2015 में ₹4,500 करोड़ के परिव्यय के साथ शुरू किया गया।
- इस मिशन का संचालन संयुक्त रूप से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा किया जा रहा है तथा इसका क्रियान्वयन सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC), पुणे और भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु द्वारा किया जा रहा है।
- राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) के अंतर्गत, 10 दिसंबर 2025 तक कुल 40 पेटाफ्लॉप्स की संगणन क्षमता वाले 37 सुपरकंप्यूटर तैनात किए जा चुके हैं। केवल पिछले पाँच वर्षों में ही 34 सुपरकंप्यूटर स्थापित किए गए हैं।
- इसके अतिरिक्त, ₹680 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ 6 नए सुपरकंप्यूटिंग सिस्टम की तैनाती का कार्य प्रगति पर है।
- NSM के अंतर्गत स्थापित सुपरकंप्यूटिंग प्रणालियों ने 85% से अधिक की समग्र उपयोग दर हासिल की है, जबकि कई प्रणालियों की उपयोग दर 95% से भी अधिक रही है, जो उनकी उच्च दक्षता और व्यापक उपयोग को दर्शाती है।

### परम रुद्र

- सुपर कंप्यूटरों की "परम रुद्र" श्रृंखला स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग "रुद्र" सर्वर के साथ -साथ स्वदेशी रूप से विकसित सिस्टम सॉफ्टवेयर स्टैक का उपयोग करके बनाई गई है।
- ये सुपर कंप्यूटर युवा शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के लिए भौतिकी, पृथ्वी विज्ञान और ब्रह्मांड विज्ञान में उन्नत अध्ययन की सुविधा के लिए उपलब्ध हैं।
- C-DAC ने कंप्यूटिंग नोड्स के बीच डेटा ट्रांसफर और संचार को बेहतर बनाने के लिए स्वदेशी उच्च-गति संचार नेटवर्क “त्रिनेत्र” विकसित किया है, जिससे भारत की सुपरकंप्यूटिंग क्षमताएँ सुदृढ़ हुई हैं।
  - **त्रिनेत्र** को **तीन चरणों** में लागू किया जा रहा है:
    - ✓ **त्रिनेत्र-POC**: प्रमुख अवधारणाओं के सत्यापन हेतु एक प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट प्रणाली।
    - ✓ **त्रिनेत्र-A (100 गीगाबिट प्रति सेकंड)**: उन्नत कनेक्टिविटी वाला नेटवर्क, जिसे C-DAC पुणे में 1PF PARAM रुद्र सुपरकंप्यूटर पर सफलतापूर्वक तैनात और परीक्षण किया गया है।
    - ✓ **त्रिनेत्र-B (200 गीगाबिट प्रति सेकंड)**: उन्नत क्षमताओं वाला अपग्रेडेड संस्करण, जिसे C-DAC बेंगलुरु में प्रस्तावित 20PF PARAM रुद्र सुपरकंप्यूटर पर तैनात किया जाना है।
- सरकार ने **AIRAWAT परियोजना** की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अनुसंधान और ज्ञान समेकन के लिए एक साझा कंप्यूट प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराना है।
- **2022** में **भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु** ने **PARAM प्रवेगा** स्थापित किया, जो भारत के सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटरों में से एक है। **3.3 पेटाफ्लॉप्स** की संगणन क्षमता वाला यह सुपरकंप्यूटर किसी भी भारतीय शैक्षणिक संस्थान में स्थापित **सबसे बड़ा सुपरकंप्यूटर** है।
- **2019** में, प्रधानमंत्री ने **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), बीएचयू, वाराणसी** में **राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन** के अंतर्गत पहले स्वदेशी रूप से निर्मित सुपरकंप्यूटर **“PARAM शिवाय”** का उद्घाटन किया।
  - इस मिशन के अंतर्गत अवसंरचना को **तीन चरणों—चरण I, चरण II और चरण III**—में विभाजित किया गया है:
    - ✓ **चरण I**: विभिन्न संस्थानों में छह सुपरकंप्यूटरों की स्थापना कर एक बुनियादी सुपरकंप्यूटिंग अवसंरचना विकसित की गई। इसमें अधिकांश घटकों का देश के भीतर असेंबली पर ध्यान दिया गया, ताकि स्वदेशी असेंबली इकोसिस्टम तैयार हो सके।
    - ✓ **चरण II**: चरण I के आधार पर आगे बढ़ते हुए, इस चरण में सुपरकंप्यूटरों के स्वदेशी निर्माण और स्थानीय सॉफ़्टवेयर स्टैक के विकास पर ज़ोर दिया गया। इस चरण में भारत से मूल्य संवर्धन 40% तक पहुँचा।
    - ✓ **चरण III**: यह चरण सुपरकंप्यूटिंग के पूर्ण स्वदेशीकरण पर केंद्रित है, जिसमें प्रमुख घटकों का डिज़ाइन, विकास और निर्माण भारत में किया जाएगा। योजना के तहत विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों में सुपरकंप्यूटरों की स्थापना तथा उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग वाली एक राष्ट्रीय सुविधा की स्थापना शामिल है।

CERAMIC ACADEMY Shaping the future...

# राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क




## ब्लॉकचेन क्या है?

ब्लॉकचेन एक वितरित, पारदर्शी, सुरक्षित और अपरिवर्तनीय डेटाबेस है जो रिकॉर्ड या लेन-देन के बहीखाते की तरह काम करता है, छेड़छाड़-रोधी है और कंप्यूटरों के एक नेटवर्क पर सुलभ है।

- **ब्लॉकचेन के प्रकारों को समझना**
  - **सार्वजनिक ब्लॉकचेन:** इस नेटवर्क में, सभी नोड्स रिकॉर्ड तक पहुंच सकते हैं, लेन-देन सत्यापित कर सकते हैं, कार्य-प्रमाणन कर सकते हैं और नए ब्लॉक जोड़ सकते हैं।
